मूल्य 2 रु.
डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार । 28 मई 2026 । वर्ष-32, अंक-221, पृष्ठ-12
अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
अल्लाह को प्यारी है कुर्बानी
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

### कैबिनेट ने 39 प्रस्तावों को दी मंजूरी, सरकारी कर्मियों और पेंशनर्स का डीए बढ़ा

## सभी जिलों में खुलेगा अबुआ दवाखाना

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 39 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। प्रोजेक्ट भवन में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार झारखंड के सभी 24 जिलों में 'अबुआ दवाखाना' स्थापित करेगी। 'अबुआ दवाखाना' में बहु चिकित्सा प्रणाली के तहत एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा पद्धति से इलाज किया जाएगा। कैबिनेट की बैठक में राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि करने की भी मंजूरी दी गई। इसके अनुसार, सातवां केंद्रीय वेतनमान पाने वाले कर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत को 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। छठे और पांचवें वेतनमान वाले कर्मियों व पेंशनरों के महंगाई भत्ते में भी वृद्धि की गई है।

कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। उन्होंने बताया कि 'अबुआ दवाखाना' योजना के तहत विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों, आयुष्मायन आरोग्य मंदिर और स्वास्थ्य विभाग के अन्य भवनों में बहुचिकित्सा प्रणाली पर आधारित एकीकृत औषधि केंद्र के रूप में 'अबुआ दवाखाना' की स्थापना की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण जनता को एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और



- राज्य में जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए नई योजना मंजूर
- बीमार दिव्यांग कलाकारों को अब मिलेगी आर्थिक सहायता

सिद्धा प्रणाली की जरूरी दवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

वंदना दादेल ने कहा कि दवाएं सभी लाभार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराएगी। शुरुआती चरण में राज्य के सभी 24 जिलों के 745 आयुष्मन आरोग्य मंदिर (आयुष) पर एकीकृत औषधि केंद्र स्थापित किए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक में राज्य में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई योजना को भी मंजूरी दी गई। सरकार ने वर्ष 2030-31 तक तीन चरणों में जैविक खेती के क्षेत्र को वर्तमान 35 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 1.5 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

शेष पेज 11 पर

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कैबिनेट ने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता को झारखंड के लोकायुक्त पद पर नियुक्त किए जाने के बाद पद स्वीकृति दी।
- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत डेवलपमेंट, मेंटनेंस, होस्टिंग सहित अन्य कार्यों के लिए वित्त नियमावली के नियम को शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर भारत सरकार के उपक्रम मेसर्स सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के चयन की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के वृद्ध और गंभीर रूप से अस्वस्थ या स्थायी रूप से दिव्यांग कलाकारों के लिए मासिक निवृत्ति योजना की स्वीकृति दी गई।
- खूंटी जिला के अंचल-कर्रा, मौजा-काटमकुकू और कुलहुटू में 11.635 एकड़ गैरमजरूआ खास एवं आम खाते की भूमि 17.81 करोड 58 हजार रुपए की अदायगी पर दक्षिण-पूर्वी रेलवे को लोधमा पिस्का लिंक रेल लाइन निर्माण परियोजना के लिए भू-हस्तांतरण करने की स्वीकृति दी गई।
- भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए अवधि के लिए रिपोर्ट, झारखंड सरकार, वर्ष 2026 की रिपोर्ट को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में रखने स्वीकृति दी गई।
- सुशील कुमार, बर्खास्त सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लोहरदगा की सेवा को झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सेवा में पुनर्बहाल करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड भवन, वसंत विहार, नई दिल्ली और न्यू झारखंड भवन, बंगला साहिब रोड, नई दिल्ली के कमरों के आवास शुल्क में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश को दी जा रही अनुसेवक भत्ता और अनुसचिवीय सहायता की राशि में वृद्धि एवं अन्य सुविधाओं की स्वीकृति दी गई।
- अनिल कुमार सिन्हा पूर्व प्रबंध निदेशक, गुमला-सिमडेगा केंद्रीय सहकारी बैंक लि., गुमला के विरुद्ध जारी दंडादेश विभागीय अधिसूचना को निरस्त करने और सिन्हा को दिए गए दंड सेवा से बर्खास्तगी को परिवर्तित कर उनके पेंशन से 50 प्रतिशत की राशि की कटौती करने की स्वीकृति दी गई।
- लोक भवन/राज्यपाल सचिवालय झारखंड, रांची के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई।
- विद्या कुमारी, सहायक शिक्षिका, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, देवघर और मालती दास, सहायक शिक्षिका, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, दुमका की नियुक्ति की वैधता के विरुद्ध दायर याचिकाओं में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय से पारित आदेश पर उन्हें लाभ एवं पेंशन देने की स्वीकृति दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए बकरा-बकरी पालन योजना के लिए 30 करोड़ रुपए के नई योजना के संचालन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा के सूचीबद्ध माल पेट्रोल, डीजल और शराब के खुदरा बिक्रेताओं, जिनकी ओर से राज्य के अंदर से क्रय के क्रम में कर (वैट) को झारखंड मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2006 के नियम के प्रावधानुसार क्रमश: त्रैमासिक विवरणी एवं मासिक विवरण 213 दाखिल करने से मुक्त किए जाने पर स्वीकृति दी गई।
- धर्मेंद्र कुमार सिंह और अन्य बनाम झारखंड उच्च न्यायालय एवं अन्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश के अनुपालन में जिला न्यायाधीश स्तर के 05 छाया पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।
- पंचम राज्य वित्त आयोग की ओर से समर्पित प्रथम प्रतिवेदन में 02 अरब 44 करोड 80 लाख 20 हजार रुपए झारखंड आकस्मिकता निधि (जेसीएफ) से अग्रिम के रूप में निकासी की स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 11 पर

### एक किलो अवैध अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा।** कुंदा थाना क्षेत्र के मरगड़ा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध अफीम बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मरगड़ा गांव निवासी उमेश कुमार (19 वर्ष), पिता गोविंद गंझू, अपने घर में अवैध अफीम छिपाकर रखे हुए है और उसका कारोबार करता है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी कुंदा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की, जहां से कुल एक किलो 12 ग्राम गीला अवैध अफीम बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से उमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## सेप्टिक टैंक में रखी महुआ शराब की गैस से 3 की मौत

### हजारीबाग में हादसा, एक ही परिवार के थे तीनों

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में मंगलवार की देर रात एक ही परिवार के तीन लोगों की सेप्टिक टैंक में दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में चमेली देवी, उनका बेटा रवि साव और रवि के चाचा मदन साव शामिल हैं। वहीं, रवि के पिता आनंद साव गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, सेप्टिक टैंक में अवैध रूप से महुआ शराब बनाई और रखी जाती थी। इस कारण टैंक के अंदर जहरीली गैस बन गई थी। घटना के



वक्त चमेली देवी टैंक से महुआ शराब निकालने के लिए नीचे उतरीं, लेकिन अंदर पहुंचते ही जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गईं। जब काफी देर तक चमेली देवी बाहर नहीं निकलीं, तो परिजन चिंतित हो उठे।

शेष पेज 11 पर

### वन विभाग के पौधारोपण कार्य में बच्चों से मजदूरी कराने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा वन विभाग के अंतर्गत खपिया और बरियातू गांव में चल रहे पौधारोपण एवं घेराबंदी कार्य में मासूम बच्चों से मजदूरी कराने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग की ओर से संचालित पौधारोपण कार्य में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को भी लगाया गया है। बताया जा रहा है कि बच्चे तेज धूप में भारी बांस-बल्ली उठाने, गड्ढे खोदने और बांस की घेराबंदी जैसे कार्य करते देखे गए। ग्रामीणों का कहना है कि जिन बच्चों के हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए, उनसे विभागीय कर्मियों और बिचौलियों द्वारा मजदूरी कराई जा रही है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन और वन विभाग के वरीय अधिकारियों से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

शेष पेज 11 पर

### बालू लदा ट्रैक्टर खपरैल मकान की छत पर चढ़ा

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमंडीह मार्ग स्थित बाड़ी गांव के अम्बाटोली में बुधवार की अहले सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खपरैल मकान की छत पर चढ़ गया। घटना में घर के अंदर सो रहे लोग बाल-बाल बच गए, जबकि मकान के दो कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे बालू से लदा ट्रैक्टर तेज गति से मनिका की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सीधे अम्बाटोली निवासी मोहन सिंह के घर से टकराते हुए खपरैल छत पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही मनिका थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई।

### ग्रामीण विकास विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की हुई समीक्षा, सीएम ने कहा-

## पंचायतों को सशक्त कर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं लाभ

- आवास योजनाओं में तेजी लाकर समय से पूरा करने के निर्देश
- एसएचजी से जुड़ी महिलाओं से सोलर पावर उत्पादन में भी आगे आने की अपील

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीण विकास विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाकर विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास की यात्रा में पंचायतें पहली कड़ी हैं। यह जरूरी है कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाएं।

ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाएं। राज्य के भीतर वैसे पात्र लाभुक जो आवासविहीन हैं या मिट्टी के जीर्ण-शीर्ण घरों में रहते हैं, उन्हें चिह्नित कर ग्रामीण आवास योजना का लाभ पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध तरीके से ग्रामीण आवास योजनाओं को पूर्ण करें। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) राज्य के भीतर महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या में वृद्धि करने पर विशेष ध्यान केंद्रित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सेल्फ-हेल्प ग्रुप (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। विभाग इन महिलाओं को हर संभव मदद करते हुए योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सिर्फ खेती ही नहीं, बल्कि सोलर पावर उत्पादन के क्षेत्र में भी कार्य कर आत्मनिर्भर बनें। इस दिशा में उन्हें प्रशिक्षण देकर प्रेरित किया जाए।

शेष पेज 11 पर



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही बिरसा हरित ग्राम योजना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली योजना है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी कार्य के लिए किसानों को प्रेरित करें। इस योजना का अधिक से अधिक लाभ ग्रामीणों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभार्थियों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान समय में राज्य के भीतर करीब डेढ़ लाख एकड़ भूमि में कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना का जिलावार डाटा बेस तैयार करें, ताकि बेहतर विकल्प पर कार्य किया जा सके।

### पंचायत स्तर पर योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाएं : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री ने बुधवार को पंचायती राज्य विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचायती राज विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राज्य में संचालित विकास योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री सोरेन ने ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना, सड़क संपर्क, पंचायत स्तरीय सेवाओं एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास की बेहतर कार्य योजना बनाते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। बैठक में पंचायती राज एवं ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी उपस्थित थीं। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायतों के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम, महिला हिंसा की रोकथाम, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने एवं इसे लेकर आमजनता को जागरूक करें।

शेष पेज 11 पर

### मौसम — गढ़वा, पलामू, लातेहार व चतरा में रह सकता है सूखा

## 20 जिलों में आज बारिश-वज्रपात की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी सहित राज्य के 20 जिलों में गुरुवार को बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।


मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। हालांकि, उत्तर-पश्चिमी झारखंड के चार जिलों - गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा - में गुरुवार को बारिश की संभावना कम जताई गई है। वहीं, झारखंड के 24 जिलों में से 20 जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और वज्रपात की आशंका व्यक्त की गई है।



50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं तेज हवाएं

बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और मध्यम गति से हवा चलने लगी। इससे लोगों को तेज गर्मी से कुछ राहत महसूस हुई।

मौसम विभाग ने कहा है कि 02 जून 2026 तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम अस्थिर बना रह सकता है। इस दौरान कई स्थानों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से 'येलो अलर्ट' भी जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है। बुधवार को राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 43.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



# तेज आंधी और मूसलाधार बारिश से हुसैनाबाद में तबाही, पेड़ गिरा, बिजली व्यवस्था चरमराई

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** झारखंड-बिहार सीमा से सटे हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने खतरनाक रूप ले लिया। तेज आंधी, गरज-चमक और मूसलाधार बारिश ने कई इलाकों में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ उखड़ गए, बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए और घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। प्रखंड के मलवरिया पंचायत अंतर्गत एकौनी गांव में धनंजय मेहता के घर के समीप वर्षों पुराना विशाल आम का पेड़ जड़ों समेत उखड़कर सड़क किनारे गिर पड़ा। पेड़ गिरने की तेज आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में कई पुराने और जर्जर पेड़ हैं, जो तेज हवा चलने पर कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे खतरनाक पेड़ों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज आंधी के दौरान कई जगह बिजली के केबल टूटकर गिर गए थे। बिजली विभाग के कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद चार से पांच घंटे बाद क्षतिग्रस्त केबलों को जोड़कर बिजली आपूर्ति बहाल की। हालांकि लोगों ने बिजली मिस्त्रियों की कमी पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि पर्याप्त संख्या में कर्मी नहीं रहने के कारण बिजली बहाली में अधिक समय लग जाता है। वहीं मौसम विभाग की ओर से अगले कुछ दिनों तक तेज हवा और बारिश की संभावना जताई गई है। इसे लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी रखने तथा बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

### तेज हवा के कारण दुकान का करकट उड़ा

मलवरिया गांव में तेज हवा के कारण एक दुकान का करकट उड़ गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर बिजली तारों पर गिर गईं, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली गुल होते ही लोगों को भीषण गर्मी और उमस के बीच भारी परेशानी झेलनी पड़ी। आंधी और बारिश के कारण कुछ ग्रामीण सड़कों पर पेड़ और डालियां गिर जाने से आवागमन भी प्रभावित हुआ। बाद में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से रास्ते में गिरे पेड़ और डालियों को हटाकर आवागमन बहाल कराया।

## सांसद की पहल पर हैदरनगर चौक बाजार में शुरू हुआ प्याऊ केन्द्र

**हैदरनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पहल एवं प्रेरणा से हैदरनगर चौक बाजार में बुधवार से पनशाला (प्याऊ केन्द्र) की शुरुआत की गई है। श्रीराम मंदिर के सामने जयसवाल फार्मा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जयसवाल ने उद्घाटन के बाद कहा कि इस व्यवस्था से भीषण गर्मी में लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र के लिए शीतल पेयजल के साथ मिष्ठान की व्यवस्था लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सांसद के दिशा-निर्देश तक यह प्याऊ केन्द्र संचालित रहेगा। इसका लाभ ले रहे दूर-दराज से आए ग्रामीणों ने कहा कि माननीय सांसद की यह पहल सराहनीय ही नहीं बल्कि काफी पुण्य का कार्य है।

## चैनपुर पुलिस ने पकड़ा अवैध मवेशी तस्कर, 18 मवेशी बरामद



• सूचना पर त्वरित छापेमारी में आरोपी गिरफ्तार, शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात मिली सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 18 अवैध मवेशियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर मवेशियों को जप्त कर लिया। गिरफ्तार की पहचान महताब कुरैशी (28), पुत्र सलीम कुरैशी, मदरसा रोड, शाहपुर के रूप में हुई है। डीएसपी राजेश यादव ने बताया कि मंगलवार को लगभग 1:10 बजे सूचना मिली कि न्यू मुहल्ला से मवेशियों को कुर्बानी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा है। चौनपुर थाना की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और महताब को 18 मवेशियों के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने मवेशियों को जप्त कर कांड संख्या 126/26 दिनांक 26.05.2026 के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी दल में चौनपुर थाना के अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

# दृष्टिपात

## सांसद को सौंपा गया मांग पत्र

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने क्षेत्र की पांच महत्वपूर्ण समस्याओं से सांसद विष्णुदयाल राम को अवगत कराते हुए इनके समाधान की आवश्यकता पर बल दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सांसद विष्णुदयाल राम को इस क्षेत्र की जिन पांच महत्वपूर्ण समस्याओं से अवगत कराया गया है, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की पदस्थापना, पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्वीकृत पद के विरुद्ध सभी संकाय में पर्याप्त पीजीटी शिक्षक की नियुक्ति, काशीस्रोत रेल पुल के नीचे के रास्ते से पदारथडीह-राजनडीह गांव को पक्की सड़क से जोड़ने, बी मोड़ विद्युत ग्रिड से प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सब स्टेशन को कनेक्शन देकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और मुख्य नहर में पोटो गांव के पास पुल निर्माण की मांग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र की इन समस्याओं को सांसद के द्वारा 30 मई को मेदिनीनगर में आयोजित दिशा की बैठक में पेश किया जाएगा, जिससे इनके समाधान की दिशा में पहल संभव हो सके। उल्लेखनीय है कि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने जिन पांच समस्याओं से सांसद को अवगत कराया है, वे सभी समय-समय पर राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खियों में शामिल रही हैं।

## बकरीद की पूर्व संध्या पर निकला फ्लैग मार्च

**मोहम्मदगंज।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए बुधवार शाम पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे। पर्व की पूर्व संध्या पर बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार व सर्किल इंस्पेक्टर विनोद राम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, मोहम्मदगंज बाजार, मुख्य चौक और संवेदनशील क्षेत्रों से होते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी व जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की तथा अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने कहा कि क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा इंतज़ाम किए गए हैं और पुलिस लगातार गश्त कर रही है ताकि पर्व सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।

## बकरीद को लेकर लेस्लीगंज में निकला फ्लैग मार्च

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ प्रशांत कुमार-2 ने किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मस्जिद चौक, कोटखास, गांधी चौक, ढेला चौक सहित विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। मार्च के दौरान पुलिस जवानों की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बना रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से लोगों से शांति एवं सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की गई। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। वहीं एसडीपीओ प्रशांत कुमार-2 ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी तथा हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। फ्लैग मार्च में थाना के सअनि सच्चिदानंद शर्मा, शशि रंजन पांडे, भुनेश्वर ठाकुर सहित थाना पुलिस बल के कई जवान मौजूद रहे।

## अजय राजवंशी की गिरफ्तारी पर मुखिया संघ में रोष



**हुसैनाबाद।** कुर्मीपुर पंचायत की मुखिया के पति अजय राजवंशी की गिरफ्तारी को लेकर मुखिया संघ में रोष व्याप्त है। बुधवार को ब्लॉक रोड स्थित पंच सरोवर परिसर में मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि धरना के दौरान माइंस संचालक से रंगदारी मांगने के आरोप में थाना प्रभारी चंदन कुमार द्वारा अजय Rajवंशी को जल्दबाजी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मुखिया संघ के सदस्यों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। वक्ताओं ने कहा कि कुर्मीपुर पंचायत की मुखिया द्वारा खनन से संबंधित कागजातों की जांच कराने के लिए पूर्व में सीओ, एसडीओ एवं एसडीपीओ को आवेदन दिया गया था, जिसमें धरना कार्यक्रम की भी जानकारी थी। इसके बावजूद प्रशासन ने निष्पक्ष जांच के बजाय त्वरित कार्रवाई की। मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि कोई व्यक्ति टेंट, तंबू और कुर्सी लगाकर रंगदारी नहीं मांगता। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने धरना स्थल से टेंट-तंबू हटाकर थाना पहुंचा दिया। संघ ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं अजय राजवंशी को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में श्रवण राम, अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव, ओमप्रकाश राम, मनोज भारती, रीना कुमारी, विजय राम, आत्मेश कुमार सिंह, अशोक यादव, बिमलेश पासवान, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, रामलखन यादव, राजा कुमार एवं शिवशंकर यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लोहरदगा इंटक महाधिवेशन में शामिल होने की अपील

**मोहम्मदगंज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की झारखंड प्रदेश इकाई के लातेहार जिला संगठन प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने 30 मई को लोहरदगा में आयोजित अखिल भारतीय इंटक महाधिवेशन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इंटक अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस महाधिवेशन में इंटक के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लोहरदगा के किस्को स्कूल मैदान में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित होगा।

## जनगणना-2027 को लेकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** भारत जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बुधवार को प्रखंड सभागार में की गई। इस दौरान जनगणना निदेशालय भारत सरकार के प्रतिनिधि प्रेम पाठक ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर कार्य क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं और जनगणना ऐप में आ रही तकनीकी दिक्कतों के समाधान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रखंड के जनगणना सहायक चार्ज पदाधिकारी विवेकानंद पटेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं तकनीकी जानकारी को अन्य प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के साथ साझा किया जाए, ताकि जनगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके और किसी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## 6 साल के बालक के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर।** अनुमंडलीय पुलिस कार्यालय में डीएसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 15 मई 2026 को नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में आयोजित तिलक समारोह के दौरान एक छह वर्षीय नाबालिग को देर रात सुनसान जंगल में ले जाकर एक अज्ञात व्यक्ति ने यौन उत्पीड़न किया। पीड़ित के अभिभावक की शिकायत पर नौडीहा बाजार थाना में बीएनएस तथा धारा 4/6 पोक्सो एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रही जांच के दौरान पूछताछ में नितेश कुमार ठाकुर उर्फ हरि (आयु लगभग 24 वर्ष), पुत्र रामविलास ठाकुर, ग्राम झरहा को बुलाकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। अनुसंधान के दौरान आरोपी द्वारा घटना वाले दिन पहनी गई काली फुल-शर्ट उसके निशानदेही पर बरामद की गई है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि छापेमारी दल में थाना प्रभारी नीरज कुमार (नौडीहा बाजार), पु.अ.नि. रोहित चौहान व थाना सशस्त्र बल शामिल थे। डीएसपी ने कहा कि मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## फर्जी फोटो वायरल मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश में छापेमारी जारी

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** आपत्तिजनक फोटो वायरल कर युवती को प्रताड़ित करने के मामले में लेस्लीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार-2 ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 83/2026, दिनांक 26 मई 2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सोंस गांव निवासी वाली चौकीदार प्रवीन कुमार द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया था कि राजवल्ली कुमार मेहता एवं अरविंद कुमार मेहता ने मिलकर अंजली कुमारी की आपत्तिजनक फोटो वायरल कर उसे बदनाम करने का प्रयास किया। घटना से आहत युवती के पिता ने टांगी से मारकर उसकी हत्या कर दी थी। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त राजवल्ली कुमार मेहता (19 वर्ष), पिता- विरेंद्र मेहता, निवासी दरखोड़, थाना- लेस्लीगंज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि वायरल की गई तस्वीर आरोपी के मोबाइल कैमरे से ली गई थी। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। प्रेस वार्ता में लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## हैदरनगर चौक बाजार का खराब ट्रांसफार्मर जल्द बदलेगा, एसडीओ ने दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर स्थित चौक बाजार में हनुमान मंदिर के समीप लगा 200 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से गत एक पखवाड़े से बाजार क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित है। इसके जल जाने और आपूर्ति बाधित रहने से दुकानदारों एवं स्थानीय उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी और उमस में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपमुखिया पवन कुमार, हिमांशु तिवारी, रौनक सिंह एवं उज्ज्वल पांडेय के नेतृत्व में स्थानीय उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग को आवेदन देकर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर विद्युत अवर प्रमंडल जपला के एसडीओ ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा है कि खराब 200 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया चल रही है। "कल तक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।" एसडीओ के आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों में शीघ्र बिजली व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद जगी है।

## ताल घाटी में सड़क हादसा, जोतांग निवासी महेंद्र चौधरी की मौत

**पांकी।** बालूमाथ मुख्य पथ स्थित ताल घाटी के समीप बुधवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में जोतांग निवासी महेंद्र चौधरी उर्फ पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र चौधरी किसी कार्य से पांकी जा रहे थे। इसी दौरान ताल घाटी के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## पांकी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यालय का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता




**पांकी।** मुख्य बाजार स्थित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यालय का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन से पूर्व अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता एवं इंस्पेक्टर जीतराम महली ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुखिया प्रेम प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मुकेश सिंह चंदेल, मिथिलेश पांडे, सुरेंद्र सिंह, कार्तिक सिंह, अक्षय कुमार, कुंदन सिंह, श्यामनंदन ओझा, चुनमुन पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने योजना को आम जनता के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे लोगों को सस्ती एवं मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा तथा सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं कार्यालय के प्रोपराइटर पंकज कुमार ने कहा कि यहां लोगों को योजना से जुड़ी सभी जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

## शिव गुरु एवं शिव चर्चा का आयोजन

**हैदरनगर।** प्रखंड के रतन बिगहा, जमुआ खुर्द, गोल्हना, पतरिया, गंजपर, जमुआ कला एवं सड़ेया सहित कई गांवों एवं मंदिरों में वर्ष 2010 से लगातार शिव गुरु एवं शिव चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर भक्ति, सत्संग एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। शिव गुरु बहनों में संपतिया कुंवर, किरण, रेखा, आरती, कैलाश कुंवर, अनीता, मनोरमा, सबिता देवी एवं रूबी देवी सक्रिय रूप से वर्षों से शिव चर्चा से जुड़ी हुई हैं। वहीं शिव गुरु भाइयों में मुंशी, लालदेव सिंह, कमल, अनिल, हरिहर एवं प्रवेश सिंह लगातार इस आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

## भीमबराज के बायीं नहर और 40 नंबर गेट से रिसाव, जलभंडारण क्षमता पर संकट

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय भीमबराज में क्षमता अनुरूप जलभंडारण पर प्रश्नचिह्न लग गया है। क्योंकि इसकी बायीं नहर की ओर 40 नंबर गेट की मरम्मत नहीं हो पाने से अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी हो रही है। बताया जाता है कि बायीं नहर गेट की खराबी की जांच भी हो चुकी है, इसके बावजूद अब तक मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। जिससे गर्मी के इस मौसम में भीमबराज की जलभंडारण क्षमता पर भारी असर पड़ा है। बताया जाता है कि बरसात में भीमबराज में जलभंडारण की क्षमता दो मीटर से अधिक हो सकती है, जबकि गर्मी में हाल की बारिश और इससे पूर्व तक 1.5 मीटर जलभंडारण संभव होता रहा है। मगर बायीं नहर और 40 नंबर गेट से जल रिसाव के कारण इसमें गिरावट आ गई है। बायीं नहर गेट से नीचे तक जलस्तर आने के बाद ही अनावश्यक जल प्रवाह बंद हो सका। वहीं बुधवार को कंट्रोल रूम ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को जोखिम उठाकर 40 नंबर गेट के रिसाव को खरपतवार से बंद करने की असफल कोशिश करते देखा गया। बताया गया कि इस गेट के रबर सील को बदले बिना रिसाव बंद करना संभव नहीं है, क्योंकि वह काफी समय से क्षतिग्रस्त है। लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही की वजह से भीमबराज के इन गेटों से पानी की अनावश्यक बर्बादी हो रही है, जिससे जलभंडारण क्षमता प्रभावित हो रही है। इस वर्ष सुपर अल नीनो के प्रभाव से कम बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है। ऐसे में लोगों ने इन गेटों की खराबी दूर कर भीमबराज में पर्याप्त जलसंचय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि खरीफ सीजन में सिंचाई की जरूरत पूरी होने के साथ ही भूजल स्तर भी कायम रह सके।

## स्टेशन पर अधूरा शेड निर्माण, यात्रियों को हो रही परेशानी

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत मिशन के तहत स्थानीय रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया गया है। स्टेशन पर प्रकाश व्यवस्था, प्लेटफॉर्म की लंबाई और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है, ताकि एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को सुविधाजनक बनाया जा सके। इसके बावजूद स्टेशन पर नए शेड का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से यात्रियों को धूप और बारिश में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और बीमार यात्रियों को ट्रेन का इंतजार करने में कठिनाई हो रही है। यात्रियों ने इसे रेलवे की लापरवाही बताते हुए कहा कि अधिकांश पैसेंजर ट्रेनें दिन के समय संचालित होती हैं। ऐसे में 40 डिग्री से अधिक तापमान और बरसात के बीच बिना शेड के इंतजार करना जोखिम भरा साबित हो रहा है।

### एके सिंह कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने पक्षियों के संरक्षण का लिया संकल्प

## बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराना हम सबका कर्तव्य : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के संरक्षण एवं जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में मिट्टी के बर्तनों में दाना और पानी रखकर उन्हें पेड़ों में लटकाया तथा पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना तथा छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों को इसके लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह ने कहा कि बेजुबान पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण पक्षियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। प्रो. सूर्य मणि सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पक्षियों की कई प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं, जिसके लिए मानव स्वयं जिम्मेदार है। वहीं प्रो. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग लगातार बढ़ रही है, जिसके कारण पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। इसलिए जीव-जंतुओं और पक्षियों का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी बन जाती है। प्रो. राहुल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पक्षियों और जीव-जंतुओं के विलुप्त होने से पर्यावरण के साथ-साथ इकोलॉजी और इकोसिस्टम भी असंतुलित हो सकता है। इसलिए सभी को मिलकर बेजुबान जीव-जंतुओं एवं पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार सिंह, गौरव कुमार, उत्तम कुमार, कुंदन कुमार शर्मा, प्राजक्ता कुमारी, पल्लवी कुमारी, नंदनी कुमारी, मीनल कुमारी, शिखा सिंह सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. सुदीप कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी मौजूद थे।

### पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए सभी प्रजातियों के पक्षी एवं जीव-जंतुओं का अस्तित्व जरूरी : डॉ. आलोक कुमार रंजन

डॉ. आलोक कुमार रंजन ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए सभी प्रजातियों के पक्षी एवं जीव-जंतुओं का अस्तित्व जरूरी है। तभी प्रकृति में संतुलन कायम रह सकता है। प्रो. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पशु-पक्षियों के साथ-साथ घरों में बुजुर्गों की देखभाल और संरक्षण करना भी जरूरी है।

# समाहरणालय परिसर में पेयजल संकट से जूझ रहे लोग

- 42 डिग्री तापमान में पानी के लिए भटक रहे फरियादी, पेयजल केंद्र दुरुस्त करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**






**मेदिनीनगर।** पलामू में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जिले का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर जिला मुख्यालय पहुंचने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सबसे अधिक परेशान हैं।
समाहरणालय परिसर में अपनी समस्याओं को लेकर पलामू उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मिलने आने वाले लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच परिसर में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।
इधर, पलामू में पेयजल संकट को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सहित कई अधिकारियों द्वारा पेयजल समस्या को लेकर समीक्षा बैठकें की जा चुकी हैं, बावजूद इसके जिले में जल संकट की स्थिति बनी हुई है।
आम लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि समाहरणालय परिसर में लगाए गए पेयजल केंद्रों को अविलंब दुरुस्त कराया जाए तथा खराब पड़े आरओ की मरम्मत कराई जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझना न पड़े।

## बकरीद को लेकर सरयू में निकाला गया फ्लैग मार्च

- शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील



**लातेहार।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को सरयू क्षेत्र में प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सरयू उप स्वास्थ्य केंद्र से शुरू होकर सरयू चौक होते हुए तेतर टोला तक पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी गई। इस दौरान अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, सरयू प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू, गारू थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

# पेयजल और जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में प्याऊ ए वं पेयजल व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए टैक्स कलेक्टरों को घर-घर जाकर वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था की जांच करने और लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन वर्तमान समय की आवश्यकता है और भविष्य में जल संकट से बचने के लिए हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग को प्रभावी रूप से लागू करना जरूरी है।
भीषण गर्मी को देखते हुए आयुक्त ने आम लोगों से अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने लोगों को आम पन्ना, सत्तू पानी और नींबू पानी का सेवन करने की सलाह देते हुए कहा कि घर से बाहर निकलते समय गमछा या तौलिया से शरीर को अच्छी तरह ढककर निकलें, ताकि लू और ताप लहर से बचाव हो सके।
आयुक्त ने प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थलों पर तत्काल प्रभाव से घड़ा एवं प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत कराने और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करने के लिए टैंकरों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया।
बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत जल सहियाओं को प्रशिक्षित और जागरूक किया जाए, ताकि वे गांवों में जल संरक्षण, पेयजल के सदुपयोग तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक बेहतर ढंग से पहुंचा सकें।
उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने आयुक्त के निर्देशों के आलोक में अधिकारियों को खराब पड़े चापाकलों एवं जलापूर्ति योजनाओं की तत्काल मरम्मत कराने तथा जल संकट वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। आयुक्त एवं उपायुक्त ने आम लोगों से पेयजल का अनावश्यक दुरुपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करे, ताकि सभी लोगों तक पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने आगे आईं सखी मंडल की महिलाएं

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों में जेएसएलपीएस संकुल संगठनों की ओर से राहगीरों के लिए पनशाला (प्याऊ) की शुरुआत की गई है। सखी मंडल की महिलाओं द्वारा संचालित इस पहल के तहत बाजारों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। चैनपुर, रामगढ़, तरहसी, मेदिनीनगर, हरिहरगंज और पिपरा सहित कई प्रखंडों में पनशाला शुरू की गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने महिला समूहों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराना बड़ी सामाजिक सेवा है। सखी मंडल की महिलाओं ने कहा कि यह पहल जनसेवा और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस अभियान में भाग लेकर इसे सफल बनाने में योगदान दिया।

## दृष्टिपात

### विभागीय परीक्षा को लेकर आयुक्त ने परीक्षा केंद्र का लिया जायजा



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने आगामी विभागीय परीक्षा को लेकर गिरिवर प्लस टू हाई स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सीसीटीवी, मेडिकल किट एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा कक्षों में पर्याप्त रोशनी और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। आयुक्त ने प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

### सांसद सीएसआर से पलामू के 10 स्कूलों में लगेंगे वाटर कूलर

**मेदिनीनगर।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सीएसआर प्रस्ताव के तहत पलामू जिले के 10 विद्यालयों में वाटर कूलर एवं प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। इसके लिए बिजली और पानी की सुविधा वाले विद्यालयों का चयन किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि प्रखंडवार विद्यालयों की सूची तैयार कर भेजी गई है। इनमें लेस्लीगंज, पांकी, मनातू, तरहसी और सतबरवा के स्कूल शामिल हैं। समग्र शिक्षा अभियान के सहायक अभियंता निशांत कुमार ने कहा कि चयनित विद्यालयों में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

### जन समाधान दिवस में बुजुर्ग को मिली राहत



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को आयोजित जन समाधान दिवस में प्रशासन का संवेदनशील चेहरा देखने को मिला। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान पाटन प्रखंड के नवाजयपुर निवासी 81 वर्षीय उदित ठाकुर ने बताया कि आधार से जुड़ी त्रुटि के कारण उनकी वृद्धा पेंशन लगभग एक वर्ष से बंद है। वृद्धावस्था और आंखों से दिव्यांग होने के कारण वे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने में असमर्थ थे। बुजुर्ग की समस्या सुनते ही उपायुक्त ने तत्काल सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर ही उनका आधार अपडेट कराया गया तथा बैंक खाते से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूरी कराई गई। उपायुक्त ने बुजुर्ग को आश्वस्त करते हुए कहा कि अब उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं है और उनका काम तत्काल किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी सात दिनों के भीतर लंबित पेंशन राशि लाभुक के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। जन समाधान दिवस में भूमि विवाद, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मामलों की भी सुनवाई की गई।

### तालाब बंदोबस्ती में भारी राजस्व वृद्धि पर बवाल



**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा तालाबों की बंदोबस्ती में अचानक 100 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि किए जाने पर मछुआरा समाज और झामुमो नेताओं ने कड़ा विरोध जताया है। झामुमो नेता सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में झामुमो नेता आशुतोष विनायक एवं मत्स्यजीवी सदस्य मुकेश चौधरी ने नगर निगम पर मनमानी करने तथा गरीब मछुआरों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने पलामू उपायुक्त को शिकायत पत्र भी सौंपा है। नेताओं ने कहा कि मत्स्य विभाग और जल संसाधन विभाग की ओर से संबंधित तालाब अब तक नगर निगम को हस्तांतरित नहीं किए गए हैं। इसके बावजूद निगम द्वारा खुले डाक के माध्यम से बंदोबस्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो नियमों के विपरीत है। झामुमो नेताओं ने बताया कि नगर विकास विभाग के संकल्प संख्या 511, दिनांक 11 फरवरी 2021 में स्पष्ट प्रावधान है कि तालाब बंदोबस्ती में पहला अधिकार स्थानीय मत्स्य पालक समिति को मिलेगा। बावजूद इसके निगम द्वारा इस नियम की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि झरनाहार तालाब का वार्षिक राजस्व 7 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख 20 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी तरह बड़काबांध तालाब का राजस्व 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं माइनर रेगुलेशन तालाब (कचरवा डैम), जिसकी बंदोबस्ती पहले 42 हजार रुपये में होती थी, उसे 55 लाख रुपये में खुले डाक के लिए निकाला गया है। नेताओं का कहना है कि इतनी भारी राजस्व वृद्धि के कारण गरीब मछुआरे तालाब लेने में असमर्थ हो जाएंगे और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया गरीब मछुआरों को तालाबों से दूर कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। झामुमो नेताओं एवं चौधरी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इस प्रक्रिया पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## चैनपुर पुलिस की कार्रवाई पर क्षत्रिय समाज में नाराजगी

- निष्पक्ष जांच की मांग, एकतरफा कार्रवाई का लगाया आरोप



**रांची।** डालटनगंज के चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में हुए हत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर रांची जिला क्षत्रिय समाज ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह रांची जिला क्षत्रिय समाज के नेता प्रेम प्रकाश शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया। बैठक में कहा गया कि घटना के बाद पुलिस द्वारा क्षत्रिय परिवार की महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे समाज में आक्रोश है। समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की कि पुलिस पूरे मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करने के बाद ही कार्रवाई करे। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि पीड़ित परिवार की महिलाओं ने परिवार के सदस्यों के अपहरण एवं जान से मारने की नीयत से की गई घटना को लेकर थाना में आवेदन दिया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके उलट परिवार के लोगों को थाने में घंटों बैठाकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रेम प्रकाश शाहदेव ने कहा कि घटना के दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव था और हथियार भी लहराए जा रहे थे। ऐसे में गोली किस हथियार से चली, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि बिना जांच किए केवल जाति विशेष के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि दोनों परिवारों के बीच पहले से भूमि विवाद चल रहा था और यदि पुलिस समय रहते मामले को सुलझाने का प्रयास करती तो घटना टाली जा सकती थी।
बैठक में यह सवाल भी उठाया गया कि जब दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज हुई थी, तो केवल एक पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी क्यों की गई। बैठक में कुछ नेताओं पर मामले को राजनीतिक रूप देने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की गई। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने दबाव में आकर एकतरफा कार्रवाई जारी रखी तो क्षत्रिय समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। गौरतलब है कि चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान गोली चलने से सकेंद्र चौधरी की मौत हो गई थी। बैठक में सुनील सिंह, आशीष शाहदेव, सूरज शाहदेव, प्रमोद लाल सिंह, जेपी शाहदेव, सुबोध शाहदेव, संतोष शाहदेव, महावीर सिंह, मनीष सिंह, जीवेश सिंह सोलंकी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पलामू में बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को पलामू जिले के हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड क्षेत्रों में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल आठ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। श्रम विभाग की टीम द्वारा होटल और ढाबों में चलाए गए अभियान में पाया गया कि बच्चों से वेटर का काम, प्लेट उठाने और साफ-सफाई जैसे कार्य कराए जा रहे थे। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र लगभग 8 वर्ष से 13 वर्ष के बीच बताई गई है। श्रम अधीक्षक अमित कुमार चौधरी ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य कराना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में नियोजकों के विरुद्ध 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा अथवा 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले संचालकों के विरुद्ध हरिहरगंज एवं पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही मुक्त कराए गए बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने तथा उनके परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरिहरगंज, हुसैनाबाद एवं सदर-मेदिनीनगर के अलावा जिला समन्वयक अग्रगति पलामू एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान



- पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमी की उठी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने किया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन समिति के सदस्य हृदयनंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हृदयनंद मिश्रा ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। इसका असर परिवहन, खेती, खाद्य सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने की मांग की।
प्रदेश सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से किसान, मजदूर, गरीब एवं मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेगी।
श्याम नारायण सिंह ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से शिक्षित बेरोजगार, विद्यार्थी, मजदूर और गरीब वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।
हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और सरकार से पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कमी करने की मांग की। कार्यक्रम में ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद, शंकर पांडे, शैलेश चंद्रवंशी, खुरशीद खान, नाफिस खान, सोनू सिद्दीकी, बबलू सिंह, तुलसी पासवान, अनिल सिंह, सीटू पाठक, मनोरंजन दुबे, खुरशीद आलम, गोपाल सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, अजय साहू, देवांग शुक्ला, शाहजाद अली, जितेंद्र पांडे, पीयूष गुप्ता, संजय शर्मा, उमेश यादव, छोटू चंद्रवंशी सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पलामू के 171 स्वास्थ्य केंद्र दिसंबर 2026 तक होंगे एनक्वास सर्टिफाइड

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के शेष 171 स्वास्थ्य केंद्रों को दिसंबर 2026 तक एनक्वास सर्टिफाइड करने की तैयारी तेज कर दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य निदेशक शशि प्रकाश झा ने उपायुक्त को पत्र लिखकर गुणवत्ता सुधार कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। निर्देश में जिला गुणवत्ता समिति की बैठक शीघ्र करने, तीन दिनों में सभी केंद्रों का गैप असेसमेंट पूरा करने और साप्ताहिक समीक्षा रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। जिला गुणवत्ता परामर्शी संतोष कुमार ने बताया कि 56 केंद्रों में सीएचओ की पदस्थापना नहीं है, जबकि 38 केंद्र किराये या छोटे भवनों में संचालित हो रहे हैं। कई स्वास्थ्य केंद्रों के पास अपना भवन भी नहीं है। विभाग ने जून 2026 तक 23 स्वास्थ्य केंद्रों के सर्टिफिकेशन का लक्ष्य रखा है, जबकि अब तक 44 केंद्र एनक्वास सर्टिफाइड हो चुके हैं।

# माहवारी स्वच्छता को लेकर जिलेभर में चलेगा जागरूकता अभियान

- 28 मई से 4 जून तक 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' कार्यक्रम के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में माहवारी स्वच्छता को लेकर 28 मई से 4 जून तक "चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो" अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एनआईसी सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ एवं प्रखंड वाश समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी भी मौजूद थे। उपायुक्त ने कहा कि माहवारी स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा, शिक्षा और सुरक्षित जीवन से भी संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं असुरक्षित साधनों का उपयोग करती हैं, जबकि केवल 52 प्रतिशत किशोरियां एवं महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का इस्तेमाल करती हैं।
इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए उन्होंने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। अभियान के दौरान पंचायत एवं समुदाय स्तर पर छोटे समूहों में बैठक, प्रभातफेरी, शपथ ग्रहण, रेड डॉट चैलेंज, जागरूकता रैली और स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्वयं सहायता समूहों, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### उपायुक्त ने अधिकारियों संग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पहली बैठक

# विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जनगणना और विधि व्यवस्था पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**सभी आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश**

उपायुक्त ने अधिकारियों से जनसुनवाई प्रक्रिया को प्रभावी बनाने और विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसआईआर और जनगणना कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने को कहा। साथ ही बाल विकास परियोजना के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया।

**गढ़वा।** नवपदस्थ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय प्रधानों, बीडीओ एवं सीओ के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में उन्होंने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, वित्तीय अनुशासन, जनगणना, एसआईआर और विधि व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों को बेहतर सुशासन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने योजनाओं को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से लागू करने पर बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आपूर्ति और ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यालय आने-जाने की हिदायत देते हुए कहा कि औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आगामी बकरीद पर्व को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने और सतर्क निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

## नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**श्री बंशीधर नगर।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर भवनाथपुर विधानसभा कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने आजादी के बाद देश को लोकतंत्र, शिक्षा, विज्ञान और औद्योगिक विकास की नई दिशा दी। सेवादल के मुख्य संगठन ईश्वरी चौधरी ने कहा कि नेहरू जी ने कठिन परिस्थितियों में भी देश को मजबूत बनाने का कार्य किया, जिसका लाभ आज देश को मिल रहा है।

## पीवीटीजी सर्वे में एक भी परिवार न छूटे : प्रशासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के 16 प्रखंडों में निवास करने वाले आदिम जनजातीय समुदाय कोरबा और परहिया परिवारों का पीवीटीजी एंटाइटलमेंट सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के माध्यम से करीब 14 हजार परिवारों की 63 हजार आबादी को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन के अनुसार सर्वे के आधार पर राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, आवास, आधार कार्ड, वोटर आईडी, जन्म प्रमाण पत्र और पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित करने की योजना बनाई जाएगी। यह सर्वे मोबाइल ऐप के माध्यम से गांव स्तर पर स्थानीय युवाओं द्वारा किया जा रहा है। प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी गांव या टोला में सर्वे टीम नहीं पहुंची है तो संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी या प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को तुरंत सूचना दें। प्रशासन ने बताया कि अभी तक जिले में करीब 56 प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा हुआ है। सरकार ने सर्वे कार्य पूरा करने के लिए तीन जून तक की अंतिम तिथि निर्धारित की है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि कोई भी आदिम जनजाति परिवार इस महत्वपूर्ण सर्वे से वंचित न रहे।

## दृष्टिपात

### महंगाई के विरोध में तीन व पांच जून को होगा पुतला दहन

**श्री बंशीधर नगर।** वाम जनवादी मोर्चा की बैठक बुधवार को हेन्हों मोड़ स्थित मुकेश कुमार के आवास पर भाकपा जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बढ़ती महंगाई, डीजल-पेट्रोल मूल्य वृद्धि और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि तीन जून को नगर उंटारी और पांच जून को रमना में केंद्र सरकार का पुतला दहन कर नुक्कड़ सभा आयोजित की जाएगी। बैठक में भाकपा राज्य परिषद सदस्य विनोद ठाकुर, भाकपा माले के कामेश्वर विश्वकर्मा, कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, माकपा जिला सचिव जयप्रकाश गुप्ता सहित कई नेता मौजूद थे। राजद प्रदेश महासचिव अभय कुमार पांडेय ने भी कार्यक्रम को समर्थन देने की बात कही है।

### सड़क हादसे में शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

**मेराल।** थाना क्षेत्र के तीसरटैटूका गांव निवासी सहायक शिक्षक शमीम अंसारी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार शमीम अंसारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमरवा दामर में सहायक शिक्षक थे। मंगलवार को वह अपनी पत्नी के साथ गढ़वा जा रहे थे। इसी दौरान कल्याणपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास गाय को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल शमीम अंसारी को बेहतर इलाज के लिए डाल्टनगंज रेफर किया गया। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शमीम अंसारी मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।

### पीसीसी सड़क निर्माण से पहले ही 10 ट्रिप बालू चोरी

**बिशुनपुरा।** पंचायत में 15वें वित्त योजना से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही बालू चोरी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार विनोद रजवार के घर से अरविंद मेहता के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण होना है। इसके लिए निर्माण स्थल पर पहले से बालू गिराया गया था। बुधवार सुबह कार्यस्थल पर पहुंचे मजदूरों और पंचायत प्रतिनिधियों ने देखा कि वहां से करीब 10 ट्रिप बालू गायब है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात लोगों ने रात में बालू चोरी कर ली। मामले में योजना अध्यक्ष रामअवध राम उर्फ छोटु ने बिशुनपुरा थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में उपयोग होने वाली सामग्री की चोरी से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों ने भी रात में गश्ती बढ़ाने की मांग प्रशासन से की है।

### बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट, निकाला गया फ्लैग मार्च

**केतार।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को केतार में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह के नेतृत्व में केतार, भवनाथपुर, खरौंधी थाना और हरिहरपुर ओपी की संयुक्त टीम ने मार्च किया। फ्लैग मार्च केतार थाना चौरा से शुरू होकर बेलाबार, नवाडीह कोल मोड़, मुख्य बाजार होते हुए कर्पूरी गेट तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और लोगों में सुरक्षा का एहसास दिलाने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राहगीरों के लिए शुरू की गई शीतल जल सेवा

**मेराल।** बढ़ती गर्मी और भीषण तापमान को देखते हुए मेराल मुख्यालय के पूर्वी पंचायत भवन में आम लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था शुरू की गई है। बुधवार को मुखिया रामसागर महतो ने जेएसएलपीएस की दीदियों के साथ राहगीरों को गुड़ और शीतल जल पिलाकर इसकी शुरुआत की। यह व्यवस्था पंचायत भवन आने वाले ग्रामीणों और राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से की गई है। जेएसएलपीएस की दीदियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए यह पहल शुरू की गई है और आने वाले दिनों में भी इसे जारी रखा जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि चिलचिलाती गर्मी में शीतल जल सेवा लोगों को बड़ी राहत दे रही है। मौके पर वार्ड सदस्य विनोद चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, शबाना खातून, शहनाज खातून, चांदो देवी और सीमा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज

**चिनिया।** बरवाडीह पंचायत क्षेत्र में स्वर्गीय ठकुराई रामपाल सिंह की स्मृति में आयोजित सीजन-2 रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी, दर्शकों की भारी भीड़ और खिलाड़ियों के उत्साह के बीच गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह मुखिया पम्मी देवी के पति नितेश सिंह समेत अन्य अतिथियों ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना और अनुशासन के साथ मुकाबला खेलने की अपील की। पहले दिन ही मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश देखने लायक रहा। मौके पर नितेश सिंह ने कहा कि खेल युवाओं को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है। खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की क्षमता विकसित होती है तथा वे नशा और अपराध जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस इलाके में लोग दिन में आने से कतराते थे, लेकिन अब यहां रात में बड़े स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है, जो क्षेत्र के बदलते माहौल और विकास का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन का श्रेय पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर को देते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिला।

## 13 मई से लापता युवक का जंगल में मिला कंकाल, इलाके में सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के मसरा गांव स्थित लामी घुटरा जंगल में बुधवार सुबह मानव कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। केंदु पत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों ने जंगल में क्षतिग्रस्त अवस्था में कंकाल देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी बीकू कुमार रजक ने पुलिस बल के साथ जांच शुरू की। घटनास्थल से टूटे मोबाइल के टुकड़े, कपड़े और बेल्ट बरामद किए गए। परिजनों ने इन्हीं सामानों के आधार पर मृतक की पहचान मसरा गांव निवासी 30 वर्षीय जय मंगल सिंह के रूप में की। बताया गया कि 13 मई की रात गांव में आई बारात के दौरान जय मंगल सिंह का गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद हुआ था, जिसके बाद से वह लापता था। मृतक के पिता सुकन सिंह ने बताया कि उन्हें लगा था कि बेटा कहीं काम पर चला गया होगा, इसलिए थाने में सूचना नहीं दी गई। पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। कंकाल के अवशेष और अन्य सामग्री फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गई है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

### नव नियुक्त एसडीएम से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की शिष्टाचार मुलाकात

**बंशीधरनगर।** गढ़वा-रंका के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने नव नियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद परवेज से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने एसडीएम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका का दौरा करने का आग्रह किया, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिल सके। एसडीएम मोहम्मद परवेज ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए जल्द स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और उसके अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी भी प्राप्त की।

## प्लास्टिक की छावनी में जिंदगी काटने को मजबूर फुलवंती

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** विकास के दावों के बीच केतार प्रखंड के सिंहपुर गांव से गरीबी और बेबसी की मार्मिक तस्वीर सामने आई है। गांव की फुलवंती देवी जर्जर कच्चे मकान और तिरपाल की छावनी में परिवार के साथ जीवन बिताने को मजबूर हैं। उनके पति विनोद राम एक आंख की रोशनी खो चुके हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। घर का इकलौता बेटा बाहर मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहा है। दो बेटियों की शादी के कारण परिवार कर्ज में भी डूबा हुआ है। फुलवंती देवी ने बताया कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आवास की मांग की, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला। बरसात और गर्मी में परिवार को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। मामले में बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने जांच कराकर जरूरतमंद परिवार को जल्द आवास योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया है।

## तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत, गांव में मातम

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कुंबा गांव स्थित अकेलवा तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बुधवार सुबह तालाब में दोनों के शव मिलने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृत बच्चियों की पहचान पतरिहा कलां गांव निवासी राजू राम की आठ वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी और परमेश्वर राम की 10 वर्षीय पुत्री रेशमा कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों मंगलवार सुबह लकड़ी चुनने के लिए बहवा पहाड़ गई थीं, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर उनकी खोजबीन की। बुधवार सुबह गांव के कुछ बच्चों ने तालाब में दोनों शव तैरते देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार भीषण गर्मी के कारण दोनों बच्चियां तालाब में नहाने उतरी थीं, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं होने से डूब गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने तालाब के आसपास घेराबंदी और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 05/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR    दिनांक : 27.05.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR9/ STPKG-03/2023-24 | पंचायत बरवाडीह के रेलवे 16 सी0गेट से पहाड़ी मंदिर होते हुए कब्रिस्तार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.40 कि0मी0)<br>ग्राम खुरा धरधरी नदी श्मशान घाट से रविन्द्र राम के घर होते पी0डब्लू0डी0 रोड डी0एस0पी0 आवास तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.550 कि0मी0)<br>नावाडीह से गुवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.200 कि0मी0)<br>पी0डब्लू0डी0 रोड से लादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.00 कि0मी0)<br>गाड़ी मुरम पथ पी0डब्लू0डी0 रोड से ग्राम लुकुमखांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.00 कि0मी0)<br>कोलपुरवा मोड से पोखरीकला रहमुदीन के घर तक भाया पोखरीखुर्द हरीजन टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.900 कि0मी0) | 1060.78000 | रू0 दस करोड़ साठ लाख अठहत्तर हजार रूपये मात्र। | 09 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.06.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 380944 REO (26-27)_D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 02/2026-27/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 27.05.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/02/2026-27 | DMFT मद अंतर्गत प्रखंड मनिका पंचायत जान्हो ग्राम पटना में मईला नदी पर स्थित पुल का मरम्मति/जीर्णोद्वार। | 12.418 | रू0 बारह लाख एकतालीस हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 03 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 13.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 15.06.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. लातेहार जिला अंतर्गत स्थानीय संवेदक/निविदादातों के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।
8. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
9. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 380948 (REO)26-27*D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward No. | Reference No. | Scheme Name | Estimate Cost | Earnest Money (2% of Estimate Cost) | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 2 | UDD/NPB/ 11/2026-27 | Construction of P.C.C. Road from hou se of Chandrika Chaudhary to house of Mahendra Chaudhary in ward- 2 under BNP. | 999964.00 | 19999.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | 8 | UDD/NPB/ 12/2026-27 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Murtza Ansari to house of Manzoor Ansari in ward-8 under BNP | 999547.00 | 19991.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 3 | 16 | UDD/NPB/ 13/2026-27 | Construction of P.C.C.Road and Culvert from nagar parishad road to house of lalan prajapati in ward- 16 under BNP. | 998761.00 | 19975.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 4 | 20 | UDD/NPB/ 142/2026-27 | Construction of P.C.C.Road and Cul vert from Primary School to House of Pradeep Bhuiyan via Main Road Bishrampur in ward- 20 under BNP. | 998761.00 | 19975.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 5 | 10 | UDD/NPB/ 15/2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road WITH DRAIN in middle from Devi Mandap Pandeypur to house of Maya Kunwar in Pandeypur ward-10 under BNP | 998292.00 | 19966.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 6 | 17 | UDD/NPB/ 16/2026-27 | Construction of RCC Drain from Santosh Tea Stall to Boundary of Prem Shankar Dubey in ward 17 under BNP. | 997901.00 | 19958.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 7 | 7 | UDD/NPB/ 17/2026-27 | Construction of R.C.C DRAIN from Koyal River ghat to house of Pyari Chaudhry in ward-7 under BNP | 932184.00 | 18644.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 8 | 11 | UDD/NPB/ 18/2026-27 | Construction of RCC Drain Hand pump near house of dinesh prasad to house of Jatu mistry in ward 11 under BNP. | 922393.00 | 18448.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 9 | 1 | UDD/NPB/ 19/2026-27 | Construction of P.C.C.Road, a Culvert and Guardwall from Sigsigi main road to house of Rajdev Chaudhary in ward- 1 under BNP. | 891647.00 | 17833.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 10 | 3 | UDD/NPB/ 20/2026-27 | Construction of Gaurdwall near house of Manu Pandey to Utari road Culvert in ward-3 under BNP. | 880740.00 | 17615.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 11 | 17 | UDD/NPB/ 21/2026-27 | Construction of PCC Road with drain from House of Ramu Choudhary to House of Sarju Ram via House of Govind Singh in Ward 17 under BNP. | 838443.00 | 16769.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 12 | 17 | UDD/NPB/ 22/2026-27 | Construction of RCC Drain from House of Shankar Miskar to Hospital Boudary via Chutur Saw and Ramchandra Saw in Ward 17 under BNP. | 693846.00 | 13877.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 13 | 19 | UDD/NPB/ 23/2026-27 | Constuction of PCC Road with drain from dihwar baba dev asthal to main road via house of rafique ansari in ward 19 under BNP. | 691980.00 | 13840.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 14 | 12 | UDD/NPB/ 24/2026-27 | Construction of P.C.C. Road with drain from durga mandap to house of mahendra Ram in ward 12 under BNP | 684525.00 | 13691.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 15 | 10 | UDD/NPB/ 25/2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road with BOX CULVERT from house of Saluddin Ansari to house of Muslim Ansari in Pandeypur ward-10 under BNP | 681527.00 | 13631.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 16 | 13 | UDD/NPB/ 26/2026-27 | Construction of P.C.C. Road with drain from Ursula main road to Primary School Ursula in ward 13 under BNP | 415260.00 | 8305.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 17 | 10 | UDD/NPB/ 27/2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road with DRAIN in middle from Khurshid Ansari to house of Baksuddin Ansari in Pandeypur ward-10 under BNP. | 361088.00 | 7222.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 18 | 1 | UDD/NPB/ 28/2026-27 | Construction of R.C.C Culvert near Prajapati tola in ward- 1 under BNP. | 348107.00 | 6962.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 19 | 2 | UDD/NPB/ 29/2026-27 | Construction of Gaurdwall near house of Kallu Chaudhary in ward-2 under BNP. | 347368.00 | 6947.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 20 | 15 | UDD/NPB/ 30/2026-27 | Construction of P.C.C. Road with drain from house of painter Anand to house of Doman mehta in ward 15 under BNP | 347176.00 | 6944.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 21 | 20 | UDD/NPB/ 31/2026-27 | Construction of P.C.C.Road and Culvert from house of Vinod ram to field of Basant ram in ward- 20 under BNP. | 340793.00 | 6816.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 22 | 15 | UDD/NPB/ 32/2026-27 | Construction of P.C.C. Road with drain from house of Vijay Paswan to yusuf khalifa in ward 15 under BNP | 267987.00 | 5360.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 23 | 15 | UDD/NPB/ 33/2026-27 | Construction of P.C.C. Road with dra in from house of Safi Ansari to house of Imtiyaz Ansari in ward 15 under BNP | 220812.00 | 4416.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 24 | Date of Tender Publication | | | 29.05.2026, 11:00 AM | | | |
| 25 | Date of BOQ sale offline | | | 03.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Office of Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 26 | Last Date and Time of Offline Submission Of Bids | | | 05.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Police Station Bishrampur | | | |
| 27 | Date of Bid Opening | | | 05.06.2026, 03:00 PM at Office Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 28 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 29 | Contact No. of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 30 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: -
1.Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2.For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

PR 380971 (District) 26-27 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

## जनगणना कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, 10 जून तक लक्ष्य पूरा करें : बीडीओ

**चंदवा।** जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को समीक्षा बैठक बीडीओ चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन कार्यों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मियों एवं प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि जिन क्षेत्रों में नजरिया नक्शा उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित कर्मी शीघ्र कार्य पूर्ण करें। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 8 से 10 जून तक निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए और 14 जून तक का इंतजार न किया जाए। साथ ही कुछ दिन सुरक्षित रखते हुए कार्य की पुनः समीक्षा कर त्रुटियों को समय रहते सुधारने पर जोर दिया। बैठक के दौरान गैर-आवासीय जनगणना कार्य में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। प्रगणकों ने क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों से बीडीओ को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डीएलआरएसी बैठक में उपायुक्त ने बैंकों को लगाई फटकार, लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति (डीएलआरएसी) की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक साख योजना 2025-26, बैंकों की उपलब्धियों, सीडी रेशियो तथा सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने बैंकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि वार्षिक साख योजना के लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं हुआ है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऋण स्वीकृति एवं वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी बैंक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें।

एलडीएम द्वारा जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के मार्च तक जिले का सीडी रेशियो 42.75 प्रतिशत रहा। किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा में बताया गया कि वार्षिक साख योजना के तहत 74,944 लाभुकों एवं 42143.96 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 7,915 किसानों को 4478.31 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया है, जो लक्ष्य राशि का मात्र 8.81 प्रतिशत है।

बैठक में यह भी बताया गया कि अब तक जिले में 29,301 किसानों को कुल 25619.57 लाख रुपये की राशि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वितरित की जा चुकी है। जिले में किसान क्रेडिट कार्ड सेचुरेशन के लिए कुल 77,791 लैंड होल्डिंग दर्ज हैं, जबकि पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने वाले लाभुकों की संख्या 68,508 पहुंच चुकी है।

उपायुक्त ने बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को प्राथमिकता के आधार पर केसीसी का लाभ उपलब्ध कराया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। उन्होंने एलडीएम को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करें और योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करें।

बैठक में स्वरोजगार, कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन, शिक्षा एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों को समय पर ऋण एवं वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान नाबार्ड द्वारा प्रकाशित "संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2026-27" पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, भारतीय रिजर्व बैंक रांची की अग्रणी विकास अधिकारी मृदुला सोरेन, एलडीएम, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कुन्दा (चतरा)।** छतरपुर थाना में दर्ज मामले के फरार आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने का निर्देश दिया है। कुन्दा थाना पुलिस के सहयोग से छतरपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान हरिवंश गंझू उर्फ उज्जवल जी उर्फ विनय गंझू, पिता सरहुली गंझू, निवासी लुपूगढ़ा गांव, थाना कुन्दा, जिला चतरा के रूप में हुई है। आरोपी पर छतरपुर थाना कांड संख्या 126/22 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर उसके घर इश्तेहार चिपकाया गया है। पुलिस ने आरोपी को जल्द से जल्द न्यायालय में सरेंडर करने को कहा है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय के भीतर सरेंडर नहीं करने पर न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इश्तेहार चिपकाने के दौरान कुन्दा एवं छतरपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद थी।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पीवीयूएनएल बनहरदी परियोजना की प्रभात फेरी

**लातेहार।** पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को बैचलर आवास अंबाटीकर से मेन रोड लातेहार तक प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम में आसपास के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभात फेरी का नेतृत्व परियोजना के महाप्रबंधक निरोद कुमार मलिक ने किया। इस दौरान अपर महाप्रबंधक (कोल माइनिंग) एम. चंद्र सेगर एवं अपर महाप्रबंधक (इंफ्रा) सिद्धार्थ शंकर सहित परियोजना के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, स्वच्छ परिवेश एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता अपनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। परियोजना प्रबंधन ने बताया कि पीवीयूएनएल द्वारा स्वच्छ एवं हरित समाज के निर्माण के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भी लोगों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### पिंडारकोण में आग लगने से खपरैल मकान जलकर राख, परिवार बेघर

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के पिंडारकोण स्थित पूर्णाडीह टोला में एक घर के समीप रखे पुआल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गोविंद साव, पिता स्वर्गीय तिलक साव का खपरैल मकान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। आग लगने से घर में रखा अनाज, कपड़ा तथा अन्य घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। बताया गया कि घर में आग लगने की जानकारी तब हुई जब आसपास के ग्रामीणों ने घर से धुआं निकलते देखा और शोर मचाया। ग्रामीण आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और पूरा मकान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित गोविंद साव ने बताया कि आगलगी की घटना के बाद उनका पूरा परिवार बेघर हो गया है और दूसरे के घर में रहने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी प्रकार का सरकारी लाभ नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने अंचलाधिकारी से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### गिद्धौर थाना परिसर में शुद्ध व शीतल पेयजल केंद्र शुरू, राहगीरों को मिलेगी राहत

**गिद्धौर (चतरा)।** भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिद्धौर थाना परिसर में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल की व्यवस्था की गई। इस जनहितकारी पहल का शुभारंभ थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री एवं थाना पीएलवी जितेंद्र दास ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं आम लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। वहीं पीएलवी जितेंद्र दास ने लोगों से पानी का सदुपयोग करने एवं स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। थाना परिसर में लगाए गए इस शीतल पेयजल केंद्र से राहगीरों, ग्रामीणों तथा थाना आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर मुंशी संतोष साहू, ममता कुमारी, नागेंद्र चौकीदार एवं कामेश्वर यादव उपस्थित थे।

### आचार्य कार्यशाला का तीसरा दिन संपन्न

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर में आयोजित वार्षिक शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने दीप प्रज्वलित एवं वंदना के साथ किया। कार्यशाला के दौरान हिंदी व्यंजन वर्णों से बने शब्दों, चित्रों एवं वर्णों को कंप्यूटराइज्ड तरीके से तैयार कर उनकी आकर्षक सज्जा की गई। शिक्षकों ने बताया कि इस शिक्षण सामग्री से छोटे बच्चों को शब्दों एवं चित्रों की पहचान करने में काफी सहायता मिलेगी तथा उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव राजीव रंजन पांडे ने कार्यशाला में तैयार शिक्षण सामग्री का अवलोकन किया तथा इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां शिशु वाटिका की सभी दीदियों के साथ साझा कीं। इस अवसर पर शिशु वाटिका की सभी दीदी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### जरूरतमंद मरीज के लिए राजद प्रदेश सचिव ने किया रक्तदान

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव रंजीत यादव ने मानवता एवं सामाजिक सेवा का परिचय देते हुए बुधवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में जरूरतमंद मरीज के लिए एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्तदान किया। उन्होंने लातेहार प्रखंड के पोचरा निवासी कलीम अंसारी के ऑपरेशन के लिए रक्तदान कर परिवार की सहायता की। मौके पर होटवाग निवासी सह प्रदेश सचिव रंजीत यादव ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। कलीम अंसारी के परिजनों ने रंजीत यादव के प्रति आभार प्रकट किया।

### झारखंड राज्य ओलंपियाड-2025 में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के चार छात्र मेधा सूची में शामिल

**महुआडांड़।** झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा आयोजित झारखंड राज्य ओलंपियाड–2025 का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में राज्यभर से कुल 20,398 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई थी। प्रथम पांच छात्रों के सर्वोत्तम अंकों के आधार पर जारी राज्यस्तरीय 15 विद्यार्थियों की मेधा सूची में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चयनित विद्यार्थियों में विशाल कुमार, श्रेयस मयंक, संत कुमार शर्मा एवं रंजन राज शामिल हैं। विद्यालय प्रशासन ने इसे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम का परिणाम बताया है। सफल विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार एवं प्रशासनिक पदाधिकारी रोशन बक्शी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पेसा नियमावली-2025 को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक

**बारियातू।** अंचल सह प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को सीओ कोकिला कुमारी की अध्यक्षता में पेसा कानून एवं पेसा नियमावली-2025 को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेसा नियमावली के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सीओ कोकिला कुमारी ने बताया कि पत्रांक 523, दिनांक 23 मई 2026 के आलोक में पेसा नियमावली-2025 के अध्याय-02 की कंडिका 3, 4, 5 एवं 6 के तहत पारंपरिक ग्राम, ग्रामसभा एवं उनकी सीमा के प्रकाशन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त लातेहार एवं पंचायत राज निदेशालय, झारखंड रांची के निर्देशानुसार अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की संवैधानिक भूमिका को सशक्त बनाने एवं पारंपरिक व्यवस्थाओं को विधिक आधार प्रदान करने के उद्देश्य से पेसा नियमावली-2025 लागू की गई है।

## बरवाडीह बस स्टैंड में दुकान निर्माण को लेकर बनी सहमति

- टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही हटाए जाएंगे दुकानदार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह बस स्टैंड परिसर में प्रस्तावित दुकान निर्माण कार्य को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। व्यवसायिक संघ ने इस पहल का स्वागत करते हुए जिला परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि संघ क्षेत्र के विकास एवं व्यवस्थित बाजार निर्माण के पक्ष में है, लेकिन पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमानुसार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस जमीन पर जिला परिषद सदस्य द्वारा दुकान निर्माण कराने की बात कही जा रही है, उस भूमि का पहले पूरी तरह एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त किया जाए। इसके बाद दुकानों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाए और निर्माण कार्य शुरू होने की स्थिति में ही दुकानदारों को व्यवस्थित तरीके से हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने से पहले किसी भी दुकानदार को नहीं हटाया जाएगा।

दीपक राज ने कहा कि कुछ लोग बिना पूरी जानकारी और नियमों की समझ के अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं, जिससे दुकानदारों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने दुकानदारों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी बिना किसी ठोस प्रक्रिया और स्पष्ट योजना के दुकानदारों को नोटिस थमा दिया गया था तथा जबरन दुकान हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई थी।

इससे गरीब दुकानदारों के बीच भय और असमंजस की स्थिति बन गई थी। बताया गया कि बस स्टैंड परिसर में विस्थापित दुकानदारों के लिए दुकान निर्माण की मांग पिछले 15 वर्षों से लगातार उठती रही है। लंबे संघर्ष और प्रयासों के बाद नियमों में आवश्यक बदलाव कर दुकानों के निर्माण की मंजूरी मिली है। भूमि सरकारी होने के कारण हस्तांतरण की प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार पूर्व में अस्पताल, पंचायत भवन और सड़क जैसी जनहित योजनाओं के लिए जिस प्रकार भूमि स्थानांतरित की गई थी, उसी तर्ज पर दुकानों के निर्माण के लिए भी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं अखरा और मुर्गीडीह पुलिस पिकेट को जिला परिषद को हस्तांतरित कर वहां डाक बंगला निर्माण की योजना भी प्रस्तावित है। व्यवसायिक संघ ने प्रशासन से मांग की है कि दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएं, ताकि विकास कार्यों के साथ किसी गरीब दुकानदार का नुकसान न हो।

## समझौता लागू नहीं होने पर विस्थापितों ने जताया आक्रोश

- ग्राम सभा में कंपनी को जमीन से बेदखल करने की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** एस्सार पावर झारखंड लिमिटेड से प्रभावित अनगड़ा, अरघे, चतरो, तुपी, महुआमिलान एवं अंबाटांड़ गांव के रैयतों एवं ग्रामीणों की संयुक्त ग्राम सभा बुधवार को सरहुलिया महुआ (अनगड़ा) में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता चतरो के ग्राम प्रधान प्रयाग गंझू ने की, जबकि संचालन राम दिवाली गंझू ने किया।

बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और रश्मि मेटेलिक ग्रुप की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो दशक पहले क्षेत्र के विकास एवं पावर प्लांट स्थापना के लिए पांच गांवों के रैयतों ने लगभग 540 एकड़ जमीन 21 सूत्री समझौते के तहत एस्सार पावर झारखंड लिमिटेड को दी थी।

वर्ष 2014 में कोल ब्लॉक रद्द होने के बाद कंपनी का कार्य बंद हो गया, लेकिन विस्थापितों को समझौते के तहत मिलने वाले लाभ जारी रहे। बाद में मामला एनसीएलटी पहुंचा और प्लांट की जिम्मेदारी लिक्विडेटर को सौंपी गई।

रैयतों का आरोप है कि 3 मार्च 2025 को एनसीएलटी के आदेश के बाद प्लांट नई कंपनी उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया, जिसने पूर्व समझौते को मानने से इनकार कर दिया। साथ ही 31 मार्च 2025 से विस्थापितों का गुजारा भत्ता भी बंद कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कई बार प्रशासन एवं कंपनी प्रबंधन के साथ बैठकें हुईं। 17 जून को चंदवा अंचल कार्यालय में हुई बैठक में कंपनी को 15 दिनों के भीतर रोजगार बहाल करने और भुगतान शुरू करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक इसका पालन नहीं हुआ।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कहा कि हालात गंभीर हो चुके हैं और कई परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पेसा कानून के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए कंपनी को दी गई जमीन से बेदखल करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। साथ ही ग्राम सभा के नियंत्रण में संसाधनों का उपयोग कर रोजगार सृजन एवं ग्राम कोष मजबूत करने की योजना बनाई जाएगी।

सभा में प्रेम शंकर भगत, अर्जुन मुंडा, बाबूलाल गंझू, रामवृक्ष गंझू, दीपू सिन्हा, अजीत श्रीवास्तव, मनमोहन गंझू, आशीष सिंह, महेश गंझू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर गिद्धौर में फ्लैग मार्च, प्रशासन रहा मुस्तैद

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार की संध्या बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य चौक, ब्लॉक मोड़ सहित पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके बाद बरटा, गांगपुर, द्वारी समेत अन्य गांवों में भी प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से मुलाकात कर आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों एवं शरारती तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च में थाना पुलिस के जवानों के साथ होमगार्ड के कर्मी भी शामिल थे।

## डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**महुआडांड़ (लातेहार)।** देश में लगातार बढ़ रही डीजल एवं पेट्रोल की कीमतों और महंगाई के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस कमिटी महुआडांड़ की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह अभियान महुआडांड़ पेट्रोल पंप परिसर में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष नूरुल हसन अंसारी ने किया। अभियान के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही पेट्रोल-डीजल की कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है, जिससे परिवहन से लेकर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। इसका सबसे अधिक असर किसानों, मजदूरों, छात्रों, मध्यमवर्गीय परिवारों तथा छोटे व्यवसायियों पर पड़ रहा है। नेताओं ने कहा कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि के कारण खेती-किसानी की लागत बढ़ गई है, वहीं आम लोगों का घरेलू बजट भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर केंद्र सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में तत्काल कमी कराना तथा आम लोगों को महंगाई से राहत दिलाना है। साथ ही किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों की रक्षा की मांग भी उठाई गई।

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ बालूमाथ में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**बालूमाथ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार बालूमाथ प्रखंड में पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात के नेतृत्व में बालूमाथ साहू पेट्रोल पंप के पास चलाया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई पर चिंता जताई। आमिर हयात ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि का सीधा असर आम जनता, किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। इस मौके पर बालूमाथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी तथा बढ़ती महंगाई के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। अभियान के अंत में हस्ताक्षर अभियान से संबंधित प्रतिवेदन पार्टी के वरीय नेताओं को भेजने की बात कही गई। कार्यक्रम में कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर प्रशासन सतर्क, शहर में फ्लैग मार्च

- शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता ने किया।

फ्लैग मार्च सदर थाना परिसर से शुरू होकर मेन रोड सहित शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए अनुमंडल परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस बल के जवान पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। मौके पर एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने लोगों से प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने बताया कि बकरीद के अवसर पर जिले के विभिन्न चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार निगरानी रखेगी।

### बकरीद को लेकर बालूमाथ में पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

**बालूमाथ।** बकरीद पर्व को लेकर बुधवार शाम थाना पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर थाना चौक, बस पड़ाव, छठ तालाब, दुर्गा मंडप, चांदनी मोहल्ला, जामा मस्जिद एवं महावीर मंदिर होते हुए पुन: थाना पहुंचकर संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बालूमाथ थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने की। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से बकरीद पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास ने लोगों से अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को देने का आग्रह किया। वहीं अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में अवर निरीक्षक गौतम कुमार, देवेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, धीरज कुमार सिंह, होसेन डांग, सहायक पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर शर्मा, तारापद महतो, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में आईआरबी एवं जैप के जवान शामिल रहे।

### बकरीद को लेकर बरवाडीह व छिपादोहर में पुलिस का फ्लैग मार्च

**बरवाडीह।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बरवाडीह एवं छिपादोहर थाना क्षेत्र में बुधवार को व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में पुलिस बल के जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों, मस्जिदों एवं अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास गहन जांच-पड़ताल की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा नहीं करने की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने दोनों थाना क्षेत्रों के विभिन्न मोहल्लों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं धर्मगुरुओं से मुलाकात कर बकरीद के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी अनुराग कुमार, यकीन अंसारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## दृष्टिपात

### लायंस क्लब ऑफ लोहरदगा सेवा का गठन



**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर क्षेत्र के दीदी कैफे में लायंस क्लब ऑफ लोहरदगा सेवा का गठन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के मुख्य संरक्षण में लायंस क्लब ऑफ लोहरदगा सेवा का गठन किया गया। जिसमें राजेश कुमार महतो को जिलाध्यक्ष और सतीश कुमार जयसवाल को जिला सचिव नियुक्त किया गया। बैठक के पूर्व मुख्य अतिथि संजय कुमार पीएमजेएफ लायंस डिस्ट्रिक्ट गर्वनर, सुजीत कुमार पीएमजेएफ लायन, सुजीत कुमार पीएमजेएफ लायन, माधव लखोटिया पीएमजेएफ पीडीजे लायन, अशोक कुमार जयसवाल रिजनल चेयर पर्सन गुमला, शंकर लाल सिसोदिया, एमजेएफ लायन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का विधिवत उद्घाटन किया।

### हाथी के 'पागल' होने की आशंका क्षेत्र में लगातार कर रहा हमला



**लोहरदगा।** स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार एक ही हाथी का मूवमेंट देखा जा रहा है, जो इंसानों पर जानलेवा प्रहार कर रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि हाथी संभवतः पागल हो गया है, क्योंकि इससे पूर्व भंडरा थाना क्षेत्र के भैंसमुंदो में भी इसी हाथी द्वारा ऐसी ही घटना को अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इस संबंध में कोई ठोस और वैकल्पिक व्यवस्था करने की पुरजोर मांग की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर एएसआई राजकुमार बैठा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। इधर, वन विभाग की ओर से वन रक्षी मुकेश कुमार प्रजापति, विक्की कुमार मेहता, मुकेश प्रजापति और रामहरि महतो ने घटनास्थल का मुआयना किया। विभागीय कर्मियों ने बताया कि हाथी के कुचलने की पुष्टि के बाद आश्रितों को पूरी मुआवजा राशि सरकारी प्रविधानों के तहत दी जाएगी।

### सीठा पहाड़ के पास हाथी ने महिला को पटककर मारा, इलाके में दहशत



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा-सेन्हा सीमा पर स्थित सीठा पहाड़ के समीप बुधवार को एक महिला का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के ग्राम बरही केरा टोली निवासी धीरन उरांव (पति- नंदू उरांव) के रूप में की गई है। आशंका जताई जा रही है कि जंगली हाथी ने पटककर और कुचलकर महिला को मौत के घाट उतारा है। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, धीरन उरांव मंगलवार सुबह घर से सीठा पहाड़ की ओर महुआ डोरी चुनने के लिए निकली थी। जब वह दोपहर तक घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद शाम को सीठा पहाड़ के पास उसका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना फैलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटनास्थल की स्थिति और मृतका के शरीर पर मौजूद चोट के निशानों को देखकर प्रथम दृष्टया मामला हाथी के हमले का लग रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सीठा पहाड़ और आसपास के जंगलों में एक जंगली हाथी लगातार विचरण कर रहा है।

### बकरीद पर प्रतिबंधित गोवंशों के वध पर रोक लगाने की विहिप ने की मांग

**भंडरा /लोहरदगा।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर भारतीय गौवंश रक्षण परिषद, विश्व हिन्दू परिषद लोहरदगा के जिला सहमंत्री लाल भीम नाथ शाहदेव के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रतिबंधित गोवंशों के अवैध वध और तस्करी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।जिला सहमंत्री लाल भीम नाथ शाहदेव के साथ जिला गौरक्षा प्रमुख विकास कुमार यादव, अनुभव कुमार और अजीत सिंह उपायुक्त से मिले और ज्ञापन सौंपा.प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बकरीद के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा गाय, बैल, बछड़ा-बछिया जैसे प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं की तस्करी और हत्या की आशंका है। झारखण्ड गौवंश हत्या निषेध अधिनियम, 2005 के तहत गोवंश वध और गोमांस बिक्री-परिवहन पर रोक सुनिश्चित की जाए।संवेदनशील क्षेत्रों, हाट-बाजारों और अंतर जिला सीमाओं पर पुलिस की विशेष गश्त बढ़ाई जाए। अवैध रूप से चल रहे बूचड़खानों को चिन्हित कर तत्काल बंद कराया जाए।तस्करी या वध में शामिल लोगों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त सजा दिलाई जाए। लाल भीम नाथ शाहदेव ने कहा की त्योहार के दौरान यदि ऐसी अवैध गतिविधियां होती हैं तो इससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

### चितरौली में खुला आजीविका संसाधन केंद्र

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड क्षेत्र की बदला पंचायत अंतर्गत चितरौली ग्राम में जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित संकेत क्लस्टर के तहत एक नई शुरुआत की गई है। समेकित कृषि प्रणाली परियोजना के अंतर्गत यहाँ नवनिर्मित 'आजीविका संसाधन केंद्र' का उद्घाटन मंगलवार को प्रखंड प्रमुख फूलझरी देवी और ग्राम प्रधान राजू पहान द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। इस केंद्र के खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे। जेएसएलपीएस की जिला पशुपालन प्रबंधक गायत्री देवी तथा सेन्हा प्रखंड के बीपीएम (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) हेमंत कुमार ने समेकित कृषि प्रणाली परियोजना की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और वृहद स्तर पर पौधारोपण करने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन विविध गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण न केवल अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर सकते हैं, बल्कि अपने स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाकर बेहतर मुनाफा भी कमा सकते हैं। मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख फूलझरी देवी ने कहा कि यह आजीविका संसाधन केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक हाथ को काम देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# लोहरदगा में बनारस की तर्ज पर गंगा महाआरती

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मंगलवार की संध्या लोहरदगा शहर स्थित बड़ा तालाब परिसर में आस्था का अनूठा समागम देखने को मिला। बनारस के प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट की तर्ज पर यहाँ भव्य माँ गंगा आरती का आयोजन किया गया।

दीपों की अलौकिक जगमगाहट, शंखनाद, वैदिक मंत्रोच्चार और 'हर-हर गंगे' के गगनभेदी जयघोष से पूरा शहर आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस अलौकिक दृश्य का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाज से दीप प्रज्वलन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में सजे मुख्य पुरोहित पंडित तरुण पांडे के नेतृत्व में आचार्यों द्वारा एक साथ विशाल दीपदान, घंटियों की समवेत ध्वनि और शंखनाद के बीच माँ गंगा की महाआरती उतारी गई। इस मनोहारी दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को वाराणसी के दशाश्वमेध घाट की जीवंत अनुभूति करा दी। आकर्षक विद्युत सज्जा, सुगंधित फूलों और सैकड़ों दीपों से सुसज्जित बड़ा तालाब परिसर इस दौरान दिव्य और मनमोहक आभा बिखेर रहा था। महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने तालाब के किनारे श्रद्धाभाव से दीप प्रवाहित कर अपने परिवार व समाज की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

### बकरीद पर भंडरा प्रशासन मुस्तैद

**भंडरा ।** बकरीद त्योहार को लेकर शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के लिए भंडरा प्रखंड प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च की शुरुआत भंडरा थाना परिसर से हुई। इसके बाद अधिकारियों का काफिला कुंबा टोली बस्ती और मुख्य पथ होते हुए नौडीहा पहुंचा। नौडीहा में मार्च के समापन के बाद सीओ दुर्गा कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी और थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रखंड के संवेदनशील और प्रमुख गांवों का दौरा किया। प्रशासनिक टीम ने तेतरपोका, बलसोता, बंडा और मसमानो गांव में भी फ्लैग-मार्च कर विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं। हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और अमन-चैन बनाए रखना है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार हमें आपसी सौहार्द और त्याग का संदेश देता है।

### गराडीह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब भरनो के नाम

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के गराडीह गांव में लगातार दूसरे वर्ष खेलाए जा रहे ग्रामीण क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुमला जिला के भरनो और लोहरदग़ा जिला के चंडु गांव के बीच मंगलवार की रात्रि खेला गया जिसमें भरनो की टीम चंडू को हरा कर चैंपियन बना भरनो की टीम ने पहले बल्लेबाजी निर्धारित आठ ओवरों में 75 रन बनाये वहीं जबाबी पारी खेलने उतरी चंडू की टीम मात्र 40 रन पर ही सिमट गई तीसरे और चौथे स्थान पर गराडीह की टीमें रहीं। विदित हो कि इस टूर्नामेंट में लोहरदग़ा,रांची और गुमला जिले से कुल 32 टीमो ने भाग लिया था। गांव 22 मई से लगातार पूरी पूरी रात मैच खेलाए जाता रहा आस पास गांव के लोग भी पूरी रात मैच का आनन्द लेते रहे। टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत के बड़े सुपुत्र यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत ने खेलाडियो से परिचय प्राप्त करते हुए तथा विजेता उपविजेता आदि टीमो को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये,खेल में हार जीत लगी रहती है हारने वाले टीमो के हतास नही होना चाहिये।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई-निविदा संख्या 05/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. – 378352 REO (26-27)D का निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.380943 REO(26-27):D

**कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।**
(E-mail ID- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR 380759 Rural Development (26-27):D द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–01/R1/2026-27/EE/NREP/LATEHAR में निविदा खोलने की तिथि दिनांक : 04.06.2026 के स्थान पर दिनांक– 05.06.2026 संशोधन किया जाता है। निविदा की शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 380870 (NREP) 26-27 (D)

**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**कार्यालय आदेश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली 2026, दिनांक 27.04.2026 से लागू कर दी गई है। वैसे सभी भवन जो दिनांक 31.12.2024 के पूर्व से निर्मित है। उनको अनिवार्य रुप से अपने अनाधिकृत के लिए अनिवार्य आवेदन करना है एवं दस्तावेजों की जानकारी नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नियमितीकरण हेतु निर्मित भवन की ऊँचाई 10 मीटर या G+2 तक एवं 300 वर्ग मीटर तक के प्लांट क्षेत्र पर निर्मित होना चाहिए। नियमितीकरण हेतु आवसीय भवनों एवं गैर आवसीय भवनों को आवेदन कर समय क्रमशः 10,000/– एवं 20,000/– एकमु त राशि का भुगतान करना होगा। इन नियमों के अधिसूचना की तारीख 60 दिनों के अंदर नियमितीकरण राशि 50% के साथ ऑनलाईन मोड (jhbpams.jharkhand.gov.inportal) के माध्यम से फाइल किया जाएगा लेकिन किसी भी हालत में इस नियमितीकरण राशि 10,000/– से कम नही होगा। अनाधिकृत रुप से निर्मित भवन को नियमित करने के लिए आवेदन नही किया गया है, जो उसे अनाधिकृत निर्माण को सतत अपराध माना जाएगा तथा कानून के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा साथ झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखंड अधिनियम 2016 की सुसंगत धारा के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR.NO.380970 Urban Development and Housing(26-27):D

**कार्यालय नगर परिषद,चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**
**दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com**

**CORRIGENDUM**

इस कार्यालय के पत्रांक–493/न0प0, दिनांक–20.05.2026 के द्वारा नगर परिषद, चतरा के निम्नलिखित सैरातो/नगर परिषद् क्षेत्र में बाहरी व्यवसायिक वाहनो के प्रवेश शुल्क वसुली की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–29.05.2026 को समय 12:30 बजे अपराह्न में करने हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आम सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसका PR. No.- 380336 Urban Development (26-27).D है।

उक्त आमंत्रित बन्दोबस्ती आम सूचना में अपरिहार्य कारणवश बन्दोबस्ती की तिथि में निम्नवत संशोधण किया जाता है:–

1. जमानत की राशि जमा करने की तिथि :– 03.06.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
2. बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक की तिथि :– 05.06.2026 को समय 12:30 बजे अपराह्न से।
3. किसी कारणवश उक्त तिथि को खुली डाक नही होने की स्थिति में बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक दिनांक–06.06.2026 को समय 12:30 बजे अपराह्न से किया जायेगा।

उक्त बन्दोबस्ती की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, चतरा

PR 380956 Urban Development(26-27).D

**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, एन0सी0डी कोषांग, लातेहार**

**आम–सूचना**

31 मई विश्व तम्बाकू निशेध दिवस के अवसर पर **दिनांक 31 मई 2026 से 30 जून 2026**, /The International Day Against Drug Abuse and Illicit Trafficking/ अन्तराश्ट्रीय मादक द्रव्य दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी दिवस तक" विशेष जन–जागरूकता हेतु Online/Digital माध्यम से World No Tobacco Day (WNTD),2026 का **Theme_"Unmask the Appeal-Countering Tobacco and Nicotine Addiction" (थीम: "तम्बाकू एवं निकोटीन की लत के प्रति आकर्शण का पर्दाफा[illegible] करें।")** विशय पर Poster/Painting/English/Hindi Essay Writing Competition का आयोजन किया जाना है।

**प्रतिभागियों की पात्रता निम्न है–**

1. लातेहार जिला अन्तर्गत सरकारी/गैर सरकारी विद्यालय के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र/छात्राएँ हों और प्रत्येक विद्यालय अपने विद्यालय के श्रेश्ठ 10 प्रविश्टियों का चुनाव करते हुये इसकी विश्तृत सूची मेल ntcplatehar@gmail.com/ Whatsapp N0- 7677091377 पर भेजना सुनिश्चित करंगे।
2. सभी प्रविश्टियों A3 Chart Paper में होना चाहिए एवं प्रविश्टी की Soft Copy का आकार Size 20 MB से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. प्रविश्टि निर्धारित विशय एवं थीम पर आधरित होना चाहिए।
4. सभी प्रविश्ठी पर स्पश्ट रूप से छात्र/छात्रा का पुरा नाम, मोबाईल नं0 एवं विद्यालय का नमा दर्शाया गया हो।
5. चित्र कला में श्रेश्ठ 3, हिन्दी/अंग्रेजी निबंध लेखन में भी श्रेश्ठ 3–3 प्रविश्टियों कों स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा।
6. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रविश्टि पर विचार नहीं किया जायेगा।

7- 15+ आयु वर्ग के बच्चे तम्बाकू के दुश्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता हेतु रील, स्पीच, कविता आदि अपने सोशल अकाउण्ट से विभागीय Facebook id पर ncdlatehar पर टैग कर सकते है। ह0/–

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 380922 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27*D

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**(कार्यालयः– बाल संरक्षण इकाई, पलामू)**
**Email ID – dcpspalamu2024@gmail.com**

**सूचना विज्ञापन संख्या – 02/2026**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–526/SP-POCSO/JSCPS/2023–24–2685, राँची/दिनांक–24.10.2024, एवं अधिसूचना संख्या–526/SP-POCSO /JSCPS/2023–24–124, राँची/दिनांक–15.01.2026 के आलोक में उपायुक्त, पलामू ज्ञापांक–59/जि0बा0सं0/ दिनांक 08.04.2026 के अन्तर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के तहत बच्चों का मनोवैज्ञानिक एवं आवश्यक सहयोग हेतु सहायक व्यक्ति (Support Person) का पैनल निर्माण हेतु इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन समर्पित किया गया है। आवेदनों की स्क्रुटनी के पश्चात प्रारंभिक सूची जिले के अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर देखा जा सकता है। प्रकाशित प्रारंभिक सूची में किसी भी आपत्ति–दावा हेतु अभ्यर्थी दिनांक 04.06.2026 तक जिला बाल संरक्षण इकाई, पुराना आयुक्त कार्यालय, छःमुहान चौक, मेदिनीनगर, पलामू में अपना आवेदन समर्पित कर सकते है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू

PR 380915 (District)26-27*D

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar,(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road,Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in**
**Telephone:-0662-235076 & Fax:06562-235078**

**Corrigendum**

Published **e-NIT No-100 & 101/PR/JBVNL/2026-27** O&M is hereby amended due to unavoidable circumstances. Details are given below:-

| Sl. No. | E NIT No. | Published material Name | Ammended Material Name |
|---|---|---|---|
| 1. | 100 PR/ JBVNL/ 2026-27 | 33 KV CT(Current and Potential Transformer) 600/400/200/1-1-1 | 33 KV Current transformer 600-400-200/1-1-1 |
| 2. | 101 PR/ JBVNL/ 2026-27 | 11 KV CT(Current and Potential Transformer) 600/400/200/5-5-5 | 11 KV Current transformer 600-400-200/5-5-5 |
| | | 11 KV CT(Current and Potential Transformer) 600/400/200/1-1-1 | 11 KV Current transformer 600-400-200/1-1-1 |

Other terms & condition remain the same.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 380501

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR 380877 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D

**कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward No. | Reference No. | Scheme Name | Estimate Cost | Earnest Money (2% of Estimate Cost) | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | | | | |
| 1 | 5 | UDD/NPB/34 /2026-27 | Construction of P.C.C. road fr om house of Billu Chaudhary to House of Vjay Chandravanshi in Ward -5 under BNP. | 835002.00 | 16700.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | 5 | UDD/NPB/35 /2026-27 | Construction of P.C.C. road from house of Sanay Soni to Hoouse of Basant Ram in Ward -5 under BNP. | 687506.00 | 13750.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 3 | 9 | UDD/NPB/36 /2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Anganbadi to house of Shahdev Ram in ward 9 under BNP | 999472.00 | 19989.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 4 | 14 | UDD/NPB/37 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from Kabilasi Teen Muhan to Khutisot River in Ward 14 under BNP. | 997984.00 | 19960.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 5 | 11 | UDD/NPB/38 /2026-27 | Construction of P.C.C. road on kachcha road from Goderma road teen muhan to Dularua Aahar in Ward 11 under BNP. | 975836.00 | 19517.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 6 | 18 | UDD/NPB/39 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from Teen Muhan Chowk to house of Bharat Prasad in Ward -18 under BNP. | 751369.00 | 15027.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 7 | 19 | UDD/NPB/40 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from house of Ramji Bhuiya to Sarkari handpump via house of Brahmdev bhuiya and house of devnarayan bhuiya and house of Ramji bhuiya to main road in ward- 19 under BNP. | 642933.00 | 12859.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 8 | 18 | UDD/NPB/41 /2026-27 | Construction of P.C.C. road from Electric Pole to House of Banarshi Ram in Ward -18 under BNP. | 631472.00 | 12629.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 9 | 12 | UDD/NPB/42 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from house of Nandu Ram to Munshi Ram In ward 12 under BNP | 578021.00 | 11560.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 10 | 13 | UDD/NPB/43 /2026-27 | Construction of Approach Road from main road and platform to Ward vikash kendra ward no 13 under BNP | 345441.00 | 6909.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 11 | 14 | UDD/NPB/44 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from teen muhan to house of Rajnath Ram in ward 14 under BNP | 323438.00 | 6469.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 12 | 9 | UDD/NPB/45 /2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Jal minar to house of Asarfi Ram AND from NH to Shivaksh restaurant in ward 9 under BNP | 321098.00 | 6422.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 13 | 5 | UDD/NPB/46 /2026-27 | Construction of P.C.C. road from house of Prmod Saw to babloo Chaudhary in Ward -5 under BNP. | 158230.00 | 3165.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 14 | Date of Tender Publication | | | 29.05.2026, 11:00 AM | | | |
| 15 | Date of BOQ sale offline | | | 03.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Office of Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 16 | Last Date and Time of Offline Submission Of Bids | | | 05.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Police Station Bishrampur | | | |
| 17 | Date of Bid Opening | | | 05.06.2026, 03:00 PM at Office Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 18 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 19 | Contact No. of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 20 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: - 1.Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2.For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

PR 380968 (District) 26-27 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

# बकरीद को लेकर गुमला पुलिस अलर्ट, एसपी ने दिए सख्त निर्देश

● अपराध समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा, महिला अपराध और नशा तस्करी पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने, लंबित मामलों के निष्पादन और सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और लगातार गश्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित कांडों, वारंट और कुर्की मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया। बैठक में पोक्सो, दुष्कर्म, हत्या, अपहरण, लूट एवं एससी-एसटी अत्याचार जैसे मामलों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने नशा तस्करी और अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सड़क सुरक्षा को लेकर बिना हेलमेट वाहन चलाने, शराब पीकर ड्राइविंग करने और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा, मानव तस्करी, डायन प्रथा, पलायन और अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## स्व. छोटन मास्टर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में ब्लैक शूटर भरनो विजेता



● फाइनल में पवन इलेवन को हराकर जीता खिताब

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** पुराना हॉस्पिटल स्थित खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय स्व. छोटन मास्टर मेमोरियल डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार रात खेला गया। फाइनल में ब्लैक शूटर भरनो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पवन इलेवन भरनो को हराकर खिताब अपने नाम किया।

आठ-आठ ओवर के फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन इलेवन ने पांच विकेट पर 66 रन बनाए। जवाब में ब्लैक शूटर भरनो की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 4.3 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

विजेता टीम को 50 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 30 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी पांच-पांच हजार रुपये दिए गए। फाइनल मैच का उद्घाटन टूर्नामेंट संरक्षक बलबीर तिग्गा, अध्यक्ष नीरज तिर्की, सचिव एडमन बड़ा एवं कोषाध्यक्ष श्रीकांत उरांव ने किया। आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन युवाओं की प्रतिभा निखारने और खेल भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया।

## पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे : राजनील तिग्गा



● कांग्रेसजनों ने श्रद्धापूर्वक मनाई नेहरू की पुण्यतिथि

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से स्थानीय परिसदन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने की।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनील तिग्गा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश में लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, औद्योगिक विकास और मजबूत संस्थागत व्यवस्था की नींव रखी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था, लेकिन नेहरू ने दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर देश को नई दिशा दी। बड़े उद्योगों, बांधों, शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों की स्थापना उनके नेतृत्व में हुई।

राजनील तिग्गा ने कहा कि नेहरू लोकतांत्रिक मूल्यों और धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि देश की असली ताकत युवा और बच्चे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नेहरू के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घरेलू विवाद में युवक ने खाया



नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के कोयनारपाठ गांव में घरेलू विवाद के बाद एक युवक द्वारा कीटनाशक दवा सेवन करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सोहराय असुर (20) अपनी मां और पत्नी के साथ घाघरा में रह रहा था। उसकी मां मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती है। बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद के बाद आवेश में आकर युवक ने खेतों में छिड़काव के लिए उपयोग की जाने वाली कीटनाशक दवा पी ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन एवं स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाघरा लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार युवक की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद के कारण युवक तनाव में था और गुस्से में आकर उसने यह कदम उठा लिया। घटना के बाद परिवार के लोग काफी परेशान हैं।

## सड़क किनारे मिले सरकारी चना दाल के खाली पैकेट, काला बाजारी की आशंका

● एमओ ने पीडीएस दुकान की जांच कर वितरण अभिलेख खंगाले

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के अमलिया बझीयाटोली गांव स्थित वनटोली मोड़ के समीप बुधवार को सड़क किनारे बड़ी संख्या में सरकारी चना दाल के खाली पैकेट मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने राशन सामग्री की काला बाजारी की आशंका जताते हुए इसकी सूचना प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) अंशुल टोप्पो को दी। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे करीब 40 से 50 खाली पैकेट पड़े मिले, जो सरकारी वितरण प्रणाली के तहत कार्डधारियों को दी जाने वाली चना दाल के थे। सूचना मिलते ही एमओ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान एमओ ने वनटोली गांव स्थित क्रांति स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान संचालिका अर्चना देवी से पूछताछ की गई तथा राशन वितरण से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। एमओ ने कार्डधारियों से बातचीत कर यह भी जानकारी ली कि उन्हें समय पर राशन और चना दाल का वितरण किया गया था या नहीं।

एमओ अंशुल टोप्पो ने कहा कि सरकारी चना दाल के खाली पैकेट मिलना गंभीर मामला है। प्रथम दृष्टया कहीं न कहीं गड़बड़ी की आशंका प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि जांच में किसी पीडीएस दुकान की संलिप्तता सामने आने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जनगणना कार्य से लौट रहे दो शिक्षक सड़क हादसे में घायल

● भीषण गर्मी में जनगणना कार्य पर रोक लगाने की उठी मांग

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के खरवागाढ़ा के समीप मंगलवार देर शाम जनगणना कार्य से लौट रहे दो शिक्षक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आताकोरा स्कूल के शिक्षक शंभू प्रसाद केशरी और गढ़रीटोली स्कूल के शिक्षक हबीबुल्ला खान स्कूटी से भरनो लौट रहे थे। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो वाहन से बचने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों शिक्षक घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और साथियों की मदद से दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई है। घटना के बाद शिक्षकों ने भीषण गर्मी में कराए जा रहे जनगणना कार्य पर चिंता जताई। उनका कहना है कि चिलचिलाती धूप और हीट वेव के बीच दूर-दराज गांवों में जाकर कार्य करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना और स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ गए हैं। शिक्षकों ने प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए कुछ दिनों के लिए जनगणना कार्य स्थगित किया जाए।

## उपायुक्त ने बाल सुधार गृह, नारी निकेतन और वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने बुधवार को जिले में संचालित बाल सुधार गृह, नारी निकेतन, वृद्धाश्रम एवं बालिका गृह का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, शिक्षा, भोजन और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बाल सुधार गृह में उपायुक्त ने वहां रह रहे 68 बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और रहने की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगीत प्रस्तुति की भी उन्होंने सराहना की।

इसके बाद उपायुक्त वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्गों से उनकी सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। वहीं नारी निकेतन और बालिका गृह में महिलाओं एवं बच्चियों की शिक्षा, सुरक्षा और कौशल विकास गतिविधियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर गंभीर है और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सामाजिक सुरक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।

## घाघरा थाना गेट के समीप चला सघन वाहन जांच अभियान

**घाघरा।** सड़क सुरक्षा को लेकर बुधवार को घाघरा थाना गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों की जांच करते हुए हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात एवं ट्रिपल राइडिंग की जांच की। बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने वाहन चालकों से सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

## संगठन मजबूती के लिए सभी विंगों को मिलकर करना होगा काम : दयामनी बारला

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को स्थानीय सर्किट हाउस में जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष दयामनी बारला ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस के सभी फ्रंटल विंगों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि गुमला राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है, जहां संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दयामनी बारला ने कांग्रेस के संघर्ष और जनसेवा के इतिहास का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भी आम लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सह ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिलाष साहू ने कहा कि सभी विंगों को सक्रिय होकर काम करना होगा। उन्होंने 12 प्रखंडों में संगठनात्मक कमेटियों के गठन और सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाने पर जोर दिया। बैठक में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान प्रकोष्ठ एवं अन्य संगठनों के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## गुमला के 19वें डीटीओ बने सत्येंद्र महतो

● जन-सुलभ और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन कार्यालय बनाने की बात कही

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सत्येंद्र महतो ने गुमला जिले के 19वें जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने परिवहन कार्यालय को जन-सुलभ, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की बात कही। नव-नियुक्त डीटीओ ने कहा कि लोगों को परिवहन विभाग से जुड़े कार्यों में अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। कार्यालय की कार्यप्रणाली को सरल और जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने पूर्व डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल के सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता संबंधी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने ओवरलोडिंग, नाबालिग ड्राइविंग और रात में भारी वाहनों की जांच को लेकर सख्ती बरतने की बात कही। डीटीओ ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिकांश हादसों में सिर में चोट लगने से मौत होती है, जिसे हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने हिट एंड रन योजना एवं गुड सेमेरिटन नीति की जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए लोगों से आगे आने की अपील की।

## खटको गांव में धूमधाम से मनाया गया बुढ़िया करम पर्व

● पारंपरिक गीत-नृत्य से गूंजा गांव, सुख-समृद्धि की कामना

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के मारासिली पंचायत अंतर्गत खटको गांव में आदिवासी समाज का पारंपरिक बुढ़िया करम पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार करम पेड़ की डाली स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई।

गांव के पहान और पुजार ने आम पेड़ के नीचे करम डाली स्थापित कर विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। पूजा के दौरान अच्छी फसल, बेहतर बारिश, गांव की खुशहाली और आपसी भाईचारे की कामना की गई। पूजा के बाद युवक-युवतियों एवं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर सामूहिक गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। देर शाम तक गांव में उत्सवी माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि बुढ़िया करम पर्व आदिवासी संस्कृति और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व लोगों को पेड़-पौधों के महत्व और सामाजिक एकता का संदेश देता है।मौके पर ग्राम प्रधान बंधना उरांव, वार्ड सदस्य एतवा उरांव, पहान गंदूर उरांव, पुजार नगु उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
**3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004**

**NOTICE INVITING TENDERS**
**(National Competitive Bidding Through e-Procurement)**
**Re- eTender No.- 14/ 2026-27- Ranchi, Dated: 26.05.2026**
**PR No- 364457 dated 18.10.2025**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenace Cost (in lakhs) | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Garhwa | Bhandaria | JH-07-PMJANMAN- GAR-01 (2025-26) (8th Call) | L021-Bathan Toli To Kochli (Barkol Kalan) | 3.400 | 275.68 | 30.01 | 305.69 | 1288.48 | 25.77 | 18 |
| | Garhwa | Bhandaria | | L023-Madgari Road To Totki | 4.300 | 369.92 | 36.41 | 406.33 | | | |
| | Garhwa | Chinia | | L023-Pmgsy Uday More To Parsukhar Road | 2.000 | 177.58 | 18.25 | 195.83 | | | |
| | Garhwa | Ranka | | L022-Pwd Main Road To Amhar | 3.800 | 347.95 | 32.68 | 380.63 | | | |
| | | Total | | | 13.5 | 1171.13 | 117.35 | 1288.48 | 1288.48 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

**Details of bid submission is as under:**

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | **02.06.2026 at 10.00 AM** | **11.06.2026 upto 5.00 PM** | **05.06.2026 upto 2.00 PM** | **11.06.2026 upto 5.00 PM** | **11.06.2026 at 05.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit one time grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Engineer-in- Chief**
**Rural Works Department- Cum-**
**JSRRDA, Ranchi**

**PR 380887 Rural Work Department(26-27).D**

**विचार प्रवाह** यह न कहो - 'कल मैं अधिक समय तक ध्यान करूंगा।' तुम अचानक पाओगे कि तुम्हारी सदिच्छाएं पूरी होने से पहले ही एक वर्ष बीत गया। बल्कि यह कहो- 'शेष सब कुछ प्रतीक्षा कर सकता है, परंतु मेरी ईश्वर की खोज प्रतीक्षा नहीं कर सकती।' **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# अलग पहचान कार्ड का जंजाल और गणना कराते गुरूजी

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत को इंडिया बनाने के लिए योजनाबद्ध कार्य करना जरुरी है, जिसमें हर बात पर राजनीति सबसे बड़ी बाधा है पर इसके लिए आवश्यक आंकड़े जुटाने के लिए अभी होने वाली जनगणना के साथ एक सवाल फिर उठ खड़ा हुआ है कि सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों की रूचि घटती जा रही है और मध्यान्न भोजन न हो तो नामांकन के लिए बच्चे मिलें नहीं,ऐसे में महीनों तक सिर्फ सरकारी शिक्षक ही क्यों जनगणना करेंगे? क्या इससे पढ़ाई और परीक्षाफल प्रभावित नहीं होंगे? अनेक शिक्षक संगठनों ने भीषण गर्मी और एप आधारित जनगणना में चूक पर कार्रवाई की धमकी का विरोध किया है पर किसी राजनेता ने इसपर बयान नहीं दिया क्योंकि अनेक नेताओं के निजी स्कूल समानांतर चल रहे हैं जिसके फलने-फूलने के लिए सरकारी स्कूलों की बदहाली जरुरी है। स्थिति यह है कि झारखंड में 40,000 पदों पर दूसरे चरण में भर्ती, यूपी में 90,000 से अधिक पदों पर भर्तियां प्रस्तावित हैं,बिहार में 40,000 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है,गुजरात में प्राथमिक स्कूलों में 11,000 पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया निकाली गई थी,चंडीगढ़ में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 582 पदों के लिए विज्ञापन जुलाई 2026 तक जारी करने के निर्देश प्रशासन को दिए गए हैं। अब ऐसे में एसआइआर से लेकर पशुगणना तक करने वाले शिक्षकों के शिक्षा अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ते हैं कि मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध डाटा से ड्यूटी लगाई गई है। देश में कई विद्यालय शिक्षकविहीन हो गए, तो कई में गिने-चुने शिक्षक ही सैकड़ों बच्चों को संभालते हैं। शिक्षकों के जनगणना प्रशिक्षण में लगने से अलग नामों से चलने वाला 'स्कूल चलो अभियान' भी बढ़ नहीं पाया। शिक्षकों के प्रशिक्षण में जाने से इस बार ड्रॉप आउट और नए बच्चों को दाखिला भी नहीं दिलाया जा सका। ऐसे में गरीब,दलित और पिछड़े वर्ग के लिए सरकार सार्वजनिक शिक्षण व्यवस्था को कॉन्वेंट शिक्षा के मुकाबले कैसे मजबूत करेगी? विकसित देशों में शिक्षकों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। सनातन संस्कृति में भी गुरु को गोविंद से ऊपर मान्यता प्राप्त है, पर गुरूजी गैर शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं। अस्सी और नब्बे के दशक में पढ़े तमाम आईएएस-आईपीएस अफसर हैं, जो अपनी पढ़ाई सरकारी विद्यालयों से होने का जिक्र कर गर्व से भर उठते हैं।ऐसे अफसरों से उम्मीद यही की जानी चाहिए कि शिक्षकों के प्रति जो सम्मान इनके मन-मस्तिष्क में है, उसे वह नई पीढ़ी के दिलोदिमाग में भी गहराई तक पहुंचाने की कोशिश करें। लेकिन संभवतः अफसर भी मजबूर हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं ही नहीं, बल्कि ऐसी गणना के लिए अलग से विभाग खुले या गैर जरुरी विभागों को चुनाव ड्यूटी की तरह काम पर लगाया जाए। कस्बों में चल रहे निजी विद्यालयों के पास न मानक के अनुरूप शिक्षक हैं और न ही भवन, पर वे सरकारी शिक्षण और रिजल्ट में इन्हें चुनौती दे रहे हैं। जबकि सम्मानजनक वेतनमान के साथ मानक के अनुरूप प्रशिक्षित शिक्षक भी सरकारी सेवा में हैं और बीते कुछ वर्षों में छात्र-शिक्षक अनुपात सुधरा है। यूडायस पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में देशभर में कुल 1.01 करोड़ शिक्षक हैं, जिन पर 24.69 करोड़ बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है। इनमें से 50.87 फीसदी शिक्षक सरकारी विद्यालयों के हैं। कुल संख्या के 49.24 फीसदी बच्चों का भविष्य इन्हीं के हाथ है। अभिभावकों की मंशा यह होती है कि उनका बच्चा नियमित विद्यालय जाए, पर सरकारी विद्यालयों में आए दिन किसी न किसी कार्यक्रम के चलते व्यवधान उन्हें खटकता है।इसी वजह से अप्रशिक्षित शिक्षक और मानकविहीन भवन होने के बावजूद निजी विद्यालय सफल हो रहे हैं। बच्चों का रुझान सरकारी विद्यालयों की ओर बढ़े, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह शिक्षकों को पढ़ाई से इतर कार्यों से दूर ही रखे।सरकार उन कर्मचारियों को इन कामों में लगा सकती है, जो फील्ड से जुड़े काम कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों पर सरकार ने ध्यान केंद्रित कर सरकारी विद्यालयों को कॉन्वेंट जैसा स्वरूप देने की पहल की। सुधार की तमाम योजनाएं चला कर स्कूलों का कायाकल्प किया। लेकिन अब तक उसके सकारात्मक नतीजे नहीं आए हैं। जब तक शिक्षकों को नियमित शिक्षण कार्य से जोड़े रखने की चेतना नहीं आएगी, सरकारी शिक्षा व्यवस्था यों ही डगमगाती रहेगी। इसके लिए भी पहल शासन को ही करनी होगी। पढ़-लिखकर नीति निर्धारण के लायक बने अफसरों को भी शिक्षण कार्य की गंभीरता को समझना होगा। सबकी सोच यही होनी चाहिए कि जो शिक्षक हैं, उन्हें शिक्षक ही बने रहने दें। एक समाधान और भी हो सकता है कि आधार कार्ड,वोटर आईडी कार्ड जैसे दर्जनों कार्ड के बजाय एक नागरिक कार्ड हो जिसमें हर बात ऑनलाइन दर्ज होने पर डेटाबेस अपने आप अपडेट होता जाएगा जबकि अभी जन्म-मृत्यु से लेकर हर डेटा के जंजाल में करोड़ों मानवसंपदा हम व्यर्थ गंवा रहे हैं।

# सीवर में मौत का खेल...

- बिहार के वैशाली में एक सेप्टिक टैंक के भीतर एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत।
- छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक अस्पताल के सेप्टिक टैंक के भीतर तीन कर्मचारियों की मौत।
- मध्य प्रदेश के इंदौर में बचाव कार्य के दौरान सीवर कर्मचारियों की मौत।
- दिल्ली के सीमापुरी में एक संविदा सफाई कर्मचारी की मौत, जिसे कथित रूप से खतरनाक खुले नाले की सफाई के लिए मजबूर किया गया।
- हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में ठेकेदारों और नगर निकायों के सफाई कार्यों के दौरान हुई कई सीवर मौतें।
- औद्योगिक ड्रेनेज टैंकों और सीवेज चैम्बरों में बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के काम करते हुए प्रवासी मजदूरों की मौतें।

आज की बात



कुमार कृष्णन

**अनौपचारिक और आउटसोर्स ठेकेदारी व्यवस्था भी श्रम उल्लंघनों और मौतों को छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मैनुअल स्कैवेंजिंग की निरंतरता गहरे जातिगत भेदभाव, श्रम शोषण, प्रशासनिक लापरवाही, सुरक्षा मानकों के कमजोर क्रियान्वयन और सरकारों तथा नागरिक निकायों द्वारा बार-बार वादों के बावजूद मशीनीकृत सफाई व्यवस्था लागू न करने की विफलता को दर्शाती है**

ये मौतें उस समय हो रही हैं जब "मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013" के तहत खतरनाक मैनुअल स्कैवेंजिंग पर कानूनी प्रतिबंध लागू है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मशीनीकरण और मुआवजे को लेकर कई बार निर्देश दिए जा चुके हैं तथा सरकारें बार-बार मैनुअल स्कैवेंजिंग समाप्त करने के दावे करती रही हैं। भारत में, हाथ से मैला ढोने वालों की गरिमा और बुनियादी अधिकारों की लड़ाई अभी भी जारी है। किए गए वादे भुला दिए गए हैं। मार्च–मई 2026 के दौरान विभिन्न राज्यों से सामने आई सीवर और सेप्टिक टैंक मौतों की चिंताजनक श्रृंखला की पृष्ठभूमि में आयोजित की गई। केवल इन तीन महीनों के दौरान ही कम-से-कम 36 सफाई कर्मचारियों की सीवर, सेप्टिक टैंक, नालों और सीवेज चैम्बरों की सफाई करते समय अत्यंत असुरक्षित और अवैध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। ये मौतें बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से रिपोर्ट की गईं। मृतक कर्मचारी मुख्यतः वाल्मीकि समुदाय और अन्य ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर रहे समुदायों या प्रवासी मजदूरों से थे तथा अधिकांशतः अनौपचारिक ठेकेदारी व्यवस्था के माध्यम से कार्यरत थे, जो नगर निकायों, निजी संस्थानों, उद्योगों और सरकारी एजेंसियों को जवाबदेही से बचाती रहती है। लगभग हर मामले में कर्मचारियों को ऑक्सीजन सिलेंडर, ब्रीदिंग अपरेटस, गैस डिटेक्टर, सुरक्षा पोशाक, हार्नेस या आपातकालीन बचाव प्रणाली के बिना अत्यधिक जहरीले बंद स्थानों में उतरने के लिए मजबूर किया गया। इनमें से कई मौतों में एक ही भयावह ढंग देखने को मिला, जो भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक मौतों में आम हैः एक कर्मचारी चैम्बर में उतरता है और जहरीली गैस या ऑक्सीजन की कमी के कारण बेहोश होकर गिर जाता है, जिसके बाद अन्य कर्मचारी उसे बचाने के प्रयास में अंदर जाते हैं और वही असुरक्षित परिस्थितियां उनकी भी जान ले लेती हैं। यह लगातार दोहराई जाने वाली "रेस्क्यू-चेन फेटैलिटी" स्थिति बुनियादी बंद-स्थान सुरक्षा प्रोटोकॉल की पूरी अनुपस्थिति को उजागर करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई बार स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बिना सीवर या सेप्टिक टैंक में नहीं उतारा जाना चाहिए तथा सीवर और सेप्टिक टैंक मौतों के लिए 30 लाख रुपए मुआवजे का निर्देश दिया है। इसके बावजूद पूरे देश में खतरनाक मैनुअल एंट्री बिना किसी जवाबदेही के लगातार जारी है। केंद्र



सरकार ने स्वयं संसद में जानकारी दी कि 2017 से लेकर 2026 की शुरुआत तक 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई कार्यों के दौरान 622 सफाई कर्मचारियों की मौत हुई। सरकार ने आगे बताया कि--2021 से 2025 के बीच खतरनाक सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई कार्यों में 317 सफाई कर्मचारियों की मौत हुई;अप्रैल 2026 तक नमस्ते योजना के तहत 89,248 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की प्रोफाइलिंग की गई।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद 52 प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिला था। वास्तविक मौतों की संख्या संभवतः इससे कहीं अधिक है क्योंकि अनेक मौतों को मैनुअल स्कैवेंजिंग मौतों के बजाय सामान्य कार्यस्थल दुर्घटना के रूप में दर्ज कर दिया जाता है। अनौपचारिक और आउटसोर्स ठेकेदारी व्यवस्था भी श्रम उल्लंघनों और मौतों को छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मैनुअल स्कैवेंजिंग की निरंतरता गहरे जातिगत भेदभाव, श्रम शोषण, प्रशासनिक लापरवाही, सुरक्षा मानकों के कमजोर क्रियान्वयन और सरकारों तथा नागरिक निकायों द्वारा बार-बार वादों के बावजूद मशीनीकृत सफाई व्यवस्था लागू न करने की विफलता को दर्शाती है। म्युनिसिपल वर्कर्स लाल झंडा यूनियन (सीटू) के अध्यक्ष धर्मेंद्र भाटी बताते हैं कि , " सरकार दावा करती है कि सफाई कार्य का मशीनीकरण हो चुका है, लेकिन ज़मीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। इस काम से सीवर कर्मचारियों का स्वास्थ्य सबसे अधिक प्रभावित होता है। पहले हर महीने लगभग 10–13 मौतें होती थीं, लेकिन अब 15–20 मौतें सामने आ रही हैं। मार्च के महीने में सीवर के भीतर जहरीली गैसें काफी बढ़ जाती हैं।""दिल्ली जल बोर्ड में ठेकेदारी व्यवस्था सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। 1998 में डीजेबी में लगभग 36,000 स्थायी कर्मचारी थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर लगभग 10,000 रह गई है। सरकार संविदा सीवर कर्मचारियों की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। उन्हें न्यूनतम वेतन, सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण, ईएसआई कार्ड और नियमित स्वास्थ्य जांच तक नहीं मिलती। पहले हर छह महीने में स्वास्थ्य जांच होती थी, लेकिन अब कर्मचारियों को वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। सीवर कर्मचारी हर दिन जहरीली गैसों के संपर्क में आते हैं, जिससे वे गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।"उनके अनुसार "यदि कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन मिलता, तो वे रविवार या खाली समय में मात्र 400–500 रुपये प्रतिदिन के लिए सीवर में उतरकर अपनी जान जोखिम में नहीं डालते। मृत कर्मचारियों के परिवारों को निश्चित समयसीमा के भीतर मुआवजा मिलना चाहिए, क्योंकि कई परिवार अंतिम संस्कार तक करने में असमर्थ होते हैं। सभी सीवर कर्मचारियों को डीजेबी में स्थायी नौकरी दी जानी चाहिए, संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए और सरकार व प्रशासन को उनके कल्याण के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।" अधिवक्ता कवलप्रीत कौर के अनुसार, दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच की रिपोर्ट के अनुसार केवल तीन महीनों में 36 सीवर कर्मचारियों की मौत हुई, यानी हर महीने औसतन 12 मौतें। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 और कई अदालती फैसलों के बावजूद ये मौतें जारी हैं।

सफाई कर्मचारियों की लगातार मौतें भारत में जाति-आधारित संरचनात्मक हिंसा के सबसे गंभीर और स्थायी रूपों में से एक हैं। ये कर्मचारी कोई उपेक्षित मजदूर नहीं हैं। वे ऐसे इंसान हैं जिन्हें गरिमा, समानता, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और संवैधानिक संरक्षण का अधिकार है। मार्च से मई 2026 के बीच दर्ज हुई मौतें यह साबित करती हैं कि कानूनी प्रतिबंध, अदालती निर्देशों और उन्मूलन के सरकारी दावों के बावजूद सीवर और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक मैनुअल सफाई जारी है। जब तक सख्त जवाबदेही, पूर्ण मशीनीकरण, व्यापक पुनर्वास, व्यावसायिक स्वास्थ्य सुरक्षा और जाति-आधारित सफाई श्रम व्यवस्था को समाप्त करने के गंभीर प्रयास नहीं किए जाते, तब तक सफाई कर्मचारी ऐसे खतरनाक कार्य करते हुए मरते रहेंगे जिनके लिए किसी भी इंसान को कभी सीवर में उतरने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, नगर निकायों, न्यायपालिका, मानवाधिकार संस्थाओं तथा नागरिक समाज से अपील की है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को दोबारा अपनी आजीविका कमाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सीवर या सेप्टिक टैंक में उतरने के लिए मजबूर न होना पड़े।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# कब तक चलेगी यह मनमानी ?

अलग बात



राजीव थेपड़ा

निजी स्कूलों द्वारा फीस लिए जाने और न लिए जाने की बातों पर बरसों से लगातार चर्चाएं ही चर्चाएं हो रही हैं, किन्तु समाधान कोई नहीं निकल पा रहा है। अभिभावकों की दलील है कि जब उनमें से कोई कमा ही नहीं रहा तो वह फीस कैसे भरें और स्कूल की दलील है कि जब उनके पास ही नहीं आएगी, तो वह अपने कर्मचारियों को वेतन कैसे देंगे। देखे जाने पर स्कूल प्रबंधनों की यह दलील अपने आप में काफी मासूमियत से भरी और लॉजिकल तथा लीगल नजर आती है, किंतु मामला इतना आसान नहीं है। देखने वाली बात यह है कि इस विषय पर यह देखा जाना भी बेहद जरूरी है कि जब देश का हर वर्ग अपनी आमदनी के खत्म हो जाने से परेशान है तथा हर तरह का व्यापार वर्ग भी अपनी आमदनी के खत्म हो जाने से अपने अपने स्तर के हिसाब से घाटे में है। तो फिर केवल स्कूलों को फायदा कैसे मिल सकता है? यह तो वही बात हुई कि तालाब की बाकी मछलियां मरें तो मरें, लेकिन बड़ी मछलियों को भोजन चाहिए और वह यहाँ तक कि उन्हें किसी भी हाल में चाहिए!! क्योंकि वह जिंदा कैसे रहेंगे ? यह दलील अपने आप में बेहद अजीबोगरीब दलील है, क्योंकि हम में से हर कोई पढ़ा-लिखा एवं जागरूक आदमी यह जानता है कि स्कूलों द्वारा ट्यूशन फीस के अलावा न जाने कितनी ही मदों में फीस ली जाती रही है और जो स्कूल जितने भी बरस से स्कूल चला रहा है वह उतने ही बरसों से उन मदों के पैसे अपने अकाउंट में हर छात्र से भरवा रहा है और यह उनमें से बहुत सारी मदें तो बिल्कुल अनिवार्य भी नहीं है और यहां तक कि उन मदों में बहुत सारी मदें तो बेहद अजीबोगरीब भी हैं! इसकी डिटेल में जाने का कोई मतलब नहीं, क्योंकि हममें से हर किसी के पास स्कूलों द्वारा दी जाने वाली फीसबुक बाक़ायदा हमारे हाथों में है और उन फीसबुकों में तरह-तरह की मदों का बाकायदा ब्योरा है और वह मदें दर्जनभर के लगभग हैं। तो हम किसी भी हाल में यह नहीं मानते कि की तारीख में किसी स्कूल प्रबंधन को स्कूल फीस न लिए जाने पर बहुत जबरदस्त नुकसान होने की संभावना है, क्योंकि उनके पास तरह-तरह की मदों में जमा किया गया काफ़ी धन पहले से ही जमा है, इसलिए जब दो महीनों में बाकी का अन्य वर्ग अपनी तमाम तरह की कमाई लुटा कर भी और नुकसान सहकर भी जिंदा रह सकता है, तो स्कूल क्यों नहीं जिंदा रह सकते हैं? अगर स्कूलों द्वारा किसी भी तरह की फीस लिया जाना जायज कहा जा सकता है, तो वह केवल ट्यूशन फीस लिया जाना जायज है। अगर वह ऐसा करते हैं, तब तक तो किसी हद तक इसे जायज तर्कसंगत और लीगल माना जा सकता है। इससे अधिक स्कूलों की कोई भी दलील बेबुनियाद और बिल्कुल ग़ैरजायज़ ही कही जाएगी ,यह मेरा सुविचारित मत है। स्कूलों के प्रबंधन लगातार यह बात भी कह रहे हैं कि स्कूल फीस के अलावा उनकी और कोई आमदनी का स्रोत नहीं है, तो यह बात तो देश के हर नागरिक के साथ लागू होती है। हर नागरिक जो काम वह कर रहा है, उसके पास भी उस आमदनी के अलावा आमदनी का कोई अन्य स्रोत नहीं है और हरेक बिजनेसमैन के भी अपने-अपने स्तर पर उतने ही खर्चे हैं ,जितने खर्चे स्कूलों के पास है, ऐसे में अगर एक बिजनेसमैन अपने समूचे लाभों को खोकर भी यदि अपने कर्मचारियों को आधी या पूरी तनख्वाह देता है, तो बिल्कुल यही तर्क स्कूलों के ऊपर भी लागू होता है। वे भी अपने कर्मचारियों को इन दो महीनों की आधी तनख्वाह दे सकते हैं और चुँकि स्कूल किसी ट्रस्ट के तहत गैर लाभ गैर हानि की तर्ज पर नहीं चलाए जाते, बल्कि वह विशुद्ध व्यापारिक संस्थानों की तरह चलते हैं और यह बात ख़ास तौर पर निजी स्कूलों पर पूरी तरह से लागू होती हैं, इसलिए इस मुद्दे पर स्कूलों द्वारा दी गई दी जा रही किसी भी दलील से हम पूर्णतया असहमत हैं। अब रही स्कूलों द्वारा ऑनलाइन क्लासेज लिए जाने की बात तो ऑनलाइन क्लासेस 1000 से लेकर 1200 तक की होती है, तो वह फीस बाकायदा स्कूल प्रबंधन अभिभावकों से ले सकता है और उसके लिए संभवतः है हममें से अधिकतर अभिभावक राजी भी होंगे। लेकिन इसके अलावा कोई भी बात वह करते हैं तो वह बिल्कुल नाजायज होगी । और अगर स्कूल ऐसा कहते हैं तो इसका मतलब यह भी है कि इस देश के 130 करोड़ लोग बेशक भाड़ में जाए, लेकिन स्कूलों को उनकी कमाई मिलनी ही चाहिए । स्कूलों का प्रबंधन कहता है कि स्कूल कार्य सेवा-कार्य हैं।

**(बहुत सारे अभिभावकों के साथ हुई बातचीत के ऊपर आधारित मेरी यह बात)**

आपकी बात

## वीर सावरकर राष्ट्रभक्ति व स्वाभिमान के प्रतीक



संजय सर्राफ

भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, ओजस्वी साहित्यकार एवं कवि विनायक दामोदर सावरकर की जयंती प्रतिवर्ष 28 मई को मनाई जाती है। उनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भगूर गांव में हुआ था। वीर सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के लेखक, इतिहासकार, कवि, समाज सुधारक और दूरदर्शी विचारक भी थे। उनकी जयंती राष्ट्रप्रेम, त्याग, साहस और स्वाभिमान की प्रेरणा देने वाला दिवस माना जाता है।वीर सावरकर ने कम उम्र में ही देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का मार्ग चुन लिया था। उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध युवाओं में क्रांतिकारी चेतना जागृत करने के लिए अभिनव भारत संगठन की स्थापना की। बाद में वे इंग्लैंड गए, जहां उन्होंने भारत की आजादी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवाज बुलंद की। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक-1857 का स्वातंत्र्य समर ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। अंग्रेज सरकार ने इस पुस्तक को प्रतिबंधित कर दिया था, क्योंकि इसमें 1857 की क्रांति को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम बताया गया था।वीर सावरकर का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्हें अंग्रेजों ने दो-दो आजीवन कारावास की कठोर सजा देकर अंडमान निकोबार की सेल्युलर जेल भेज दिया था।वहां उन्होंने अमानवीय यातनाएं सहते हुए भी अपने राष्ट्रभक्ति के संकल्प को कभी कमजोर नहीं होने दिया। जेल में रहते हुए उन्होंने अनेक कविताएं और लेख लिखे, जिन्हें साथी कैदी याद करके बाहर तक पहुंचाते थे। उनकी लेखनी में राष्ट्रप्रेम, आत्मबल और सामाजिक जागरण की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। वीर सावरकर जयंती मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को देशभक्ति, साहस, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। उन्होंने जाति-पांति और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों का विरोध किया तथा हिंदू समाज में एकता पर बल दिया। वे शिक्षा, संगठन और आत्मनिर्भरता को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते थे। उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## हमारे विचार महान और वचन मधुर हों यह हम अवश्य करें



स्वामी चिन्मयानंद

शरीर के तनावरहित क्षणों में आन्तरिक सूक्ष्म सृजन शक्ति प्रकट होती है। उसके द्वारा हम अपने मन की कुरूपताओं को दूर कर उसे सुन्दर भावों से अनुरंजित कर सकते हैं। हमारे व्यक्तित्व में इस समय जंगली झाड़-झंखाड़ खड़े हैं, नुकीले कांटे उग रहे हैं, विषैले नाग और कीड़े रेंग रहे हैं। हम ध्यान के समय इन सबको साफ कर इस स्थान पर संगधित पुष्प और रसीले फलों से भरपूर उपवन लगा सकते हैं। शुद्ध और सद्गुण से भरे हृदय में शक्ति और सदाचार का उद्भव होता है। अमर कवि शेक्सपियर के शब्दों में "अकलुषित हृदय से अधिक शक्तिशाली कवच क्या होगा ?" हम अपने चरित्र को इतना अधिक शुद्ध और सशक्त अवश्य बनावें जिससे अपने संघर्ष के क्षणों में हमारे अन्दर इतनी शक्ति रहे कि सभी चुनौतियों का सामना सरलता से कर सकें और हृदय को शान्त रखते हुए सदा उत्साहित और साहसी बने रहें। हमारे विचार महान और वचन मधुर हों यह हम अवश्य करें। हम अपने मन से ईर्ष्या निकाल दें। अपना स्वभाव प्रेमपूर्ण अवश्य बनावें। अपने शारीरिक सम्बन्धों पर अनुशासन रखें। दृढ़ रहें। यह अवश्य करें। जिन वस्तुओं और व्यक्तियों को, स्थितियों और घनटाओं को हम अपने दिव्य जीवन का साधन और साध्य समझते हैं उनका बौद्धिक मूल्यांकन बहुत व्यवस्थित रखें। हम यह अवश्य करें। हम अपने असंयमित वचनों और कर्मों से किसी के मन को विक्षुब्ध न करें। हमारा जीवन उदात्त और गौरवपूर्ण, शान्त और समरस रहे। हमारे समस्त कार्य ताल और लययुक्त हों, वे हमारे अपने लिए और जगत के लिए उपयोगी सिद्ध हों। परमात्मा में विश्वास रख कर हम इस लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहें। हम यह दिव्य जीवन अवश्य जिएं।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## आज का दोहा

झूठ न झूठा सा लगे, सत्य जहां संदिग्ध।
सारे ग्राहक नामजद, खुद अपने में बिद्ध।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# अर्श से फर्श पर क्यों और कैसे पहुंचे अभिषेक बनर्जी ?

देश की बात



सत्येंद्र प्रताप सिंह

इस विषय की शुरुआत एक कविता की इन पंक्तियों से करना उपयुक्त होगा। ये पंक्तियां अभिषेक बनर्जी की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर सटीक बैठती हैं-

**वो जो चलते थे तो शेर के चलने का होता था गुमान उनको भी पांव उठाने के लिए सहारे को तरसते देखा है।**

अभिषेक बनर्जी रोड शो के लिए राष्ट्रीय राज मार्ग और राज मार्ग का ही ज्यादातर इस्तेमाल करते थे। सड़कें चौड़ी, दोनों तरफ सुरक्षाकर्मियों का सख्त पहरा में जेड प्लस से भी अतिरिक्त सुरक्षा लेकर गाड़ियों का जब इनका काफिला निकलता था तो लगता था कि कोई राष्ट्राध्यक्ष या राष्ट्रप्रधान जा रहा है। भाषण भी तेजाबी जुबान का होता था। तारीख व समय के साथ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक को देख लेने की धमकी भरी चुनौती देते थे। अपनी पार्टी के सांसद, विधायक तो दूर वरिष्ठ नेताओं को भी पास नहीं फटकने देते थे। सुरक्षा घेरा इतना तगड़ा था कि कोई पहुंच भी नहीं सकता था।

बंगाल में नई भाजपा सरकार बनने के बाद स्थिति बदली है। अब तक कई प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाइयां सामने आई हैं। सरकार बदलने के बाद सबसे पहले जेड प्लस सुरक्षा वापस ले ली गई। इसके बाद उनके आवास से कई सरकारी सुरक्षा उपकरण भी हटाए गए। जिसमें एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर दिखने वाले बड़े स्कैनर मशीन।

कोलकाता स्थित उनके बहुचर्चित आवास "शांतिनिकेतन" पर पुलिस की टीम पहुंची और वहां से मॉनिटर व हार्ड डिस्क लेकर गई। नई सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा उपकरण वापस लेने की प्रक्रिया थी। गेट पर अभी साधारण सुरक्षा के तहत कुछ पुलिसकर्मी तैनात हैं लेकिन अब वह सख्ती नहीं है कि कोई वहां खड़ा भी नहीं हो सकता।

कोलकाता नगर निगम ने उनके परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की लगभग 17 संपत्तियों की दोबारा जांच शुरू की है। आरोप है कि कुछ भवनों में नक्शे से अलग निर्माण और आवासीय संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग की शिकायतें हैं। टैक्स बकाया और निर्माण अनियमितताओं की भी जांच चल रही है।

अभिषेक बनर्जी के बुरे समय में पार्टी का एक भी कोई नेता आगे आकर इनके पक्ष में बयान नहीं दे रहा है। बढ़ती कार्रवाई से परेशानहाल अभिषेक बनर्जी ने कलकत्ता हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाइकोर्ट ने अभिषेक बनर्जी को अंतरिम राहत देते हुए 31 जुलाई तक किसी भी कठोर कार्रवाई से संरक्षण दिया है। अभिषेक बनर्जी पर वैसे भी पिछले कुछ वर्षों में कई जांच और मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें मुख्य रूप से ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की जांच शामिल रही है।

**पशु तस्करी मामला :** ईडी और सीबीआई ने सीमा पार पशु तस्करी से जुड़े मामले में अभिषेक बनर्जी की पत्नी और रिश्तेदारों से पूछताछ की थी। आरोप था कि इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के साथ आर्थिक लेन-देन हुआ। हालांकि, अभिषेक बनर्जी ने सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया।

**कोयला घोटाला मामला :** पश्चिम बंगाल में अवैध कोयला खनन और तस्करी के मामले में ईडी ने कई बार पूछताछ की। जांच एजेंसियों का दावा था कि अवैध वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग का नेटवर्क सक्रिय था।

**शिक्षक भर्ती घोटाला :** सीधे आरोपी के रूप में नाम नहीं होने के बावजूद भाजपा और विपक्ष लगातार तृणमूल नेतृत्व पर सवाल उठाते रहे। इस मामले में पार्टी के कई नेताओं और मंत्रियों की गिरफ्तारी हुई थी।

**संपत्ति और अवैध निर्माण जांच :** हाल में कोलकाता नगर निगम ने अभिषेक बनर्जी से जुड़ी संपत्तियों को लेकर नोटिस जारी किए और जांच शुरू की। रिपोर्टों के अनुसार कुछ संपत्तियों के दस्तावेज और निर्माण नियमों की जांच की जा रही है।

**मानहानि और राजनीतिक मुकदमे :** भाजपा नेताओं और तृणमूल नेताओं के बीच कई मानहानि के मुकदमे भी चले हैं। अभिषेक बनर्जी ने कई मामलों में अदालत का रुख किया और कुछ मामलों में विपक्षी नेताओं को बयान वापस लेने पड़े।

बहरहाल, राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद यदि किसी एक नेता पर सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, तो वह निस्संदेह अभिषेक बनर्जी हैं। कभी सत्ता और संगठन दोनों में बेहद प्रभावशाली माने जाने वाले अभिषेक बनर्जी आज राजनीतिक और प्रशासनिक परिस्थितियों के चलते पहले जैसी आक्रामक भूमिका में दिखाई नहीं देते।

**ऐसे में समापन भी उसी कविता की इन पंक्तियों से-**

जिनकी आवाज में कभी बिजली कड़कने का होता था भरम
उनके होंठों पर भी आज जबरन चुप्पी का ताला लगा देखा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सीमावर्ती इलाकों में शाह की 360 डिग्री सुरक्षा योजना

- शाह ने बीकानेर में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**एजेंसी। जयपुर**



भारत-पाकिस्तान सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ, अवैध गतिविधियों, साइबर अपराध और सीमा पार से होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए एक व्यापक '360-डिग्री सुरक्षा योजना' तैयार की गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीकानेर में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसका मुख्य फोकस पाकिस्तान से सटे राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था।

बैठक के दौरान घुसपैठ, अवैध गतिविधियों, साइबर अपराध और सीमा पार नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए एक व्यापक '360-डिग्री सुरक्षा योजना' तैयार की गई। सीमा सुरक्षा बल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, राजस्थान पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन चर्चाओं में हिस्सा लिया।

## सीमावर्ती जिलों में साइबर और अवैध नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

एक बड़े प्रशासनिक कदम के तहत जिला मजिस्ट्रेटों को 'शेल कंपनियों', संदिग्ध वित्तीय लेनदेन और उन म्यूल खातों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के लिए ज्यादा अधिकार दिए गए, जिनका कथित तौर पर साइबर धोखाधड़ी और अवैध फंडिंग के कामों में इस्तेमाल किया जाता है।

अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया गया कि वे संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में चल रहे नकली आधार कार्ड बनाने वाले गिरोहों और संदिग्ध वित्तीय नेटवर्क की जांच करें। बैठक में साइबर अपराध से निपटने के उपायों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि त्वरित प्रतिक्रिया और आम लोगों की मदद के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन '1930' का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। अमित शाह ने देश के नए आपराधिक कानूनों को सख्ती से लागू करने का भी निर्देश दिया और यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन कानूनों का प्रभावी ढंग से पालन हो जिला प्रशासन, पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने का आह्वान किया। अधिकारियों के अनुसार, इसी तरह के सुरक्षा और अतिक्रमणरोधी उपाय इससे पहले बिहार के सीमांचल क्षेत्र में भी लागू किए गए थे, जहां अवैध रूप से बनाई गई संपत्तियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई थी।

## दृष्टिपात

### पार्टी के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका काकोली घोष ने टीएमसी से दिया इस्तीफा



**कोलकाता।** ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका देते हुए टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने बुधवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। बारासात से टीएमसी सांसद ने तृणमूल महिला विंग की अध्यक्ष और अन्य पदों से भी इस्तीफा दिया है। काकोली घोष दस्तीदार ने हाल में ही पार्टी नेतृत्व के प्रति सार्वजनिक रूप से असंतोष व्यक्त किया था। यह घटना बनर्जी द्वारा दस्तीदार को टीएमसी संसदीय दल के मुख्य सचेतक पद से हटाकर वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के बाद हुई। मंगलवार को इससे पहले, काकोली ने छह अन्य विधायकों के साथ कल्याणी में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की प्रशासनिक समीक्षा बैठक में भाग लिया। बारासात सांसद के अलावा, बैठक में टीएमसी के विधायक देगंगा से अनीसुर रहमान बिस्वास, स्वरूपनगर से बीना मंडल, हारोआ से मोहम्मद अब्दुल मतीन और बसीरहाट क्षेत्र के तीन अन्य विधायक भी उपस्थित थे। इससे पहले भाजपा के सांसद सौमित्र खान ने एक सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लगभग 50 विधायक और 20 सांसद पार्टी नेतृत्व से बेहद नाखुश हैं।

### नई दिल्ली: डकैती के पैसे से खरीदी ज्वेलरी मास्टरमाइंड समेत चार नाबालिग शामिल



**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 40 लाख रुपये की डकैती मामले में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड समेत छह आरोपितों को पकड़ने के साथ अपराध की कमाई से खरीदी गई ज्वेलरी और राजस्थान में खरीदे गए प्लॉट पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक 11.92 लाख रुपये नकद भी बरामद किए हैं। मामले में चार नाबालिग भी शामिल पाए गए हैं। उत्तर-पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बुधवार को बताया कि मामला केशवपुरम थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 436/2025 से जुड़ा है। 17 जुलाई 2025 को कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास कारोबारी मनोज तवानिया से करीब 39.99 लाख रुपये की लूट हुई थी। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश देशी कट्टा और चाकू से लैस थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर कई टीमें बनाई गईं।

**असम में यूसीसी बिल पास होने पर गृह मंत्री शाह बोले**

### समान कानून के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को असम विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित होने पर राज्य की जनता को बधाई दी। यह कानून विवाह, तलाक, अलगाव, उत्तराधिकार, संपत्ति के बंटवारे और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी ढांचा तैयार करेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने बुधवार को विधानसभा में यूसीसी विधेयक-2026 पारित करा लिया। इसके साथ ही असम, उत्तराखंड और गुजरात के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का तीसरा और पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया है। विपक्ष की ओर से विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजने की मांग और हंगामे के बावजूद इसे सदन से मंजूरी मिल गई।

### दिल्ली पुलिस के 'से हेल्प' ऐप ने बचाई महिला वकील पल्लवी नंदन की जान

**नई दिल्ली।** कभी-कभी कुछ मिनट की देरी जिंदगी और मौत के बीच का फासला तय कर देती है। सुप्रीम कोर्ट की एक महिला वकील के लिए दिल्ली पुलिस का 'से हेल्प' ऐप संकट की घड़ी में जीवनरक्षक साबित हुई। दिल की गंभीर बीमारी से जूझ रहीं महिला वकील की तबीयत अचानक बिगड़ी तो उन्होंने किसी तरह ऐप के जरिए मदद मांगी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और समय रहते इलाज मिलने से उनकी जान बच गई। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बुधवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट की महिला वकील पल्लवी नंदन दरियागंज इलाके में अपने पति के साथ रहती हैं। मंगलवार को वह घर पर अकेली थीं। उनके पति जरूरी दवाइयां लेने बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। बताया गया कि पल्लवी नंदन दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने अपने पति को भी फोन किया, लेकिन वह दरियागंज इलाके में बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के कारण लगे जाम में फंसे हुए थे। घटा मस्जिद के पास बैरिकेडिंग और सुरक्षा इंतजाम के चलते यातायात प्रभावित था।

### मप्र के रतलाम में मसीही सम्मेलन में हंगामा हिंदू संगठनों ने लगाए धर्मांतरण के आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रतलाम शहर के होटल अजंता पैलेस में चल रहे मसीही आध्यात्मिक सम्मेलन 'जीवन दर्शन' में बुधवार दोपहर हंगामा हो गया। हिंदू संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर धर्मांतरण के आरोप लगाए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और हॉल का गेट बंद कराकर स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के अनुसार यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल रतलाम और रतलाम पास्टर्स फेलोशिप द्वारा द्वारा 26 और 27 मई को अजंता पैलेस में इस आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हंगामे की सूचना पर सीएसपी अजय सारवान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इसी बीच बजरंग दल के पदाधिकारी सम्मेलन हॉल के बाहर परिसर में धरने पर बैठ गए और विरोध जताते हुए उन्होंने वहीं हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। तनाव को देखते हुए पुलिस ने हॉल के मुख्य गेट को अपने कब्जे में लेकर पहरा लगा दिया है। फिलहाल किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### प.दिल्ली : ई-स्कूटी से घर में लगी आग 13 साल के बच्चे की मौत, महिला झुलसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके के विष्णु गार्डन में मंगलवार देर रात एक घर में आग लगने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि 65 वर्षीय महिला गंभीर रूप से झुलस गईं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग घर के ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी और घरेलू सामान में लगी थी। दिल्ली दमकल विभाग के अनुसार दमकल कंट्रोल रूम को रात करीब 2:43 बजे विष्णु गार्डन की गली नंबर-9 स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों को भेजा गया। कुछ ही मिनटों बाद आग की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त दमकल वाहन भी मौके पर रवाना किए गए। दमकल अधिकारियों के अनुसार आग पर रात करीब 3:10 बजे काबू पा लिया गया। जबकि ऑपरेशन पूरी तरह रात 4:10 बजे खत्म हुआ। दमकल विभाग की शुरुआती जांच में सामने आया कि आग ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी और घर में रखे घरेलू सामान में लगी थी।

## नीट पेपर लीक मामले में दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार




- तेजस शाह पुणे की मेडिकल अकादमी में फिजिक्स फैकल्टी हैं
- सीबीआई अब तक 49 स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सीबीआई के अनुसार, लातूर निवासी डॉक्टर मनोज शिरुरे को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि उन्होंने आरोपी कोचिंग सेंटर संचालक के बेटे समेत तीन छात्रों को आरोपी पी.वी. कुलकर्णी से रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मामले में गिरफ्तार दूसरे आरोपी की पहचान तेजस हर्षदकुमार शाह के रूप में हुई है। वह पुणे स्थित डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल अकादमी में भौतिकी के फैकल्टी सदस्य हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, उन्हें नीट-यूजी 2026 परीक्षा का लीक हुआ भौतिकी का प्रश्नपत्र पहले से गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से मिला था। सीबीआई ने बताया कि मामले में साजिश की पूरी कड़ी और अन्य आरोपियों की भूमिका का पता लगाने के लिए जांच लगातार जारी है। एजेंसी अब तक देशभर में 49 स्थानों पर तलाशी अभियान चला चुकी है। इस दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की विस्तृत जांच की जा रही है। सीबीआई ने यह मामला 12 मई को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया था। शिकायत में नीट-यूजी 2026 परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की बात कही गई थी। मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने विशेष जांच दल गठित किए और देश के कई राज्यों में एक साथ छापेमारी की। जांच के दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई। अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहिल्यानगर से 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## एसआइआर पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# चुनाव आयोग को एसआइआर करने का है संवैधानिक अधिकार

- अदालत की राय में एसआईआर के दौरान उठाए गए कदम जरूरत के मुताबिक थे।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले में निर्णय दिया।

याचिकाओं में चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर की वैधता को चुनौती दी गई थी। अदालत को यह तय करना था कि क्या चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 326, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और उससे जुड़े नियमों के तहत वर्तमान स्वरूप में एसआईआर कराने का अधिकार है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत ने कई महत्वपूर्ण सवालों पर विचार किया। इनमें यह भी शामिल था कि क्या चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का संवैधानिक अधिकार है और क्या एसआईआर के जरिए आयोग नागरिकता तय करने की कोशिश कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अगर चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार है, तो यह भी देखना होगा कि उसकी प्रक्रिया क्या होगी। हालांकि, केवल प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सवालों के आधार पर पूरे एसआईआर को अवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी हैं।

पीठ ने यह भी कहा कि यह सवाल उठाया गया कि क्या इस समय एसआईआर कराने की कोई वैध आवश्यकता है। अदालत की राय में एसआईआर के दौरान उठाए गए कदम जरूरत के मुताबिक थे।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि एसआईआर बिहार में चुनाव प्रक्रिया और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के संवैधानिक दायित्व से ध्यान नहीं भटकाता। उन्होंने मतदाताओं पर खुद को साबित करने का बोझ डालने वाली दलील को भी खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने पुराने निवास स्थान से कहीं और रहने लगा है, तब भी वह पुरानी एसआईआर प्रक्रिया से बाहर नहीं हो जाता। उसका या उसके परिवार का नाम पुराने रिकॉर्ड में मौजूद होगा।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**



### संवैधानिक और नैतिक हार : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने का निर्णय लिया गया था। कोर्ट ने कहा कि यह पुनरीक्षण चुनाव आयोग की संवैधानिक और वैधानिक शक्तियों के दायरे में है और इसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखना है। फैसले के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इसे लोकतंत्र की संस्थाओं पर विपक्ष के हमलों की नाकामी के रूप में पेश किया। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्णतः बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक दृष्टि से करारी हार मिलने के बाद, अनर्गल बयानों और अफवाहों के बावजूद जनता से किसी भी प्रकार का समर्थन न मिलने के पश्चात मुझे लगता है कि अब विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, नैतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर भी पूरी तरह पराजित हो चुकी है।

### फरार टीएमसी विधायक बंगाल पुलिस की गिरफ्त में



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को फरार तृणमूल विधायक दिलीप मंडल को ओडिशा के पुरी से हिरासत में ले लिया। दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक दिलीप मंडल को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक होटल से हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, दिलीप मंडल को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया जा रहा है। हाल ही में बिष्णुपुर के विधायक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी है। वीडियो में आरोप है कि दिलीप ने एक अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धमकी दी थी। इस घटना को लेकर विधायक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। धमकी देने के आरोपों के आधार पर पुलिस ने गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## ईडी की छापेमारी पर पिनारयी विजयन का पलटवार

# राहुल गांधी जैसे को मिलेगी संतुष्टि

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अपने आवासों पर ईडी की तलाशी पर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईडी लंबे समय से मेरे घर की तलाशी लेना चाहती थी। मुझे लगता है कि इस तलाशी से कुछ लोगों को, खासकर राहुल गांधी जैसे लोगों को, बहुत संतुष्टि मिलेगी। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि पिनारयी विजयन के घर पर छापा क्यों नहीं मारा जा रहा है और उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार देश में विपक्षी नेताओं पर जानबूझकर हमले करती रही है। इसके खिलाफ देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रुख यह है कि ईडी द्वारा अपनी पार्टी के अलावा अन्य पार्टियों के खिलाफ की गई दखलअंदाजी जारी रहनी चाहिए। इससे हमारा अंत नहीं होने वाला है। हम इसे सिर्फ एक शुरुआत मानते हैं। किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि ऐसी कार्रवाइयां हमें मिटा सकती हैं। यहां स्थानीय लोगों और पार्टी साथियों की भावनाएं व्यक्त की गईं। जब भी दुश्मनों ने मुझ पर हमला करने की तैयारी की, मुझे पार्टी का मजबूत समर्थन मिला। यही हमारी ताकत है। आइए हम सब मिलकर हर चुनौती का सामना करें। अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन, उनके दामाद पी ए मोहम्मद रियास और कई अन्य लोगों के आवासों पर तलाशी ली। केरल भर में कुल 10 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है।

### पूर्व सीएम विजयन के आवास के बाहर ईडी अधिकारियों पर हमला, की तोड़फोड़



**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम में पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास के बाहर उस वक्त भारी हंगामा मच गया, जब सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों की गाड़ी पर हमला कर दिया। ये कार्यकर्ता केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। 'कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड' (सीएमआरएल) मामले में केरल के 10 ठिकानों पर एजेंसी द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया था। तिरुवनंतपुरम में भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक ईडी अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के आवास पर छापा पूरा कर लिया था और जब वे वहां से निकल रहे थे, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके वाहनों को रोक दिया।

## घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी न करें : राजनाथ सिंह



- मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्कृष्ट कार्य किया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान- अमेरिका संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात और उसके भारत पर संभावित प्रभावों को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में बुधवार को नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में मंत्रियों के अनौपचारिक अधिकार प्राप्त समूह (आईजीओएम) की एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इस दौरान देशवासियों से अपील की गई है कि वे किसी घबराहट में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी न करें। सरकार का कहना है कि देश में सप्लाई चैन की स्थिति सामान्य बनी हुई है। बैठक में पश्चिम एशिया में उभरते सुरक्षा परिदृश्य, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री व्यापार मार्गों, परिवहन व्यवस्था तथा आवश्यक सेवाओं पर संभावित प्रभावों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। फिलहाल दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की स्थिति है, लेकिन फिर भी क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। बैठक के उपरांत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती की समीक्षा के लिए मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह (आईजीओएम) की छठी बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

**एआई से राशन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की हुई बैठक

# 25,530 करोड़ की 'सार्थक' पीडीएस योजना मंजूर

- एआई, मशीन लर्निंग, एनएलपी और ब्लॉकचेन तकनीक का होगा उपयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**ब्लॉकचेन तकनीक से लैस होगी 'सार्थक पीडीएस' योजना**

एक एकीकृत, नागरिक-केंद्रित, बुद्धिमान और अंतरसंचालनीय पीडीएस संरचना प्रदान करना है, जो अंतिम दूरी तक वितरण सुनिश्चित करती है। लीकेज को कम करती है और एनएफएसए के तहत खाद्य सुरक्षा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह एकीकृत योजना 31 मार्च, 2031 तक संचालित रहेगी। सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), स्वाभाविक भाषा प्रसंस्करण और ब्लॉकचेन जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पीडीएस संचालन को आधुनिक बनाना, एकीकृत करना और बुद्धिमत्तापूर्वक अनुकूलित करना है। एआई-संचालित शिकायत और विश्लेषण प्रणाली, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आईएसओ-प्रमाणित प्रसंस्करण संरचनाएं तैयार की गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में राशन परिवहन और हैंडलिंग-आय में स्वचालन के लिए सहायता योजना (सार्थक पीडीएस) को अगले पांच वर्षों के लिए एक अंब्रेला योजना के रूप में जारी रखने को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए केंद्र सरकार की हिस्सेदारी के तौर पर 25,530 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीईए ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा खाद्यान्नों की राज्य के भीतर आवाजाही और हैंडलिंग पर किए गए खर्च, एफपीएस डीलरों के मार्जिन को पूरा करने के लिए केंद्रीय सहायता के मानदंडों को संशोधित करने और केंद्रीय सहायता के मौजूदा फंडिंग पैटर्न को जारी रखने का भी निर्णय लिया है।

बयान में कहा गया है कि इस योजना को 16वें वित्त आयोग की आबंटन अवधि में एक 'अम्ब्रेला योजना' के रूप में तैयार किया गया है। यह योजना एनएफएसए के तहत खाद्यान्नों के अंतर-राज्यीय आवागमन और एफपीएस डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार की योजना (स्मार्ट पीडीएस) को एकीकृत करती है, ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के कार्यान्वयन को व्यापक रूप से मजबूत किया जा सके। सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य अंतरराज्यीय आवागमन, हैंडलिंग और एफपीएस डीलर के मार्जिन के लिए सुनिश्चित वित्तीय सहायता प्रदान करना।




### भारत के श्रेष्ठ आमों के आयात पर जापान ने लगाई अस्थायी रोक

# आमों के कीटनाशक और कीट प्रबंधन में कमी से निर्यात रुका

- अत्याधुनिक तकनीक और निर्यात में मेक्सिको थाईलैंड, पेरू व ब्राजील आगे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े आम उत्पादक देश भारत के लिए एक्सपोर्ट मार्केट से एक बेहद चिंताजनक खबर आई है। अपनी बेहतरीन मिठास और खुशबू के लिए दुनिया भर में मशहूर भारतीय प्रीमियम आमों (अल्फांसो, केसर, लंगड़ा और बंगनापल्ली) के आयात पर जापान ने अस्थायी रोक लगा दी है। यह फैसला भारतीय आमों की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन में बरती गई लापरवाही के बाद लिया गया है।

इस झटके के बीच, भारतीय निर्यातकों की नजरें अब उन 5 बड़े देशों पर टिकी हैं जो भारतीय आम के सबसे बड़े मुरीद हैं।जापान के प्लांट क्वारंटाइन अधिकारियों ने हाल ही में भारत के वेपर हीट ट्रीटमेंट सेंटर्स का निरीक्षण किया था। इस जांच में परिचालन मानकों और पेस्ट कंट्रोल (कीटनाशक व कीट प्रबंधन) में कई गंभीर कमियां पाई गईं। योकोहामा प्लांट प्रोटेक्शन एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक भारतीय ट्रीटमेंट सेंटर्स जापानी सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते, तब तक यह पाबंदी जारी रहेगी।जापान के झटके के बावजूद, दुनिया के कई देशों में भारतीय आमों की भारी मांग है।

## भारत के मीठे आमों की अभी भी है वैश्विक मांग

### भारत से सबसे ज्यादा आम खरीदने वाले शीर्ष 5 देश

1. **संयुक्त अरब अमीरात:** यह भारतीय आमों का सबसे बड़ा खरीदार है। वहां रह रहे लाखों भारतीय प्रवासियों के कारण अल्फांसो और केसर की यहाँ रिकॉर्ड मांग रहती है।
2. **यूनाइटेड किंगडम:** यूरोपीय देशों में यूके भारतीय आमों का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है, जहाँ प्रीमियम क्वालिटी के आम भेजे जाते हैं।
3. **अमेरिका:** अमेरिकी बाजार में कड़े मानकों के बावजूद भारतीय आम अपनी जगह बनाए हुए हैं, हालांकि यहाँ विकिरण प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य होता है।
4. **नेपाल:** भौगोलिक निकटता के कारण नेपाल कम समय में और कम लागत पर भारी मात्रा में ताजे भारतीय आमों का आयात करता है।
5. **मिडिल ईस्ट (ओमान, कतर, बहरीन):** खाड़ी देशों में भी भारतीय आमों का बड़ा बाजार है, लेकिन मौजूदा समय में भू-राजनीतिक तनाव और लॉजिस्टिक्स समस्याओं के कारण इस रूट पर आंशिक असर देखा जा रहा है।

### मानकों में लापरवाही क्यों?

भारत में निर्यात मानकों (जैसे फाइटोसेनेटरी सर्टिफिकेट और हॉट वॉटर/वेपर हीट ट्रीटमेंट) के पालन में ढिलाई की मुख्य वजह बुनियादी ढांचे की कमी और उच्च लागत है। भारत के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक ट्रीटमेंट प्लांट्स और कोल्ड चेन स्टोरेज की भारी किल्लत है। इसके अलावा, छोटे किसान और स्थानीय निर्यातक कड़े वैश्विक नियमों से पूरी तरह जागरूक नहीं हैं या फिर ट्रीटमेंट के खर्च से बचने के लिए शॉर्टकट अपनाते हैं। अमीर और विकसित देशों (जैसे अमेरिका, यूरोपीय संघ और जापान) को आम निर्यात करने के मामले में मेक्सिको, थाईलैंड, पेरू व ब्राजील भारत से कहीं आगे हैं।वैश्विक आम व्यापार में भारत की हिस्सेदारी उत्पादन के मुकाबले बेहद कम (लगभग 4-5%) है, जबकि मेक्सिको दुनिया का सबसे बड़ा आम निर्यातक देश है। इसका कारण यह है कि मेक्सिको और थाईलैंड जैसे देश कड़े अमेरिकी और जापानी मानकों (जैसे कीटनाशक अवशेषों की सीमा और हॉट वॉटर ट्रीटमेंट) का 100% पालन करते हैं और उनका लॉजिस्टिक्स नेटवर्क भारत से कहीं ज्यादा आधुनिक है।ऐसे में यदि भारत को वैश्विक बाजार में नंबर वन बनना है, तो केवल उत्पादन बढ़ाना काफी नहीं होगा, बल्कि 'जीरो डिफेक्ट' की नीति अपनानी होगी।



## "तीन दिन तक कोशिश की..."

# डिजीलॉकर व सर्वर क्रैश से हजारों नेट अभ्यर्थियों का भविष्य संकट में

### पत्र लिखकर पोर्टल को दोबारा खोलने की गुहार लगाई

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापक बनने और शोध (जेआरएफ) की राह चुनने वाले हजारों मेधावी छात्रों का भविष्य इस समय अधर में लटका नजर आ रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली यूजीटी-नेट जून 2026 परीक्षा के आवेदन की समय सीमा बढ़ाने के बावजूद, 'डिजिटल डिवाइड' और तकनीकी खामियों के कारण सैकड़ों योग्य उम्मीदवार पंजीकरण प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर हो गए हैं।23 मई की अंतिम तिथि बीत जाने के बाद अब दिल्ली विश्वविद्यालय समेत देश के विभिन्न राज्यों के छात्रों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पत्र लिखकर पोर्टल को दोबारा खोलने की गुहार लगाई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी



ने इस बार सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए डिजीलॉकर सत्यापन को अनिवार्य किया था, लेकिन यही प्रक्रिया ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों के लिए मुसीबत बन गई। ओडिशा के कालाहांडी जैसे सुदूर क्षेत्र के एक दर्शनशास्त्र के छात्र ने यूजीसी को लिखे पत्र में अपनी पीड़ा व्यक्त की है। छात्र के अनुसार, भौगोलिक विषमताओं और इंटरनेट की धीमी गति के कारण 'डिजीलॉकर वेरिफिकेशन' में भारी देरी हुई, जिससे उनका फॉर्म समय पर सबमिट नहीं हो सका। छात्र ने लिखा, "केवल प्रक्रियात्मक और तकनीकी कारणों से इस बड़े अवसर को खोना किसी त्रासदी से कम नहीं है।"

**तीन दिन तक लगातार क्रैश रहा पोर्टल-** समस्या सिर्फ सत्यापन तक सीमित नहीं थी। दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में बैठे छात्रों ने भी शिकायत की है कि अंतिम तीन दिनों (21 से 23 मई) के दौरान एनटीए का मुख्य सर्वर पूरी तरह ठप पड़ा था। विभिन्न ब्राउज़रों और हाई-स्पीड इंटरनेट का उपयोग करने के बावजूद वेबसाइट या तो लोड नहीं हो रही थी या अंतिम भुगतान (पेमेंट गेटवे) के चरण पर जाकर एरर दिखा रही थी।

**दांव पर करोड़ों का जेआरएफ बजट व करियर-**

**महत्वपूर्ण तिथियां:** संशोधित कार्यक्रम के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 23 मई थी, जबकि फॉर्म सुधार की अवधि 25 से 27 मई निर्धारित की गई है। परीक्षा 22 से 30 जून के बीच कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड में होनी है।

**असर:** हर साल इस परीक्षा में करीब 9 से 11 लाख अभ्यर्थी बैठते हैं। इस बार तकनीकी गड़बड़ी के कारण आवेदन दर में गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सीधे तौर पर देश का रिसर्च इकोसिस्टम प्रभावित होगा।

अब जब 25 मई से सुधार विंडो खुला , छात्र असमंजस में हैं कि जो प्रारंभिक पंजीकरण ही नहीं कर पाए, वे सुधार कैसे करें? छात्रों और छात्र संगठनों ने शिक्षा मंत्रालय से मांग की है कि वास्तविक कठिनाइयों को देखते हुए कम से कम 48 घंटे के लिए पंजीकरण पोर्टल को दोबारा लाइव किया जाए।

# अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप 'पैरीमैच' पर ईडी का शिकंजा

## अब तक 112 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज

**एजेंसी । मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुंबई जोनल ऑफिस ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत साइप्रस स्थित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 'पैरीमैच' के मामले में चल रही जांच के हिस्से के रूप में महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, दमन और उत्तर प्रदेश में 17 जगहों पर तलाशी अभियान चलाए। तलाशी के दौरान ईडी द्वारा लगभग 1.56 करोड़ रुपए की चल संपत्ति जब्त की गई, जिसमें लगभग 1.2 करोड़ रुपए की नकदी भी शामिल है। इसके अलावा, विभिन्न बैंक खातों में जमा लगभग 3.8 करोड़ रुपए की राशि को फ्रीज कर दिया गया है। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

ईडी ने मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में पैरीमैच के खिलाफ दर्ज एआआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इस एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि पैरीमैच ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के जरिए यूजर्स को धोखा दिया जा रहा था। जांच से अब तक मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने निवेशकों को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर ठगा और एक साल में 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की।

अब तक की जांच से पता चला है कि पैरीमैच और उसके सहयोगियों ने यूजर्स के पैसे इकट्ठा करने, उन्हें घुमाने और ट्रांसफर करने के लिए 'म्यूल अकाउंट्स', पेमेंट बिचौलियों और वित्तीय समावेशन चैनलों का एक जटिल नेटवर्क अपनाया था। कुछ मामलों में, यूजर्स द्वारा पैसे निकालने की प्रक्रिया बिना किसी सीधे बाहरी भुगतान के पूरी की गई यानी, प्लेटफॉर्म द्वारा नियंत्रित खातों से कोई सीधा भुगतान नहीं किया गया। इसके बजाय, अन्य यूजर्स द्वारा जमा की गई राशि को सीधे पैसे निकालने वाले यूजर के बैंक खाते या यूपीआई-आईडी में कई किस्तों में भेजा गया। ऐसा करके, उन्होंने पैसे के असली रास्ते को छिपाया और सीधे भुगतान के जुड़ाव से बचने की कोशिश की।

## ग्रामीण भारत में जल शासन

# 'सहभागी जल बजटिंग के जरिए समुदायों का सशक्तीकरण'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बढ़ती मांग, असमान वितरण और जलवायु की भिन्नता की वजह से ग्रामीण भारत में जल शासन में सुधार ज्यादा महत्वपूर्ण होता जा रहा है। भारत हर बूंद का हिसाब रख कर जल सुरक्षा, जलवायु अनुकूलता और संवहनीय भविष्य का निर्माण कर सकता है। जल बजटिंग समुदायों को उपलब्धता और मांग का आकलन करने में समर्थ बनाती है। इससे उन्हें कृषि, घरेलू जरूरतों और मवेशियों के लिए जल के इस्तेमाल के बारे में जानकारी के आधार पर फैसला करने में सहायता मिलती है। अटल भूजल योजना और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे केंद्र सरकार के कार्यक्रम तथा राजस्थान और महाराष्ट्र समेत विभिन्न राज्य सरकारों की पहलकदमियां



सहभागिता की रणनीति की प्रभावशीलता को रेखांकित करती हैं। प्रौद्योगिकी स्थानीय स्तर पर 'वरुणी वेब ऐप्लिकेशन' जैसे साधनों के इस्तेमाल से डाटा आधारित योजना निर्माण में सहायता के जरिए इन प्रयासों को मजबूती देती है। योजना निर्माण में जल बजटिंग को शामिल किए जाने, सामुदायिक भागीदारी और नीतिगत समर्थन से पानी के संवहनीय उपयोग को बढ़ावा मिलता है।

**भारत में जल संसाधन कार्यप्रणाली: मांग प्रबंधन और नीतिगत कदमों का एकीकरण**

जल पर्यावरणीय संवहनीयता और मानव कल्याण का एक मौलिक आधार है। विभिन्न क्षेत्रों में विकास की गति बरकरार रखने के लिए जल संसाधनों की उपलब्धता, वितरण और प्रबंधन महत्वपूर्ण है। केंद्रीय जल आयोग के ''अंतरिक्ष आदानों के उपयोग से भारत में पानी की उपलब्धता का पुर्नआकलन, 2019'' शीर्षक अध्ययन के अनुसार देश में औसतन सालाना लगभग 3880 अरब घन मीटर वर्षा होती है। अगर वाष्पण और अन्य प्राकृतिक कारणों से नुकसान को निकाल दें तो देश में औसत सालाना जल उपलब्धता 1999.20 अरब घन मीटर रहने का अनुमान है।

देश में जल की औसत सालाना उपलब्धता काफी हद तक जल-मौसम वैज्ञानिक और भूवैज्ञानिक कारकों पर निर्भर करती है। लेकिन पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता आबादी के आकार से भी निर्धारित होती है। आबादी में लगातार वृद्धि के साथ ही पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता घट रही है। इसके परिणामस्वरूप जल संसाधनों पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

विश्व की 17.5 प्रतिशत जनसंख्या और 11.6 प्रतिशत मवेशी संख्या भारत में है। इससे देश जल संसाधनों पर दबाव काफी बढ़ जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में 80 से 90 प्रतिशत जल का उपयोग कृषि में किया जाता है।

# बकरीद को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार के नियम नए नहीं, पहले से हैं ये कानून : शफीक कासमी

**एजेंसी । कोलकाता**


कोलकाता की नखोदा मस्जिद के इमाम शफीक कासमी ने बकरीद को लेकर पश्चिम बंगाल



सरकार के नए नियमों और व्यवस्थाओं पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि लोगों को किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जो नियम लागू किए गए हैं, वे नए नहीं बल्कि पुराने कानूनों को ही सख्ती से लागू किया जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि मुस्लिम समाज त्योहार को पूरी शांति और भाईचारे के साथ मनाएगा। इमाम शफीक कासमी ने कहा, "कानून कोई नया नहीं है। कानून पहले से मौजूद था। अब नई सरकार आने के बाद उसे ठीक तरीके से लागू किया जा रहा है। इसमें परेशानी की कोई बात नहीं है। अगर किसी जगह पर अनुमति नहीं मिलेगी, तो उसके विकल्प मौजूद हैं। हम कहीं और जाकर अपनी कुर्बानी और इबादत अच्छे से कर लेंगे। हम खस्सी-बकरी की कुर्बानी दे सकते हैं।"

उन्होंने रेड रोड पर बकरीद की नमाज को लेकर उठे विवाद पर कहा कि ऐसा नहीं है कि अनुमति पूरी तरह रद्द कर दी गई है, बल्कि जगह बदली गई है। उनके मुताबिक, "रेड रोड की जगह अब ब्रिगेड मैदान दिया गया है, जो काफी बड़ा मैदान है। इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है। लोग आराम से वहां नमाज पढ़ सकते हैं और अपना त्योहार मना सकते हैं। इमाम ने लोगों से अपील की कि बकरीद को लेकर किसी तरह का तनाव न लें और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि लोग नमाज पढ़ें, एक-दूसरे को गले लगाएं और मुबारकबाद दें।

इस दौरान उन्होंने कहा, "मवेशियों की कुर्बानी तो सिर्फ एक प्रतीक है, असली कुर्बानी यह है कि इंसान दूसरों के लिए अपने स्वार्थ छोड़ दे। अगर ट्रेन या बस में किसी बुजुर्ग, महिला या कमजोर व्यक्ति को सीट दे दी जाए तो वह भी एक तरह की कुर्बानी है। दूसरों की मदद करना, किसी को तकलीफ न पहुंचाना भी कुर्बानी का हिस्सा है।





झारखंड मंत्रालय परिसर में स्वर्गीय आत्माराम टेकरीवाल की पुण्य स्मृति में **महनंद राम आत्माराम टेकरीवाल फाउंडेशन** द्वारा प्रदत्त एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत 30 से अधिक अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 135 से अधिक लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया है। रांची के एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने किया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक सघन छापेमारी कर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

एसएसपी राकेश रंजन ने बुधवार को बताया कि "ऑपरेशन प्रहार" अपराध नियंत्रण, संगठित अपराध पर शिकंजा कसने और लंबित वारंटों के निष्पादन के उद्देश्य से चलाया जा रहा विशेष अभियान है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक सुनियोजित रणनीति तैयार की है, जिसके तहत समय-समय पर अभियान को दोबारा सक्रिय कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के दूसरे चरण में पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर कई ऐसे अपराधियों को पकड़ा, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को लगातार चकमा दे रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में कई वारंटी और गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित अपराधी भी शामिल हैं। अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे। पुलिस टीमों ने संवेदनशील इलाकों, अपराध प्रभावित क्षेत्रों और संदिग्ध ठिकानों पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्रवाई की। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि रांची पुलिस अपराधियों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर काम कर रही है और भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिजली, पानी और सड़क की समस्या पर प्रशासन से जवाबदेही तय करने की मांग



**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश प्रवक्ता एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने राज्य में बिजली कटौती, पानी की किल्लत, पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों तथा जर्जर सड़कों को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रशासनिक अधिकारियों को "भोज घरी कोहरा रोपने की संस्कृति" से बाहर निकलकर गंभीरता से जनसमस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना था कि गर्मी, जल संकट और बढ़ती मांग कोई नई समस्या नहीं है, इसलिए बढ़ती जनसंख्या और खपत के अनुपात में एडवांस प्लानिंग की आवश्यकता है। शैलेश सिन्हा ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग में एडवांस प्लानिंग विभाग होने के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची के कई वार्डों और मोहल्लों में सड़कों की स्थिति बेहद खराब है और मानसून आने के बाद लोगों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने रांची के उपायुक्त की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले के उपायुक्त देश के श्रेष्ठ प्रशासकों में गिने जाते हैं। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि उपायुक्त सभी विभागों एवं एडवांस प्लानिंग विभाग के साथ बैठक कर जनसमस्याओं के समाधान के लिए ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय रहते योजना बनाकर कार्य किया जाए तो बिजली, पानी, सड़क और अन्य बुनियादी समस्याओं से जनता को काफी राहत मिल सकती है।

# स्वास्थ्य विभाग की छवि खराब करने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई : इरफान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग में कथित अनियमितताओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए आरोपों पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता में तथ्यात्मक जवाब दिया। उन्होंने विपक्ष पर बिना तथ्यों के जनता को गुमराह करने और राज्य सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को राजनीतिक लाभ के लिए स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विभाग पर निराधार आरोप लगाने से बचना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य विभाग जनता की जिंदगी से जुड़ा विभाग है, जहां परिस्थितियों के अनुसार त्वरित निर्णय लेने पड़ते हैं। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि "फर्जीवाड़ा का हेड मास्टर बाबूलाल मरांडी हैं। वे एक सप्ताह के अंदर यह साबित करें कि जिन 251 एंबुलेंसों की बात कर रहे हैं, वे आखिर कहां पड़ी हैं। यदि वे अपने आरोपों का प्रमाण नहीं दे पाए, तो मैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराऊंगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को निम्न स्तर की राजनीति से बचना चाहिए। मंत्री ने आगे कहा कि "बाबूलाल जी के कई काले कारनामों की जानकारी मेरे पास भी है, लेकिन मैं उनका सम्मान करता हूं इसलिए व्यक्तिगत स्तर पर नहीं जाता। उन्होंने कहा कि दवाओं की खरीद के बाद उनकी गुणवत्ता की जांच अधिकृत लैब में कराई जाती है। जो दवाएं लैब टेस्ट में फेल हो जाती हैं अथवा जिनके आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते, उनका वितरण नहीं किया जाता। ऐसी दवाओं के खिलाफ किसी प्रकार का भुगतान भी नहीं किया गया है।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-तकनीकी प्रक्रियाओं को घोटाला बताकर जनता को भ्रमित कर रहा विपक्ष

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखना अनिवार्य होता है। कभी-कभी आवश्यकता नहीं होने या तकनीकी कारणों से कुछ दवाओं की समयावधि समाप्त हो जाती है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सरकार दवाओं का भंडारण बंद कर दे और जनता को असहाय छोड़ दे। वेयरहाउस में दवाओं के एक्सपायर होने के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकांश दवाएं लैब जांच या ड्रग कंट्रोल द्वारा अस्वीकृत किए जाने के कारण उपयोग में नहीं लाई गईं। उन्होंने बताया कि कुल दवा खरीद की तुलना में एक्सपायर्ड दवाओं की लागत एक प्रतिशत से भी कम है। साथ ही दवाओं के वितरण की पूरी प्रक्रिया सी-डैक के डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संचालित होती है। सीएजी द्वारा आयकर दायित्व पर उठाई गई आपत्ति को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इंडेंटर से प्राप्त राशि पर अर्जित ब्याज निगम की आय नहीं, बल्कि संबंधित इंडेंटर की राशि होती है। इस मामले में आयकर विभाग के समक्ष अपील दायर की जा चुकी है तथा 6 अप्रैल 2026 को सीएजी को आधिकारिक जवाब भी उपलब्ध करा दिया गया है। पीएल खाते की राशि को लेकर उठे सवालों पर उन्होंने कहा कि झारखंड ट्रेजरी कोड, 2016 के अनुसार दो वित्तीय वर्षों के बाद राशि सरेंडर करने का प्रावधान है, लेकिन योजनाओं की आवश्यकता को देखते हुए वित्त विभाग से री-वैलिडेशन की प्रक्रिया जारी है। इसका जवाब भी समय पर सीएजी को भेजा जा चुका है।

शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नियुक्ति मामले पर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को सिरे से खारिज करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनका पुराना अनुबंध आगे नहीं बढ़ाया गया था। अक्टूबर 2025 में विधिवत विज्ञापन प्रकाशित कर वॉक-इन-इंटरव्यू की पारदर्शी प्रक्रिया के तहत उन्हें फुल टाइम रिटेनरशिप के आधार पर नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति पूरी तरह नियमसम्मत है और इसकी जानकारी भी सीएजी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। 104 हेल्पलाइन सेवा को लेकर मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में गुणवत्ता एवं लागत आधारित पद्धति के तहत पारदर्शी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई थी। जांच के दौरान एक कंपनी द्वारा गलत अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के कारण उसके अंक कम किए गए और सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली संस्था मेसर्स बाबा कम्प्यूटर्स का चयन किया गया। 108 एम्बुलेंस सेवा पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में खरीदी गई सभी 206 एंबुलेंस पूरी तरह संचालित हैं। विशेषज्ञ समिति की जांच, एआरएआई प्रमाणन, आरटीओ रजिस्ट्रेशन और बीमा प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इन्हें सेवा में शामिल किया गया। नियमों के तहत रोड टैक्स में भी छूट प्राप्त की गई थी। कोरोना काल में स्थापित लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट को लेकर मंत्री ने कहा कि तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण प्रारंभिक योजना में संशोधन करते हुए 25 स्थानों पर 10 केएल क्षमता वाले प्लांट स्थापित किए गए।

जीएसटी दर में बदलाव के बाद विधि महाधिवक्ता की राय लेकर ही भुगतान प्रक्रिया अपनाई गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्लांट आपूर्ति करने वाली संस्था मेसर्स एमडीडी किसी भी प्राधिकरण द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं है। प्रेस वार्ता के अंत में डॉ. इरफान अंसारी ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि तकनीकी प्रक्रियाओं को तोड़-मरोड़कर जनता के बीच भ्रम फैलाना बंद करें। राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। यदि बिना सबूत के विभाग और सरकार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास जारी रहा, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दृष्टिपात

### चेक बाउंस मामले में जमीन ब्रोकर अशोक नायक को 1 साल की कारावास व जुर्माना

**रांची।** चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट) मामले न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अमित गुप्ता की अदालत ने जमीन ब्रोकर अशोक नायक को दोषी करार देते हुए 1 साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 9,75,000 का भारी-भरकम जुर्माना लगाया है, जिसे शिकायतकर्ता चंदन कुमार को बतौर मुआवजा दिया जाएगा। मामला साल 2023 का है। शिकायतकर्ता चंदन कुमार ने सामलोंग क्षेत्र में जमीन खरीदने के लिए आरोपी अशोक नायक को 7,50,000 दिए थे। सौदा तय न होने पर आरोपी ने पैसे वापसी के लिए बैंक ऑफ इंडिया का एक चेक जारी किया, जो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण बाउंस हो गया।कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि आरोपी ने खुद को बेकसूर साबित करने के लिए मिले 9 अवसरों का लाभ नहीं उठाया और न ही कोई सबूत पेश किया। कोर्ट ने 7.5 लाख की मूल राशि पर फरवरी 2023 से मई 2026 तक का 9% सालाना ब्याज जोड़कर कुल 9.75 लाख मुआवजा तय किया है। जुर्माना न भरने पर दोषी को 3 महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। आरोपी वर्तमान में रांची की होटवार जेल में बंद है।

### जंबोजेट नहीं, संतुलित प्रतिनिधित्व वाली कमेटी : केशव महतो कमलेश



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्पष्ट किया कि नई कमेटी कोई जंबोजेट नहीं है, बल्कि यह संतुलित प्रतिनिधित्व वाली एक ऐसी कमेटी है, जो जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती बनाने, कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हर लोकसभा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आठ से 10 पदाधिकारियों की एक विशेष संसदीय क्षेत्र कार्यकारिणी टीम तैनात की है। वर्तमान में पूरी कमेटी में 222 पदाधिकारी हैं, जिनमें से 206 लोगों को भौगोलिक और कार्यात्मक तौर पर फील्ड की जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है और वे सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इसमें एक कोषाध्यक्ष, 16 उपाध्यक्ष, 43 महासचिव, 37 पीसीसी को-ऑर्डिनेटर, 81 सचिव, 44 संयुक्त सचिव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत पार्टी ने काम को पूरी तरह विकेंद्रीकृत कर दिया है। प्रत्येक टीम में एक लोकसभा प्रभारी, एक सह-प्रभारी और सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग से प्रभारी व सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। ये टीमें गांवों और शहरी वार्डों में जाकर सीधे जनता से जुड़ेंगी। इसके लिए मासिक रूप से दिन निर्धारित किए गए हैं, जिसमें अनिवार्य क्षेत्रीय भ्रमण और जनसम्पर्क कार्यक्रम शामिल हैं।

### पंडित नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गई। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने ऐसे समय में देश का नेतृत्व किया, जब देश विभाजन की पीड़ा से गुजर रहा था और सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता के सूत्र में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनके पदचिह्नों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम ऐसे महान व्यक्तित्व की पुण्यतिथि मना रहे हैं, जिन्होंने पूरे हिन्दुस्तान में विशेषकर सृजन एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया। एचईसी एवं बोकारो स्टील प्लांट जैसी परियोजनाएं उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सतीश पॉल मुंजनी, गुंजन सिंह, राकेश सिन्हा, आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, राजीव रंजन प्रसाद, सूर्यकांत शुक्ला, सुनीत शर्मा, राजन वर्मा, मनोज सहाय पिंकू, अख्तर अली, गजेंद्र सिंह, राकेश किरण महतो, नेली नाथन, अजय सिंह, जितेंद्र त्रिवेदी, पिंकी सिंह, अंजनी रंजन, फिरोज रिजवी, तेज प्रकाश पांडेय, जगदीश साहु, नरेंद्र लाल गोपी, उमेश चौधरी एवं रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### झारखंड में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता : तेल कंपनियां

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने झारखंड के उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि राज्य में पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और निर्बाध बनी हुई है। सभी पेट्रोल पंपों तथा एलपीजी वितरक केंद्रों पर ईंधन की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है। कंपनियों ने बताया कि ईंधन आपूर्ति तंत्र, जिसमें टर्मिनल, बॉटलिंग प्लांट, डिपो, रिटेल आउटलेट एवं एलपीजी वितरक शामिल हैं, सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं और कहीं भी किसी प्रकार का व्यवधान नहीं है। रीयल-टाइम सप्लाई चेन सिस्टम के माध्यम से पूरे नेटवर्क की लगातार निगरानी की जा रही है। तेल कंपनियों के बीच बेहतर समन्वय के कारण किसी भी क्षेत्र में मांग बढ़ने की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा रहा है। अंतिम छोर तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त टैंक ट्रक एवं बल्क एलपीजी वाहनों की भी तैनाती की गई है। कंपनियों ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद ईंधन की उपलब्धता को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक भंडारण या पैनिक बायिंग से बचें और ईंधन संबंधी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। यह जानकारी झारखंड तेल उद्योग के राज्य स्तरीय समन्वयक डॉ प्रदीप पॉल द्वारा जारी की गई।

## पेज एक के शेष

### सभी जिलों में...

इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कुल 370 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च करने की स्वीकृति दी गई है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 में 42 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च करने की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित सूचनाएं देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पुरस्कार नीति को भी मंजूरी दी। इसके तहत नशे के कारोबार की सूचना देने वाले लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इसके अलावा, दुमका हवाई अड्डे से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में भी अहम फैसला लिया गया। कैबिनेट ने मौसम संबंधी सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए भारत सरकार के मौसम विभाग के साथ एमओयू करने पर सहमति दी है। कैबिनेट में गंभीर रूप से बीमार दिव्यांग कलाकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव ने बताया कि इस फैसले से राज्य के जरूरतमंद कलाकारों को राहत मिलेगी और उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा।

**कैबिनेट के अन्य**

- झारखंड सरकार की ओर से लोकहित में पुनर्वास/पुनर्स्थापन नीति के तहत विस्थापितों को आवंटित भू-भाग या नागरिकों की ओर से सार्वजनिक उपयोग के लिए दान की गई भूमि पर मुद्रांक और निबंधन शुल्क में छूट देने की स्वीकृति दी गई।
- केंद्र प्रायोजित योजना पीएम सेतु प्रधानमंत्री स्कीलिंग एंड इंप्लॉयब्लिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई के संचालन की स्वीकृति दी गई।
- गिरिडीह जिलांतर्गत बगोदर-सरिया अनुमंडल में गठित अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना में अधीनस्थ कर्मचारियों और पदाधिकारियों के 20 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।
- पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर अनुमंडल में गठित अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना में अधीनस्थ कर्मचारियों और पदाधिकारियों के 41 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक- 2026 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई।
- केंद्र प्रायोजित योजना एवं केंद्रीय सेक्टर योजना के अंतर्गत पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन स्किम (पीएम-अभीम) योजना को झारखंड में संचालित किए जाने के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कार्यकाल का विस्तार और एमओयू जारी रखने की स्वीकृति दी गई।

### सेप्टिक टैंक में...

मां को बचाने के लिए सबसे पहले उनका बेटा रवि साव टैंक में उतरा, लेकिन वह भी गैस की चपेट में आकर गिर पड़ा। इसके बाद रवि के चाचा मदन साव ने हिम्मत जुटाकर दोनों को बचाने की कोशिश की। वे भी उसी जहरीली गैस के शिकार हो गए। टैंक के भीतर मौजूद गैस इतनी खतरनाक थी कि तीनों में से कोई भी बाहर नहीं निकल सका और मौके पर ही दम तोड़ दिया। इधर, घर के अन्य सदस्य बेसहारा होकर यह मंजर देखते रह गए। अपनी पत्नी, बेटे और भाई को तड़पता देख आनंद साव ने भी उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वे भी गैस से प्रभावित होकर गंभीर रूप से बीमार हो गए। उन्हें तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में अवैध महुआ शराब निर्माण को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

### वन विभाग के...

साथ ही दोषी कर्मियों एवं संवेदकों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। इधर मामले में फॉरेस्टर दिवाकर दास ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की बात सामने आई है तो इसकी जांच कराई जाएगी।

### पंचायतों को सशक्त...

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि एसएचजी से जुड़ी माताओं बहनों को आगे बढ़ने के लिए कुछ व्यापक सहयोग किए जाएं, ताकि महिलाएं कुछ नया और बेहतर करें, जो सभी के लिए अनुकरणीय हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएचजी के उत्पाद की मैपिंग कर जेएसएलपीएस अंतर्गत कार्यरत डीपीएम और बीपीएम को बाजार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपे। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि जेएसएलपीएस के अंतर्गत 5 हजार नए सखी मंडल के गठन किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। 60 हजार परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य की समस्त सखी मंडलों के विकास के लिए बैंक से 5 हजार करोड़ रुपए ऋण उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य है। विभाग द्वारा ढाई लाख नए महिलाओं को आजीविका के विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि पूरे राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बाजार मिले, यह सुनिश्चित करें। दूसरे राज्यों के महत्वपूर्ण स्थानों पर भी 'पलाश मार्ट' जैसे विक्री केंद्र स्थापित हों, इस संबंध में कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मुख्य पर्यटन स्थलों में भी 'पलाश मार्ट' अथवा उसी अनुरूप अन्य विक्री केंद्र को स्थान मिले, इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर योजना को गति दें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि कांके रोड, रांची में बनाए जा रहे नवनिर्मित पलाश मार्ट भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस वर्ष और 6 'पलाश मार्ट' बनाए जाने का लक्ष्य है तथा आने वाले वर्षों में सभी जिलों में पलाश मार्ट भवन बनाए जाने की भी योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे प्रदेश के लिए पशुधन योजना बहुत ही प्रभावी योजना है, इस योजना को गति देते हुए ग्रामीण लोगों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य करें। मुख्यमंत्री सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में जूट प्रॉसेसिंग से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रॉ-मैटेरियल की क्या स्थिति है, इसमें सुधार एवं मार्केटिंग की कितनी संभावनाएं हैं, इस पर विशेष कार्य योजना बनाते हुए कार्य को गति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हनी (मधु) उत्पादन क्षेत्र में भी यहां असीम संभावनाएं हैं, इस पर बेहतर कार्य किया जा सकता है। विभाग वैसे क्षेत्रों को चिह्नित करे, जहां हनी का ज्यादा उत्पादन होता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी महिलाओं, दिव्यांग महिलाओं, वृद्ध महिलाओं तथा विधवा महिलाओं को भी सेल्फ हेल्फ ग्रुप से जोड़ें। विभाग एसएचजी की महिलाओं को नवाचार एवं आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दे। कलस्टर स्तर पर सेल्फ हेल्फ ग्रुप की निरंतर बैठकें हों तथा बैठक में लिए गए निर्णयों की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो इसकी रूपरेखा तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को बैंक से लिंकेज कराएं। प्रखंड स्तर पर स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दीदी कैफे का संचालन हो, इसके लिए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिफ्ट इरीगेशन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में बैठक कर वाटर मैनेजमेंट सिस्टम के बेहतर कार्यान्वयन के लिए ग्रामीणों को जोड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जल संचयन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। जब हम जल संचय पर बेहतर कार्य करेंगे, तभी लिफ्ट इरिगेशन की परियोजनाएं सफल होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जल संचयन से संबंधित जितनी भी योजनाएं हैं, उन योजनाओं को गति दें। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य कार्यक्रम, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना, युवा कौशल योजना, वाटरशेड योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर योजनाओं के संचालन में गति प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी (जेएसएलपीएस) अनन्य मित्तल सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### पंचायत स्तर पर...

उन्होंने विशेषज्ञों की मदद से पंचायत भवनों में भी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कार्य योजना तैयार करने तथा सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग रखने हेतु लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनों को पंचायत सचिवालय से मिलने वाली सभी सेवाओं का लाभ ससमय मिले। उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं उठाना पड़े। उन्होंने पंचायत में डिजिटल सेवाओं के विस्तार एवं योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण व्यक्तियों को लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा विकास कार्यों में पंचायत स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क से विकास को गति मिलेगी। इससे गांवों की आर्थिक गतिविधियां भी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय से ऑनलाइन माध्यम से बरहेट के पंचायत सचिवालय में चल रहे कार्यों एवं सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही, पंचायत सचिवालय में उपस्थित महिला लाभुक से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। बैठक के प्रारंभ में विभागीय सचिव ने विभिन्न भवनों परिसंपत्तियों का निर्माण, मरम्मत एवं नवीनीकरण संबंधी जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक पंचायती राज राजेश्वरी बी. एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड की दूसरी अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी अंपायर बनीं नीतू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** रांची की रहने वाली नीतू कुमारी महतो ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर के रूप में क्वालीफाई कर झारखंड को एक और बड़ी उपलब्धि दिलाई है। नीतू अब झारखंड की दूसरी महिला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर बन गई हैं। वह 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में आयोजित होने वाले अंडर-18 एशिया कप 2026 में अंपायरिंग करती नजर आएंगी। उनके चयन से राज्य के खेल जगत में खुशी का माहौल है।

नीतू का पूरा परिवार हॉकी से जुड़ा हुआ है। उनकी माता दुलारी टोपनो राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रह चुकी हैं और वर्तमान में हुलंडू में कोच के रूप में कार्यरत हैं। नीतू ने हॉकी की शुरुआती बारीकियां अपनी मां से ही सीखी थीं। दुलारी टोपनो की शिष्या खिली कुमारी भी इसी एशिया कप में भारतीय टीम की गोलकीपर के रूप में हिस्सा ले रही हैं। नीतू के परिवार में उनकी बहनें कंचन कुमारी और रानी कुमारी तथा भाई विजय महतो भी हॉकी खिलाड़ी हैं। उनके पिता कमल महतो हरदाग में होटल व्यवसाय से जुड़े हैं।

हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने नीतू की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और खिलाड़ियों को कोचिंग व ऑफिशिएटिंग जैसे क्षेत्रों से जोड़ना जरूरी है। महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा कि नीतू ने मेहनत और लगन के बल पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम किया है। वहीं उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने नीतू के साथ उनकी मां दुलारी टोपनो को भी बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज नीतू अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंची हैं। हॉकी रांची के अध्यक्ष माइकल लाल और सचिव जयंत केरकेट्टा ने भी नीतू की मेहनत, फिटनेस और शानदार अंपायरिंग की सराहना की। हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने नीतू कुमारी महतो को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आश्रिता लकड़ा झारखंड की पहली महिला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर बनी थीं और वर्तमान में हॉकी झारखंड की कोषाध्यक्ष हैं।

## पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित ने अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी । बेंगलुरु**

पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। बुधवार को बेंगलुरु में उन्होंने 74.82 मीटर का भाला फेंका। सुमित ने यह कारनामा 8वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की जैवलिन थ्रो F64 स्पर्धा में किया।उन्होंने पांचवें प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की।

**एशियन पैरा गेम्स में 73.29 मीटर का थ्रो किया था :** सुमित ने अपना ही पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले उन्होंने 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए एशियन पैरा गेम्स में 73.29 मीटर का थ्रो किया था। इस बार उन्होंने अपने पिछले बेस्ट प्रदर्शन से 1.53 मीटर ज्यादा दूरी हासिल की। रिकॉर्ड बनाने के बाद सुमित ने कहा, सोच रहा था कि वर्ल्ड रिकॉर्ड क्यों नहीं तोड़ पा रहा हूं। काफी समय हो गया था, लेकिन आज मैं यहां सिर्फ अपना पर्सनल बेस्ट करने आया था।

उन्होंने आगे कहा, मुझे खुशी है कि मैंने अपना रिकॉर्ड 1.5 मीटर बेहतर किया। उम्मीद है कि मैं और मेरी टीम आने वाले पैरा एशियन गेम्स में भी इससे बेहतर प्रदर्शन करेंगे।



### 7 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ चुके

सुमित अब तक सात बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। उन्होंने जून 2019 में इटली में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में 60.45 मीटर का भाला फेंककर पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उस मुकाबले में उन्होंने सिल्वर मेडल भी जीता था। इसके बाद नवंबर 2019 में दुबई में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 62.88 मीटर का थ्रो किया। मार्च 2021 में बेंगलुरु में हुई नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुमित ने 66.90 मीटर का थ्रो कर फिर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। अगस्त 2021 में टोक्यो पैरालंपिक के फाइनल में सुमित ने एक ही मुकाबले में तीन बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 66.95 मीटर, 68.08 मीटर और आखिर में 68.55 मीटर का थ्रो किया। इसी प्रदर्शन के साथ उन्होंने गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद जुलाई 2023 में पेरिस में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुमित ने पहली बार 70 मीटर का आंकड़ा पार किया। उन्होंने 70.83 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

**74.82** मीटर दूर भाला फेंका, दो बार पैरालंपिक में गोल्ड जीत चुके

## वर्ल्ड चैंपियन गुकेश नॉर्वे चेस के दूसरे दौर में हारे



**एजेंसी । नई दिल्ली**

नॉर्वे चेस टूर्नामेंट मंगलवार का दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए मिलाजुला रहा। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा को राउंड-2 में मजबूत स्थिति में आने के बाद हार झेलनी पड़ी। जबकि, महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने शानदार जीत दर्ज की। राउंड-2 के बाद अलीरेजा फिरोजा 6 अंक के साथ ओपन कैटेगरी के टॉप पर हैं, जबकि गुकेश और वेस्ली सो 2.5 अंक के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा 4.5 अंक के साथ पहले स्थान पर हैं। डी गुकेश ने अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ क्लासिकल मुकाबले में लंबे समय तक दबाव बनाए रखा। 116 चालों तक चले मुकाबले में वे जीत के करीब दिखे, लेकिन मुकाबला ड्रॉ हो गया। इसके बाद निर्णायक गेम में वेस्ली सो ने उन्हें हरा दिया। मैच के बाद वेस्ली सो ने कहा कि गुकेश का गेम उनकी रैंकिंग जैसा नहीं दिखा।

### दिव्या देशमुख ने हम्पी को मात दी

महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने अनुभवी कोनेरु हम्पी को आर्मगेडन में हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दिव्या ने कहा कि उन्हें नॉर्वे चेस के आर्मगेडन मुकाबले और कन्फेशन रूम का अनुभव काफी पसंद आ रहा है। कन्फेशन रूम में खिलाड़ी मैच के दौरान अपने विचार दर्शकों के साथ साझा करते हैं।

दूसरी ओर आर प्रज्ञानानंदा को फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने हराया। शुरुआत में प्रज्ञानानंदा बेहतर स्थिति में थे, लेकिन फिरोजा ने शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। लगातार दूसरी जीत के साथ फिरोजा अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

डिफेंडिंग चैंपियन मैग्नस कार्लसन को भी जर्मनी के विंसेंट कीमर ने कड़ी टक्कर दी।

## एशियाई खेलों में निशानेबाजी का पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले राजा रणधीर सिंह का 79 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय खेल जगत के वरिष्ठ प्रशासक, भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव एवं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के अध्यक्ष रहे राजा रणधीर सिंह के निधन पर खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई है। शोक संदेश में कहा गया कि भारतीय खेल जगत ने एक दूरदर्शी नेता, प्रख्यात खेल प्रशासक और ओलंपिक आंदोलन के मजबूत स्तंभ को खो दिया है। खेलों और खिलाड़ियों के विकास के प्रति उनका आजीवन समर्पण, उनकी दूरदृष्टि और खेल प्रशासन में दिए गए अमूल्य योगदान को सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। संदेश में यह भी कहा गया कि राजा रणधीर सिंह ने अपने नेतृत्व, गरिमा और खेल समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनका निधन भारतीय और एशियाई खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।



> *राजा रणधीर सिंह के निधन पर हार्दिक संवेदनाएं। वे केवल एक प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक ऐसे मार्गदर्शक थे जिन्होंने पीढ़ियों तक भारतीय खेल जगत को संवारा। ओलंपिक भावना के प्रति उनके जुनून ने अनेकों को प्रेरित किया। इस कठिन समय में उनके परिवार को भगवान शक्ति दे।। विनम्र श्रद्धांजली*
>
> **हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह**

टीएफआई ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार एवं समस्त खेल समुदाय को इस कठिन समय में शक्ति और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### उनकी उपलब्धियां

- **ऐतिहासिक स्वर्ण:** राजा रणधीर सिंह ने 1978 के बैंकॉक एशियाई खेलों में ट्रैप इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। वह एशियाई खेलों की शूटिंग में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले खिलाड़ी थे। ओलंपिक सफर: उन्होंने लगातार 5 बार (1968 से 1984 तक) ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था.
- **प्रशासनिक पद:** वह 1987 से 2010 तक भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के महासचिव रहे। इसके साथ ही, वे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के सदस्य और एशियाई ओलंपिक परिषद (OCA) के अध्यक्ष भी रहे
- **सम्मान:** खेलों में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें 1979 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.
- भारतीय खेल जगत और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक बिरादरी ने उनके निधन को एक अपूरणीय क्षति बताया

## शूटआउट में भारतीय महिला टीम ने मारी बाजी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बराबरी पर फ्रेंडली सीरीज

**पर्थ ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल करते हुए चार मुकाबलों की फ्रेंडली सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेहमान टीम ने आखिरी क्वार्टर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच को 1-1 से ड्रॉ कराया, जिसके बाद शूटआउट में मेजबान टीम को 4-2 से मात दी। मुकाबले के 10वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया ने ओलिविया डाउन्स के गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने पेनाल्टी कॉर्नर के कई मौके बनाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। ऑस्ट्रेलिया का डिफेंस मजबूत नजर आ रहा था, लेकिन 46वें मिनट में शीला चानू पुखरमबम ने आखिरी क्वार्टर में गोल करके भारत को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में मेहमान टीम 4-2 से विजयी रही, जिसमें नवनीत कौर, इशिका चौधरी, अन्नू और ऋतुजा दादासो पिसाल ने गोल किए।

## आईपीएल : सूर्यवंशी ने गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईपीएल में आज सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जा रहा है। हैदराबाद ने मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। राजस्थान ने 6 ओवर के बाद बिना किसी नुकसान के 80 रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर हैं। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 61 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं। इस मुकाबले को हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। वहीं, जीतने वाली टीम 29 मई को गुजरात टाइटंस से क्वालिफायर-2 मुकाबला खेलेगी।

### सनथ जयसूर्या सहित एक साथ कई दिग्गजों को छोड़ा पीछे

वैभव सूर्यवंशी ने जिस तरह से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी पारी का आगाज किया उसी के साथ उन्होंने अपने इरादों को जाहिर कर दिया था। इस मैच में पहले 6 ओवर्स का खेल जब खत्म हुआ तो उस समय तक वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से कुल 8 छक्के देखने को मिल चुके थे, जिसके साथ ही आईपीएल के इतिहास में एक पारी में पहले 6 ओवर्स में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वैभव सूर्यवंशी ने सनथ जयसूर्या सहित कई दिग्गजों को एक साथ पीछे छोड़ दिया था। वहीं वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में अब एक पारी में 10 या उससे अधिक छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल के बराबर पहुंच गए हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ब्लैक बॉक्स ने वित्त वर्ष 2026 में किया मजबूत प्रदर्शन, ऑर्डर बुक एक अरब डॉलर के पार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी कंपनी और अग्रणी डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस कंपनी ब्लैक बॉक्स लिमिटेड (बीएसईः 500463। एनएसईः बीबॉक्स) ने पूरे वित्त वर्ष 26 और मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए है। वित्तीय वर्ष 2026 के दौरान कंपनी ने प्रमुख वित्तीय और परिचालन मापदंडों में लगातार प्रगति दर्ज की, जिससे बेहतर मुनाफा, मजबूत नकदी प्रवाह और रणनीतिक सौदों में निरंतर प्रगति का समर्थन प्राप्त हुआ। बेहतर अवसरों की उपलब्धता, बेहतर व्यावसायिक मिश्रण और बढ़ते ऑर्डर बैकलॉग से भविष्य में निरंतर वृद्धि और विस्तार की मजबूत संभावनाएं बनती हैं। इस तिमाही और पूरे वर्ष के दौरान, ब्लैक बॉक्स ने प्रमुख ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना और जुड़ाव को गहरा करना जारी रखा, जिसके परिणामस्वरूप सौदों में निरंतर गति और निष्पादन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। कंपनी के बढ़ते ऑर्डर बैकलॉग से इसकी बेहतर व्यावसायिक प्रगति और दीर्घकालिक विकास संभावनाओं को और बल मिलता है। एक स्थिर परिवर्तनकारी आधार और अधिक केंद्रित व्यावसायिक रणनीति के बल पर, ब्लैक बॉक्स अपने मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों, विशेष रूप से डेटा सेंटर, में बढ़ती लोकप्रियता हासिल कर रहा है, साथ ही परिचालन दक्षता में सुधार और मुनाफे को बढ़ा रहा है। प्रमुख क्षेत्रों और रणनीतिक बाजारों में मजबूत




### वित्त वर्ष 2026 में मजबूत कारोबारी प्रदर्शन

- कंपनी ने प्रमुख वित्तीय और परिचालन मापदंडों में लगातार प्रगति दर्ज की
- बेहतर मुनाफा, मजबूत नकदी प्रवाह और रणनीतिक सौदों में वृद्धि देखने को मिली

### प्रमुख ग्राहकों के साथ संबंध हुए मजबूत

- ब्लैक बॉक्स ने बड़े ग्राहकों के साथ जुड़ाव और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया
- इससे नए सौदों और बेहतर निष्पादन को गति मिली

ऑर्डर प्रवाह के चलते, ब्लैक बॉक्स ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में भी मजबूत व्यावसायिक गति बनाए रखी।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 का समापन लगभग 792 मिलियन डॉलर (लगभग 7,000 करोड़ रुपए) के ऑर्डर बैकलॉग के साथ किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है। इससे राजस्व में मजबूत स्थिरता आई और वित्त वर्ष 2027 की ठोस शुरुआत के लिए व्यवसाय को तैयार किया। ब्लैक बॉक्स ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में प्रमुख वित्तीय मापदंडों में स्थिर वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में राजस्व 9 प्रतिशत बढ़कर 1,691 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 1,545 करोड़ रुपए था। वहीं, ईबीआईटीडीए 12 प्रतिशत बढ़कर 164 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 147 करोड़ रुपए था। परिचालन दक्षता और व्यावसायिक गुणवत्ता में सुधार को दर्शाते हुए, पीएटी 7 प्रतिशत बढ़कर 65 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 60 करोड़ रुपए था। इस तिमाही के दौरान, ब्लैक बॉक्स को 377 मिलियन डॉलर (लगभग 3,331 करोड़ रुपए) के नए ऑर्डर मिले, जबकि वित्त वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में कुल ऑर्डर बुकिंग 626 मिलियन डॉलर (लगभग 553 करोड़ रुपए) थी। यह बढ़ती ग्राहक मांग और बेहतर सौदे रूपांतरण गति को दर्शाता है। इस तिमाही के दौरान मिले प्रमुख ऑर्डरों में एक प्रमुख अमेरिकी वैश्विक हाइपरस्केलर से 75 मिलियन डॉलर (लगभग 663 करोड़ रुपए) का डेटा सेंटर सेवा अनुबंध, 31 मिलियन डॉलर (लगभग 277 करोड़ रुपए) का एक अन्य अनुबंध और एक प्रमुख अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ 90 मिलियन डॉलर (लगभग 795 करोड़ रुपए) से अधिक का बहुवर्षीय रणनीतिक अनुबंध शामिल है।

## मुंबई : भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद



**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हल्के लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 141.90 अंक या 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,867.80 और निफ्टी 6.55 अंक या 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,907.15 पर था। लार्जकैप में बिकवाली देखी गई, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 259.95 अंक या 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,558.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 27.10 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,294.30 पर था। सूचकांकों में निफ्टी मीडिया 3.05 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। निफ्टी एनर्जी 1.77 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 1.67 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो 1.45 प्रतिशत, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 1.31 प्रतिशत, निफ्टी कमोडिटीज 1.04 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 0.44 प्रतिशत और निफ्टी रियल्टी 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.69 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.46 प्रतिशत, निफ्टी सर्विसेज 0.34 प्रतिशत और निफ्टी ऑयल एंड गैस 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## युवाओं के लिए खुशखबरी : बीएसएनएल ने जारी किया जेटीओ भर्ती नोटिफिकेशन, 4 जून से शुरू होंगे आवेदन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) में नौकरी करने की इच्छा रखने वालों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, बीएसएनएल ने सीधी भर्ती कोटा के तहत दूरसंचार क्षेत्र में जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर (जेटीओ) के कुल 100 पदों पर भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। बीएसएनएल की ओर से जारी रिक्तियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 4 जून के सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगी और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई के सुबह 10 बजे तक तय की गई है। ऐसे में जो उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, उन्हें बीएसएनएल की ऑफिशियल पोर्टल पर आवेदन लिंक सक्रिय होने के बाद से तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरा करने की सलाह दी जाती है। वहीं, जिन अभ्यर्थियों से





एप्लीकेशन फॉर्म भरते समय कुछ गलती हो जाएगी, उनके लिए पत्र में त्रुटि को सुधार करने का विंडो आधिकारिक वेबसाइट पर 4 जुलाई के सुबह 10 बजे से 11 जुलाई के सुबह 10 बजे तक सक्रिय रहेगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास केंद्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडियो, कंप्यूटर, विद्युत, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), या इंस्ट्रूमेंटेशन विषयों में से किसी एक में इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री या समकक्ष योग्यता या एमएससी (इलेक्ट्रॉनिक्स) या एमएससी (कंप्यूटर विज्ञान) होना चाहिए। वहीं, निर्धारित विषयों में एमटेक की डिग्री प्राप्त कर चुके उम्मीदवार भी अप्लाई कर सकते हैं। आवेदकों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष तय की गई है, जिसकी गणना आवेदन के अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी। वहीं, आरक्षित श्रेणी से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। योग्य अभ्यर्थियों का चयन कंप्यूटर आधारित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा, चिकित्सा परीक्षण और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद चयनित कैंडिडेट्स की सैलरी 16,400 से 40,500 रुपए के बीच प्रति माह होगी। वहीं, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) अगस्त में आयोजित होने की संभावना है। एप्लीकेशन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों को अपने वर्ग अनुसार निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा, जो यूआर/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए 2,000 रुपए और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों के लिए 1,000 रुपए तय किया गया है।

## अदाणी समूह का मार्केटकैप करीब 20 लाख करोड़ हुआ, 2026 में जोड़े 5 लाख करोड़ रुपए

**एजेंसी । अहमदाबाद**

अदाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तेज वृद्धि देखने को मिली है और इससे ग्रुप का कुल मार्केटकैप बढ़कर करीब 20 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और निवेशकों के विश्वास के कारण अदाणी समूह का बाजार मूल्यांकन इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 5 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है। समूह की कंपनियों में, इस वर्ष अदाणी पावर ने बाजार मूल्यांकन में सबसे अधिक योगदान दिया है। कंपनी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 4,79,167 करोड़ रुपए




है, जो इसे समूह की सबसे मूल्यवान कंपनी बनाता है। इसने 2026 में अब तक अपने बाजार पूंजीकरण में 2,02,511 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) 4,20,611 करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि अदाणी एंटरप्राइजेज का मार्केट 3,82,634 करोड़ रुपए है।

## बैंकिंग क्षेत्र 'विकसित भारत' विजन में निभाएगा अहम भूमिका : एसबीआई चेयरमैन

**मुंबई।** बैंकिंग सेक्टर पूंजी, उद्यमिता और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाकर विकसित भारत विजन में अहम भूमिका निभाएगा। यह जानकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन सीएस शेट्टी की ओर से बुधवार को दी गई। बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए सेट्टी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र पूंजी जुटाने, बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग देने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और पूरे देश में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगा। सेट्टी ने कहा, "देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में, हम इस भूमिका के साथ आने वाले अवसर और जिम्मेदारी दोनों को पहचानते हैं।